वर्ष : 326 अंक : 08 लखनऊ मंगलवार, 3 दिसंबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-


# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 6:40
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम : 27:00°
न्यूनतम : 13:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **




सारा अली खान को मिला नया ब्वॉयफ्रेंड! 10

निर्माण कार्यों में कोताही नहीं बर्दाश्त: योगी 2 | कांग्रेस के लिए प्रियंका झरोखे से झांकती... 6 | मनी लाड्रिंग के आरोपी को मंत्री बनाने पर सुप्रीम... 12

# बांग्लादेश के खिलाफ देश में मुखर विरोध

**एजेंसियां। अगरतला/कोलकाता/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का विरोध अब मुखर और हिंसक होने लगा है। सोमवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में भीड़ ने तोड़फोड़ की। उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की तैनाती का आह्वान किया और पड़ोसी देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की। दूसरी ओर हिंदू आध्यात्मिक नेता की रिहाई को लेकर साधु-संतों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर किया जोरदार प्रदर्शन किया और आवश्यक सामान लाने और ले जाने वाले वाहनों को बार्डर पर रोक दिया।

## नाराज लोगों का अगरतला में बांग्लादेशी उच्चायोग परिसर में हमला, तोड़फोड़

**अगरतला।** त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सोमवार को बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में तोड़फोड़ की गई। उधर केंद्र सरकार ने इस घटना पर अफसोस जाहिर किया है और राजधानी स्थित उच्चायोग और अन्य शहरों में स्थित बांग्लादेश के मिशनों की सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

सोमवार को 50 से अधिक प्रदर्शनकारी अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग परिसर में घुस गए थे। अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त कार्यालय के निकट विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) से संबद्ध हिंदू संघर्ष समिति के बैनर तले एक रैली निकाली गई थी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में तोड़-फोड़ की।



अगरतला में सोमवार को बांग्लादेश उच्चायोग परिसर में तोड़फोड़ के बाद तैनात सुरक्षा बल के जवान।

### घटना अफसोसजनक : भारत

दूसरी ओर, विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि अगरतला में बंगलादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में तोड़फोड़ की हुई घटना बेहद अफसोसजनक है। बयान में विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, "किसी भी परिस्थिति में राजनयिक और वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।"

## बांग्लादेश में शांति सेना तैनात हो : ममता बनर्जी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की तैनाती का आह्वान किया और पड़ोसी देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की। पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि भारत सरकार इस मामले को संयुक्त राष्ट्र के समक्ष उठा सकती है। इसलिए एक शांति सेना बांग्लादेश भेजी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास परिवार हैं, संपत्तियां हैं और बांग्लादेश में प्रियजन। भारत सरकार इस पर जो भी रुख अपनाएगी, वह हमें स्वीकार है।' लेकिन हम दुनिया में कहीं भी धार्मिक आधार पर अत्याचार की निंदा करते हैं और केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील करते हैं।

ममता ने दावा किया कि उन्होंने इस्कॉन की कोलकाता इकाई के प्रमुख से बात की थी और अपना समर्थन देते हुए कहा था कि अगर बांग्लादेश में भारतीयों पर हमला किया गया, तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## संतों का भारत-बांग्लादेश सीमा पर किया जोरदार प्रदर्शन, वाहनों को रोका

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे अत्याचार और आध्यात्मिक संत चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई के लिए सोमवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक हजार से अधिक साधु-संतों ने प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय संत समिति के बैनर तले साधु संत सोमवार सुबह से ही पेट्रापोल सीमा चौकी से करीब 800 मीटर दूर धरना स्थल पर पहुंचने लगे थे। इस बीच विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बुधवार को पेट्रापोल सीमा पर प्रदर्शन कार्यक्रम की भी घोषणा की । 'हिंदू जागरण मंच' और अन्य धार्मिक समूहों के सदस्यों के भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की संभावना है। सोमवार को भाजापा नेता शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में कृष्ण दास की रिहाई के लिए बांग्लादेश सीमा पर पहुंचकर भाजपा कार्यकतार्ओ, आम लोगों और भिक्षुओं ने सामान लेकर बांग्लादेश जा रहे ट्रकों को रोक दिया, जिससे पूरे दिन बांग्लादेश के साथ कारोबार प्रभावित रहा। कहा जा रहा है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो बांग्लादेश में कुछ दिनों में आवश्यक वस्तुओं की कमी हो जाएगी।



भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोमवार को संतों ने हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू

**केन्द्रपाड़ा।** ओडिशा स्थित भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। राजनगर मैंग्रोव वन (वन्यजीव) प्रभाग के 'प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) सुदर्शन गोपीनाथ जादव ने बताया कि शीतकाल की शुरूआत में, सैंडपाइपर, प्लोवर, बत्तख, हंस, बगुला, जलकाग, स्पूनबिल, इग्रेट जैसी तटीय पक्षी प्रजातियां बरुनेई मुहाना, चाताका, प्रहराजपुर, बागगाहन, सातभया और रायतापटिया में एकत्र होने लगी हैं।

### संयुक्त सैन्य यूएई में अभ्यास करेंगे

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देश 2026 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 'पेनिनसुला शील्ड नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे। खाड़ी देशों ने 2024 में संयुक्त सैन्य अभ्यासों की एक श्रृंखला में 2026 के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में पेनिनसुला शील्ड संयुक्त अभ्यास आयोजित करने की उम्मीद है, जो संयुक्त सैन्य सहयोग प्रक्रिया का परिणाम होगा।"

### तमिलनाडु में भूस्खलन परिवार फंसे

**तिरुवन्नामलाई।** तमिलनाडु में चक्रवात 'फेंगल के कारण हुई भारी बारिश के बाद तिरुवन्नामलाई में अन्नामलाईयार पहाड़ियों की निचली ढलान पर स्थित एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसमें दो परिवारों के पांच बच्चों सहित सात सदस्यों के फंसे होने की आशंका है।

### भोपाल गैस त्रासदी पर श्रद्धांजलि सभा

**भोपाल।** गैस त्रासदी की 40 वीं बरसी के अवसर पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड पर गैस पीड़ित संगठनों की ओर से संकल्प एवं श्रद्धांजलि सभा का आज आयोजन किया जाएगा।

### 'जहां मुस्लिम नमाज अदा करें, वही वक्फ संपत्ति'

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन बिल पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य और तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। उनके बयान पर जेपीसी के चीफ और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी नाराजगी जाहिर की है और उन्हें नसीहत दी है कि वह समिति के बाहर कोई बयान देने से बाज आएं और जो कुछ कहना है वह समिति के अंदर कहें।

## महाकुंभ मेला प्रदेश का नया जिला, अधिसूचना जारी

### चार तहसीलों के 67 राजस्व गांव जिले में किए गए शामिल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ से पहले संगम और आसपास के क्षेत्र को महाकुंभ मेला जिला घोषित कर दिया गया है। शासन के निर्देश पर प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने महाकुंभ 2025 के आयोजन के लिए महाकुंभ मेला जिला घोषित कर दिया है। इस जिले में संपूर्ण परेड क्षेत्र के साथ ही संगम के आसपास की चार तहसीलों के 67 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। डीएम की ओर से जारी अधिसूचना में इन गांवों का ब्योरा भी दिया गया है।

शासन ने महाकुंभ मेला क्षेत्र को नया जिला घोषित करने के लिए 25 नवंबर को आदेश भेजा था। महाकुंभ मेला नया जिला घोषित होने के साथ यूपी में 76 जिले और प्रयागराज मंडल में पांच जिले हो गए। मंडल में प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर के साथ अब महाकुंभ मेला जिला शामिल हो गया है।



जिलाधिकारी ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण, प्रयागराज अधिनियम 2017 की धारा 2 (ठ) के तहत मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए महाकुंभ मेला 2025 के आयोजन के लिए नए जिले की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक नए जिले में मेलाधिकारी कुंभ मेला को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 14 (1) और अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट व उक्त संहिता के अधीन जिला मजिस्ट्रेट के समस्त अधिकार और यूपी राजस्व संहिता 2006 (उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2016 की धारा 12 और अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत उक्त जिले में अतिरिक्त कलेक्टर नियुक्त करते हुए समस्त श्रेणी के मुकदमों में कलेक्टर के समस्त अधिकारों का उपयोग करने और कलेक्टर के समस्त कार्य करने के अधिकार प्राप्त होंगे।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़, सात नक्सली ढेर

**रांची।** नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने तेलंगाना के मुलुगु जिले में सात खूंखार नक्सलियों को मार गिराया। एसपी मुलुगु डॉ. शबरीश ने जानकारी देते हुए बताया कि एतुरुनगरम वन क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने कहा कि तेलंगाना पुलिस के विशिष्ट नक्सल विरोधी बल और उग्रवादियों द्वारा ग्रेहाउंड्स के बीच इटुरनगरम के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ शुरू हुई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। घटनास्थल से जब्त किए गए हथियारों में दो एके 47 राइफलें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए लोगों में से एक की पहचान प्रतिबंधित सीपीआई की तेलंगाना राज्य समिति के सचिव कुरसम मंगू उर्फ भद्रू के रूप में हुई है।

## संभल पहुंचे सपाई, गिरफ्तार लोगों से जेल में मिले

### मुलाकात करने वालों में डॉक्टर एसटी हसन, समरपाल सिंह, नवाब जान खान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**संभल।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुरादाबाद के पूर्व महापौर डॉ एसटी हसन के नेतृत्व में संभल पहुंचा और हिंसा के आरोपियों से जेल में जाकर मुलाकात की। जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए पहले से पर्ची जमा की गई थी।

जेल में मुलाकात करने वालों में पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन, अमरोहा जिले की नौगावां सादात विधानसभा सीट से विधायक समरपाल सिंह, ठाकुरद्वारा सीट से विधायक नवाब जान खान समेत कुल 15 लोग शामिल थे।

पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन ने अपने बयान में कहा है कि संभल हिंसा के बाद काफी लोग यहां जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर हिंसा के दौरान ऐसे कई मासूम तमाशबीन भी फंस जाते हैं, जिनका बवाल से कोई लेना-देना नहीं होता है। उन लोगों को ढांढस बढ़ाने के लिए हम लोग जेल में उनसे मिलने आए थे, ताकि उन्हें जेल से बाहर लाने के लिए हर संभव कानूनी मदद की जा सके। विपक्ष द्वारा बार-बार संभल जाने को लेकर हमलावर भाजपा द्वारा संभल को सियासी टूरज्म बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो लोग मणिपुर में हिंसा के बावजूद वहां के हालात की जानकारी लेने की जहमत नहीं उठाते हैं, ऐसे में उनको संभल जाना टूरज्मि लगता है।

गौरतलब है कि संभल में हरिहर मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में अदालत के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमीश्नर टीम द्वारा किए गए सर्वे को लेकर बवाल हो गया था।



संभल मामले में गिरफ्तार लोगों से मिलने जाता सपा प्रतिनिधिमंडल।

## लोक निर्माण विभाग का इंजीनियर घूस लेते रंगे हाथ हुआ गिरफ्तार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** हरदोई के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में तैनात एक इंजीनियर को विजिलेंस की टीम ने सोमवार को रिश्वत लेते लखनऊ में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीएमजीएसवाई योजना के तहत बनी सड़क के लिए ठेकेदार को 40 लाख का भुगतान होना था। इसके एवज में इंजीनियर ने ठेकेदार से दस लाख रुपए घूस मांगे थे। घूस की पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपए लेते हुए विजलेंस की टीम ने इंजीनियर को धर दबोचा। उसके खिलाफ केस दर्ज कर अगली कार्रवाई में टीम जुटी हुई है।

बताया जाता है कि लखनऊ के ही निवासी ठेकेदार महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने

» 40 लाख के भुगतान के लिए ठेकेदार से मांगे दस लाख

पुलिस अधीक्षक उप्र सतर्कता अधिष्ठान से शिकायत की थी कि लोक निर्माण विभाग हरदोई में तैनात इंजीनियर सतेंद्र यादव उससे दस लाख रुपए की घूस मांग रहा है। बताया था कि पीएमजीएसवाई योजना में उसने लोक निर्माण विभाग से टेंडर प्राप्त करके सड़क का निर्माण किया था। इसका 40 लाख रुपए का भुगतान मिलना शेष है। अवर अभियंता सतेन्द्र यादव ने मेरे 40 लाख के बिल को रोक रखा था और भुगतान के लिये मुझसे दस लाख रुपए मांग रहा है।

## विपक्ष माना, आज से संसद में थमेगा हंगामा!

### लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के नेताओं के साथ बैठक की

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार गतिरोध के बीच सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सदनों के नेताओं के साथ बैठक की। समझा जा रहा है कि इस बैठक में सदन की कार्यवाही को लेकर सहमति बन गई है। यानी संसद के शीतकालीन सत्र में जारी गतिरोध मंगलवार को टूट सकता है। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'बैठक में कुछ दिनों से सदन में जो गतिरोध बना हुआ था, उस पर सबने चिंता व्यक्त की। हमने भी कहा कि सदन में सब अपनी बात रखने के लिए आते हैं। सदन इतने दिनों तक नहीं चलना और जनता के पैसों का इतने दिन तक नुकसान होना, ये ठीक नहीं है। सबने इस बात को माना है और विपक्ष की ओर से भी कई मांग रखे गए। व्यापार सलाहकार समिति में संविधान पर चर्चा होने का जो प्रस्ताव था, उस पर सरकार ने मंजूरी दी है। 13 और 14 तारीख को संविधान पर चर्चा होगी। पहले लोकसभा में चर्चा करेंगे और 16-17 को राज्यसभा में चर्चा होगी। कल से चर्चा शुरू होगी और कल हम सदनों में पहला बिल पास करेंगे।'



**विपक्ष भी सहमत**

विपक्ष से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सरकार की तरफ से संसद में संविधान पर चर्चा की तिथि पर विपक्ष को कोई आपत्ति नहीं है। की घोषणा सोमवार शाम की जा सकती है। विपक्ष के एक सीनियर नेता ने बताया, 'सरकार संविधान पर चर्चा की तिथि की घोषणा को लेकर सहमत है, ऐसा होने पर संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सकती है।'

सूत्रों ने यह भी कहा कि चर्चा में समाजवादी पार्टी को संभल की हिंसा का मुद्दा और तृणमूल कांग्रेस को बांग्लादेश के मामले को उठाने का मौका मिल सकता है। बीते 25 नवंबर से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र में अब तक गतिरोध बना हुआ है।

## फर्जी गैंगस्टर की कार्यवाई पर बदायूं में दस पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं में मुस्लिम परिवार के साथ मारपीट और फर्जी तरीके से गैंगस्टर की कार्रवाई के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पीड़ित ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर लूटपाट और मारपीट की शिकायत है। पुलिसकर्मियों ने फर्जी तरीके से गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया। कोर्ट ने पीड़ित की शिकायत पर एक इंस्पेक्टर, एक दरोगा समेत 10 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

मामला 2023 का है। मूसाझाग थाना क्षेत्र के रहने वाले सिराजुद्दीन ने कोर्ट को दिए शिकायती प्रार्थना में बताया है कि मूसाझाग थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर और

» मुस्लिम परिवार पर ज्यादती में इंस्पेक्टर-दरोगा भी नपे

दरोगा ने मिलकर एक मुस्लिम परिवार को प्रताड़ित किया। इसमें आठ और पुलिसकर्मी शामिल हुए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि ये सभी पुलिसकर्मी एक दिन उसके घर में घुसकर पूरे परिवार पर जुल्म किया। जाते-जाते घर में लूटपाट भी किया। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया, तो उसके ऊपर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज करा दिया गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कोर्ट को आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर इंस्पेक्टर, दरोगा समेत 10 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

**आंदोलन** बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस ने क्रेन-कंटेनर खड़े किए, तीन घंटे बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे की एक लेन खोली

# प्रदेश के पांच हजार किसानों ने भरी हुंकार, दिल्ली किया कूच

**विश्ववार्ता टीम**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के पांच हजार किसानों ने दिल्ली के लिए कूच कर दिया है। पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए दिल्ली-यूपी को जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर पर जगह-जगह बैरिकेडिंग की है। वज्र वाहन और आरएएफ के जवान तैनात हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वाहनों की चेकिंग के चलते पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। नोएडा एक्सप्रेस-वे पहले दोनों तरफ से बंद हो गया, लेकिन बाद में एक लेन खोल दी गई। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें दिल्ली जाने से रोका गया, तो बॉर्डर पर दिन-रात डेरा डालकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे।

इससे पहले, दोपहर 12 बजे किसान नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए। संसद का घेराव करने के दिल्ली की तरफ बढ़े, तो पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर उन्हें रोक दिया। किसानों की पुलिस से नोकझोंक हो गई।

पहली दिसंबर को किसानों ने अपनी चार मांगों को लेकर नोएडा डीएम मनीष वर्मा और ग्रेटर नोएडा, यमुना, नोएडा अथॉरिटी के सीईओ के साथ बैठक की थी। तीन घंटे तक चली बैठक बेनतीजा साबित हुई थी। एक साल पहले भी इन्हीं मांगों को लेकर किसान संगठनों ने दिल्ली कूच किया था। इस बार किसानों की अगुआई भारतीय किसान परिषद के सुखबीर खलीफा, भारतीय किसान यूनियन के पवन खटाना कर रहे हैं।



सोमवार को दिल्ली रवाना हुए किसान।

### किसानों की मांगें

1. किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले 10 प्रतिशत प्लॉट दिया जाए।
2. 64.7 फीसदी की दर से किसानों को मुआवजा मिले।
3. नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार, बाजार दर का 4 गुना मुआवजा दिया जाए।
4. भूमिधर, भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के सभी फायदे दिए जाएं।

### हाईवे न रोकें : सुप्रीमकोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाले खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को नसीहत दी है। अदालत ने सोमवार को सुनवाई के दौरान किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से कहा कि आप प्रदर्शनकारी किसानों को समझाएं कि वे राजमार्गों को बाधित न करें और लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखें। डल्लेवाल को पुलिस ने खनौरी बॉर्डर से उठा दिया था, लेकिन अब कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि उन्हें पुलिस ने कथित हिरासत से रिहा कर दिया है। इसके बाद वह एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। उनके साथ कई किसान एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने समेत कई मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। डल्लेवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन लोगों को असुविधा नहीं होने दें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयां की बेंच ने कहा कि 26 नवंबर को खनौरी बॉर्डर से डल्लेवाल को उठाया गया था। अब वह फिर से रिहा हो गए हैं और अपने साथियों को समझाते हुए भी दिखे कि वे आमरण अनशन समाप्त कर दें।

## पेरियार की मूर्ति तोड़ने वाले भाजपा नेता को जेल



**चेन्नई।** चेन्नई की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एच. राजा को सोमवार को दो मामलों में दोषी ठहराया और सजा सुनायी। इनमें से एक मामला द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोई के खिलाफ टिप्पणी और दूसरा कुछ साल पहले राज्य में पेरियार की मूर्तियां गिराने से संबंधित है। सांसदों/विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवायी करने वाली विशेष अदालत ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव राजा को दोनों मामलों में छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनायी और जुर्माना लगाया।

अदालत ने सजा 30 दिनों के लिए निलंबित कर दी, ताकि वह आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकें।

## पीएचसी-सीएचसी में होंगे शिफ्ट आयुर्वेद-यूनानी अस्पताल

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के तमाम आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सालय किराए के भवनों में चल रहे हैं। तमाम भवन भी पुराने हैं। ऐसे में खानापूरी ही हो रही है। अब इन अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के भवन में शिफ्ट किया जाएगा। यदि किसी डॉक्टर ने अस्पताल में दवा होते हुए भी बाहर की दवा लिखी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अस्पतालों से गायब रहने वाले आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सकों पर भी शिकंजा कसेगा।

आयुष विभाग से जुड़े अस्पतालों की दशा सुधारने को शासन ने कई स्तर पर पहल की है। आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी के तमाम अस्पताल सफेद हाथी बने हुए हैं। डॉक्टरों के गायब रहने से अस्पतालों और डिस्पेंसरियों पर ताले लटके रहते हैं। इसे लेकर हालिया दिनों में बड़ी संख्या में कार्रवाई भी की गई है। आयुष विभाग की प्रमुख सचिव ने इस संबंध में कई निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी उचित कारण के बिना चिकित्साधिकारी अस्पताल में अनुपस्थित पाया जाएगा तो उसके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई का प्रस्ताव तत्काल निदेशक आयुर्वेद को भेजा जाएगा। मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सभी क्षेत्रीय आयुर्वेद व यूनानी अधिकारियों को समय से दवाओं की डिमांड भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इन अधिकारियों को अपने अधीनस्थ सभी अस्पतालों में आयुष औषधियों की स्थिति एवं ओपीडी व भर्ती मरीजों की स्थिति पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। विभाग द्वारा उपलब्ध बजट को तय समय सीमा में खर्च करते हुए आयुर्वेद निदेशालय के वित्त नियंत्रक से प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराना होगा।

## संभल की ओर कूच कर रहे कांग्रेस नेताओं को जबरन रोका

### लखनऊ में अजय राय को पुलिस ने रोका, धरना-प्रदर्शन शुरू

» कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट घर पर पुलिस बल तैनात



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ/संभल।** समाजवादी पार्टी के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता संभल जाने की जिद पर अड़े रहे। लखनऊ समेत तमाम जिलों में कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने या तो नजरबंद किया है या फिर उन्हें रोका गया है। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने रोका । उधर गाजियाबाद में नसीमुद्दीन सिद्दीकी को रोका गया है। अमरोहा में ओमकार सिंह कटारिया, फैज आलम और सुखराज सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है तो वहीं मुरादाबाद में कांग्रेस नेता सचिन चौधरी को अरेस्ट किया गया है।

उत्तर प्रदेश के हापुड़ में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी के संभल जाने की सूचना पर उनको हाऊस अरेस्ट कर दिया गया। रविवार रात्रि से ही उनके आवास पर पुलिस लगा दी गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि जिलाध्क्ष मिथुन त्यागी सोमवार को संभल जा सकते है।

इस बात की सूचना मिलने के बाद पुलिस उनके झड़ीना गांव में पहुंच गई और रविवार की रात्रि में ही उनको नजरबंद कर दिया गया। मिथुन त्यागी ने कहा कि पुलिस का यह कृत ठीक नहीं है। वह नेताओं को संभल में नहीं जाने दे रही है। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठता है। गौरतलब है कि पुलिस की तरफ से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नोटिस देकर संभल जाने का फैसला रद्द करने को कहा गया था।

पुलिस ने नोटिस में कहा है कि संभल में बीएनएस की धारा 163 लागू होने की वजह से उन्हें वहां जाने की अनुमति नहीं है। बावजूद इसके करीब 12 बजे अजय राय लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय से पार्टी के अन्य नेताओं संग बस में सवार होकर संभल के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिसके बाद कोंग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। अजय राय धरने पर भी बैठे

**अब 10 दिसंबर के बाद जाएगा डेलीगेशन:** हालांकि, पुलिस की सख्ती के बाद संभल दौरा रद्द कर दिया गया. प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि उन्हें पुलिस के द्वारा बताया गया है कि 10 दिसंबर तक संभल में प्रटबन्ध लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि डीसीपी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंध हटते ही उन्हें सूचित किया जाएगा। जिस दिन पुलिस बताएगी कि प्रतिबंध हटा लिया गया है, उसके बाद कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल संभल जाएगा और मृतकों के परिजनों से मुलाक़ात करेगा। इसके बाद पूरी रिपोर्ट राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भेजा जाएगा।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि संभल हिंसा के चलते पीड़ितों का दुखदर्द बांटने और उनके साथ खड़े होने का हमारा प्रयास सरकार और प्रशासन को खटक रहा है।

## यूपी में 13 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से बड़े स्तर प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्रदेश सरकार ने देर रात 13 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जिनमें एडीजी, आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल के तहत अपर पुलिस महानिदेशक के जीएसओ डॉ एन रविंद्र को भ्रष्टाचार निवारण संगठन में नई तैनाती दी गई है।

रविवार रात को यूपी सरकार द्वारा आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी कर दी गई है। इसके तहत गृह सचिव एडीजी डॉ संजीव गुप्ता को एडीजी स्थापना के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह आईजी मेरठ नचिकेता झा का तबादला लखनऊ कर दिया गया है उन्हें सचिव गृह बनाया गया है। आईपीएस आरके भारद्वाज को आईजी बस्ती से पुलिस महानिरीक्षक भवन कल्याण और संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि का ट्रांसफर आईजी लोक शिकायत में किया गया है। आईजी लोक शिकायत अमित पाठक को आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा, अमरेंद्र प्रसाद सिंह को आईजी देवीपाटन से पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना, दिनेश कुमार पी का तबादला गाजियाबाद से बस्ती कर दिया गया है उन्हें डीआईजी बस्ती बनाया गया है। अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर बबलू कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस केशव कुमार चौधरी को डीआईजी झांसी भेजा गया है। डीआईजी अभिसूचना संजीव त्यागी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा, डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी को डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र और सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी अजय कुमार और प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## निर्माण कार्यों में कोताही नहीं बर्दाश्त: योगी

### कहा- जनप्रतिनिधयों के साथ समन्वय कर बनाएं योजना, थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए

» हर प्रोजेक्ट पर नियुक्त हो नोडल अधिकारी : मुख्यमंत्री



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं।

सोमवार को हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की क्वालिटी व समयबद्धता सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रूकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक अंशदान के संबंध में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 152521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा। अनुरक्षण व संचालन मद में राज्य सरकार की योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### उप्र में सौर ऊर्जा पर आधारित हैं 33229 योजनाएं

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 33229 योजनाएं सौर ऊर्जा पर आधारित हैं। इन पर लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड ($CO_2$) का उत्सर्जन कम होगा।

## मुकदमे के चक्रव्यूह में फंसे ढाढ़ा के किसान

### बाजार भाव के मुकाबले बहुत कम कीमत लगाई गई है अधिग्रहित भूमि की

» ढाढ़ा चीनी मिल को डिस्टिलरी के लिए भूमि अधिग्रहित का मामला

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** केके बिरला ग्रुप की ढाढ़ा चीनी मिल को 19.804 हेक्टेयर अधिग्रहित भूमि पर कब्ज़ा दिलाने की तैयारी में पेशबंदी पहले से ही शुरू हो गयी थी। भूमि अधिग्रहण का विरोध करने वाले तेरह किसानो के खिलाफ मुकदमा प्रशासन द्वारा मिल प्रबंधन को भूमि पर जबरन कब्ज़ा दिलाये जाने से एक दिन पहले ही यानि गत 30 नवंबर को ही दर्ज कर लिया गया था। जबकि दूसरा मुकदमा सोलह किसानो के खिलाफ बीती रात दर्ज किया गया है। इससे जाहिर है कि 88 किसानों की भूमि पर उनकी मर्जी के खिलाफ उन्हें मुआवजे की रकम दिए बिना ही जबरन चीनी मिल प्रबंधन को कल काबिज़ तो करा ही दिया गया है , बेबस किसानो को आपराधिक मुकदमो के चक्रव्यूह में भी फंसा दिया गया है।

जानकार लोगों का कहना है कि चीनी मिल को सस्ते दर पर जमीन दिलाने पर आमादा सरकारी तंत्र ने जिन किसानो को मुआवजे की रकम का भुगतान भी किया है, उन्हें भी सर्किल रेट से दो गुनी दर ही मिली है, जो करीब पचास हजार रुपये प्रति डिसमिल से ज्यादा नहीं है। जबकि संबंधित भूमि सड़क के किनारे स्थित है। इस जमीन के आसपास की जमीन डेढ़ लाख रुपये डिसमिल की दर से स्थानीय लोगो ने ख़रीदी है। यानी जमीन की कीमत बाजार भाव के मुकाबले बहुत कम लगाई गई है । इसीलिए किसान सवाल उठा रहे हैं कि आखिर उनके हितो की कीमत पर एक उद्योगपति समूह की मदद करने के लिए सरकारी तंत्र इतना उतावला क्यों है ?

बताते चलें कि हाटा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 28 से उत्तर ढाढ़ा बुजुर्ग गांव की सीमा में स्थापित केके बिड़ला ग्रुप की न्यू इंडिया शुगर मिल के परिसर में मिल प्रबंधन के प्रस्ताव पर एथनॉल उत्पादन हेतु एक आसवनी (डिस्टिलरी ) की स्थापना हेतु वर्ष 2009 में 176 किसानो की 48.94 एकड़ (19.804 हेक्टेयर ) भूमि का अधिग्रहण प्रशासन द्वारा कराया गया था। इस भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 88 किसानो ने तो प्रतिकर की धनराशि प्राप्त कर ली है लेकिन इतने ही किसानो ने अबतक प्रतिकर प्राप्त नहीं किया है। फिर भी जिन्हे प्रतिकर है ,उन्ही की भूमि के साथ ही जिन्हे प्रतिकर अब तक नहीं मिला है उनकी भूमि पर भी चीनी मिल के पक्ष में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर दी गयी है। यानि 88 किसानो को मुआवजे की रकम का भुगतान किये बिना ही उनकी जमींन चीनी मिल के नाम कर दी गयी है। और कल तो प्रशासन के स्तरीय अधिकारियो ने लावलस्कर के साथ मौके पर पहुंच कर जबरन समूची अधिग्रहित जमींन पर अंतिम रूप से मिल प्रबंधन को काबिज़ ही करा दिया है। अब बात महज मुआवजे की रकम के किसानों के हाथो में पहुंचे बिना ही उनकी भूमि से उन्हें कागजी व भौतिक दोनों ही तरह से पूरी तरह बेदखल किये जाने तक ही सीमित नहीं रह गयी है।

## एनएचएम कर्मियों को पुनर्नियुक्ति का मिलेगा अवसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यानि एनएचएम कर्मियों को पारस्परिक पुनर्नियुक्ति का अवसर मिलेगा। इस बाबत आगामी पांच दिसम्बर को आनलाइन पोर्टल के जरिये उन्हें ट्रांसफर का अवसर मिल सकेगा। सोमवार को एनएचएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि संविदा कर्मियों के लिए पारस्पारिक पुनर्नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन पांच दिसम्बर को सुबह 11 बजकर 30 मनट से रात 11 बजकर 59 मिनट तक किये जा सकेंगे। यह आनलाइन प्रक्रिया मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से पूरी होगी। केवल आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जाएंगे। अगर पूर्व में किसी भी संविदा कर्मी द्वारा लिखित रूप से अथवा अन्य किसी माध्यम से राज्य स्तर पर आवेदन किया है तो उसे भी पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करने का अवसर मिलेगा। इससे जुड़ी जानकारी एनएचएम यूपी की आधिकारिक वेबसाइट https://upnrhm.gov.in पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महासचिव योगेश उपाध्याय ने बताया कि म्युचुअल तबादले से कुछ ही कार्मिकों को लाभ मिलेगा।

## सचिवालय के सभी विभागों में बची फाइलों का होगा डिजिटलीकरण

» पश्चिम बंगाल की एजेंसी का हुआ चयन, इसी के कार्मिक करेंगे पूरा काम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय के सभी विभागों में बची हुई फाईलों का डिजिटलीकरण करवाया जाएगा। इस बाबत सोमवार को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के.रविन्द्र नायक सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों को एक शासनादेश जारी किया है। इस शासनादेश में कहा गया है कि सचिवालय के सभी विभागों में ई-ऑफिस पर फाईलों के मूवमेंट की प्रक्रिया में दिन प्रतिदिन हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से अधिकांश विभागों द्वारा फाईलों (जो फाईलें) पूर्व में स्कैन नहीं हो पायी थीं को स्कैन करवाए जाने और निर्बाध रूप से ई-ऑफिस के संचालन के लिए भविष्य में विभागों को यथा आवश्यक डिजिटलीकरण (स्कैनिंग) की जरूरत है। इस क्रम में शासन ने फैसला किया है कि सतत सपोर्ट प्रदान करने के लिए फिर से डिजिटलीकरण प्रक्रिया शुरु किया जाए।

सचिवालय के सभी विभागों में ई-ऑफिस के क्रम में आवश्यक डिजिटलीकरण सम्बंधी कार्यों के लिए मेसर्स टेकहॉक सोल्यूशंस, पश्चिम बंगाल का चयन किया गया है। इस एजेंसी के कर्मी सचिवालय प्रशासन के सभी विभागों के अधीन अनुभागों, कार्यालयों, प्रकोष्ठों में अपने उपकरण स्थापित करेंगे और वही सम्बंधित कार्यालय में ही आवश्यक फाईलों, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की कार्यवाही करेंगे। सम्बंधित एजेंसी के माध्यम से तैनात किये गये कर्मी द्वारा सम्बंधित विभाग के कार्यालयों में उपकरण स्थापित किये जाएंगे और आवश्यक जनशक्ति उनके साथ सुलभ रहेगी। सम्बंधित अनुभाग अधिकारी, प्रकोष्ठ अधिकारी, कार्यालय प्रभारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यक स्थान, फर्नीचर आदि अनुभाग, कार्यालय के अन्दर ही उपलब्ध करवाएंगे।

सभी विभागों के अनुभाग, प्रकोष्ठ, कार्यालय के अधीन जितनी बाकी फाईलें, दस्तावेज हैं उन्हें एजेंसी के प्रतिनिधियों, कार्मिकों को स्कैनिंग के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा जिसके डिजिटलीकरण की कार्यवाही सम्बंधित कार्यालय में ही पूरी की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में फिर खुला नौकरी का पिटारा

**लखनऊ।** यूपी में फिर नौकरी का पिटारा खुल गया है। जल्द ही आशुलिपिक के 661 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन व शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी 2025 है। इस तारीख के बाद कोई आवेदन व शुल्क स्वीकार नहीं होगा। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 69 विभागों के नियंत्रणाधीन आशुलिपिक के लिए सोमवार को भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक आशुलिपिक मुख्य परीक्षा में वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जो प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2023 में शामिल हुए और उन्हें आयोग द्वारा स्कोर कार्ड (वैध संख्यात्मक स्कोर) जारी किया गया।

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2023 में वास्तविक स्कोर या नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया जाएगा। कुछ श्रेणियों के अभ्यर्थियों को जरूरत पड़ने पर कुछ शर्तों के साथ आयोग मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन की अनुमति दे सकता है। आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के होमपेज पर जाकर आवेदन पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।

## निजीकरण के पीछे भारी घोटाले की आशंका

» उप्र के बिजली कर्मियों को पंजाब, हरियाणा उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के बिजली अभियंताओं ने दिया समर्थन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन कर्मचारियों के बीच में बर्खास्तगी और दमन का भय पैदाकर संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण करना चाहता है। पहले कदम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के नाम का खुलासा कर दिया गया है किंतु उद्देश्य संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का है।

संघर्ष समिति ने कहा की प्रबंधन का झूठ बेनकाब हो चुका है, इसीलिए प्रबंधन बर्खास्तगी की धमकी देकर डर का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऐसा भी पता चला है कि निजीकरण के पीछे भारी घोटाला है। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के निजीकरण के विरुद्ध चल रहे संघर्ष को पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के विद्युत अभियंता संघों ने समर्थन दिया है।

संघर्ष समिति ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि प्रबंधन को यह बताना चाहिए कि आगरा में फ्रेंचाइजी के साढे 14 साल के प्रयोग का क्या परिणाम निकला है। यह भी बताना चाहिए कि 31 मार्च 2010 तक का लगभग 2200 करोड़ रुपए का बकाया टोरेंट पावर कंपनी ने आज 14 साल से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद पावर कारपोरेशन को क्यों नहीं दिया। प्रबंधन यह भी बताएं की टोरेंट पावर कंपनी और ग्रेटर नोएडा पावर कंपनी ने राज्य विद्युत परिषद के कितने कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी में रखा। प्रबंधन द्वारा यह कहा जा रहा है की टांडा और ऊंचाहार बिजली घर एनटीपीसी को पूरी तरह बेच दिए गए थे जबकि ज्वाइंट वेंचर में एनटीपीसी में 50 प्रतिशत कर्मचारी रखे जाएंगे तो प्रबंधन यह भी बताएं की ज्वाइंट वेंचर कंपनी मेजा में भी है, ज्वाइंट वेंचर कंपनी घाटमपुर में भी है, ज्वाइंट वेंचर कंपनी बिल्हौर में भी है।

## महावीर दत्त शर्मा जी की 16वी पुण्य तिथि 5 को

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन आगामी 5दिसम्बर को संगठन के संस्थापक स्व महावीर दत्त शर्मा जी की 16वी पुण्य तिथि मनाएगा। इस सिलसिले में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने संगठन के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा है कि संस्थापक की पुण्यतिथि के आयोजन के माध्यम से संगठन का अच्छा संदेश पहुंच सके तथा पुण्य तिथि समारोह के माध्यम से अपने बातों को मिडिया के सहारे शासन और प्रशासन तक भी पहुंचाना है।

## महाकुंभ मेले में पराग का स्टाल लगेगा

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेले पराग का स्टाल लगाया जाए और गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार प्रसार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के लिए सुनहरा अवसर है महाकुंभ के पावन अवसर पर विभाग अपनी उपयोगिता की सार्थकता को सिद्ध करे और वहां के श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध और स्वादिष्ट दूध, दही, लड्डू,मक्खन और अन्य पदार्थ सुलभ करा सकें। पराग के उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर करना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

## लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में हंगामा

» मुंशीपुलिया चौराहे का नामकरण मुलायम के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव स्वीकार नहीं हुआ

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में सोमवार को कार्यकारिणी बैठक में खूब हंगामा हुआ। इस दौरान पार्षदों ने जलकल विभाग के अधिकारियों की शिकायत महापौर सुषमा खर्कवाला से की गयी तो अधिकारियों ने कहा-हमें जितने जूते मारने हैं, मार लो। बैठक शुरु होते ही समाजवादी पार्टी के पार्षदों ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा मुंशी पुलिया चौराहे पर लगाए जाने का प्रस्ताव दिया मगर महापौर ने इसे स्वीकार नहीं किया। इससे नाराज सपा पार्षदों ने हंगामा किया। वार्डों में खुदी पड़ी सड़कों के मामले में भाजपा और सपा पार्षद एक होकर बोले।

बैठक में दि साबरमती रिपोर्ट फिल्म के टिकट के भुगतान को लेकर भी चर्चा हुई। हाल ही महापौर ने पार्षद और नगर निगम के अफसरों को यह फिल्म दिखायी थी। इसके करीब 200 टिकट और स्नैक्स का 46 हजार रुपये का भुगतान होना था। महापौर ने सदन को एक आदेश पत्र में दिखाया जिसमें फिल्म टिकट का खर्च निजी तौर पर वहन करना बताया गया।

सपा पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र वाल्मीकि और शबा हसन ने बैठक का बहिष्कार किया। सुरेन्द्र वाल्मीकि ने कहा कि कार्यकारिणी में किसी प्रस्ताव पर निष्कर्ष निकलता नहीं दिखा। पूर्व मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के नाम पर मुंशी पुलिया चौराहे का नामकरण किये जाने, वहां पर उनकी प्रतिमा लगाए जाने और इस्माइलगंज प्रथम वार्ड मुलायम सिंह के नाम पर किये जाने का उन्होंने प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार न किये जाने की वजह से उन्होंने कार्यकारिणी बैठक का बहिष्कार किया।

भाजपा पार्षदों ने जलकल विभाग द्वारा सीवर और पेयजल लाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़क की अब तक मरम्मत न किये जाने से नाराज होकर हंगामा किया। पार्षद अनुराग मिश्र, रंजीत सिंह, गौरी सांवरिया, मुकेश सिंह मोंटी आदि महापौर के सामने फर्श पर धरने पर बैठ गये।

महापौर के आश्वासन के बाद पार्षद शांत हुए। पार्षदों ने जलकल विभाग के अधिकारियों से पूछा कि जो सड़कें खोदी गयी हैं उनके कितने दिनों में बनाएंगे। इस पर जलकल विभाग के इंजीनियर ने जो जवाब दिया उससे पार्षद नाराज हो गये। पार्षद मुकेश सिंह मोंटी ने कहा कि लोकसेवक को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। महापौर ने कहा कि कतकी मेले को लेकर जलकल विभाग ने कई जगहों पर सड़कें खोदी हैं।

## छलिया है भाजपा, आम आदमी हुआ बेहाल: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। किसानों से झूठे वादे किये, छल किया। भाजपा की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीघरानों की पोषक हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की जमीन और फसलों को लूटा है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। फसलों की सही कीमत भी नहीं मिल रही है। देश के विभिन्न भागों में तमाम योजनाओं के लिए किसानों की जमीनों का अधिग्रहण होता है लेकिन सरकार उन्हें बाजार के अनुसार लाभप्रद कीमत नहीं देती है। भाजपा किसानों की जमीन छीन कर औद्योगिक घरानों को औने-पौने दामों पर दे देती है। यही दशा किसानों की फसलों की है। किसानों की फसल सस्ते में खरीद कर मुनाफा में ऊंची कीमत पर बेची जाती है। भाजपा सरकार अपने करीबी उद्योगपतियों और व्यापारियों को मुनाफा कमाने का अवसर प्रदान करती है।

## 124 साल में यूपी में नवम्बर रहा सबसे गर्म

» इस बार सर्दी बहुत नहीं सताएगी : मौसम विज्ञान केन्द्र

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनजीवन को इस बार सर्दी बहुत नहीं सताएगी। भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने इस बार की सर्दियों के जारी दीर्घकालिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक ए.के.सिंह ने विश्ववार्ता ब्यूरो को बताया कि इस बार दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में दिन के तापमान औसतन सामान्य से अधिक ही रहेंगे।

इसके अलावा चूंकि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम रहेगी इसलिए दिसम्बर और जनवरी में प्रदेश में बारिश के भी बहुत कम आसार हैं। दिन में धूप न निकलने यानि कोल्ड डे और शीतलहरी के आसार भी कम हैं। चूंकि कोल्ड डे नहीं रहेगा यानि दिन में चटख धूप निकली रहेगी इसलिए दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। रात के तापमान में भी गिरावट की उम्मीद कम ही है।

उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत (उत्तर प्रदेश जिसका भाग है) में इस वर्ष नवंबर माह समेकित औसत तापमान के दृष्टिकोण से पिछले 124 वर्षों (1901-2024) के दौरान सबसे गर्म रहा, हालांकि न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान के अलग-अलग दृष्टिकोण से यह पिछले 124 सालों में दूसरा सबसे गर्म वर्ष रहा। बीते चौबीस घण्टों के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। रविवार की रात राज्य में अयोध्या में पारा सबसे कम 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन सर्दियों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है।

**खेती किसानी** राज्य में खेती पर ध्यान केंद्रित कर रही है अब योगी सरकार, बढ़ेगी उपज

## निर्यात पर फोकस से किसानों को होगा सर्वाधिक लाभ

» योगी सरकार की पहल से आगरा में खुल रहा सीआईपी का शोध केंद्र



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** आलू प्रदेश के आलू उत्पादक क्षेत्र के किसानों के लिए खुशहाली लाएगा। दरअसल केंद्र सरकार ने बतौर पायलट प्रोजेक्ट जिन सब्जियों और फलों को समुद्र के रास्ते निर्यात करने की योजना बनाई है, उसमें आलू भी शामिल है। चूंकि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। यहां कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत कई जिलों में आलू की दोहरी फसल ली जाती है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट का सर्वाधिक लाभ भी उत्तर प्रदेश के आलू की बोआई करने वाले किसानों को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि आलू के बिना किसी सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। यह साल भर अमूमन वाजिब दाम में उपलब्ध भी रहता है, पर सर्वाधिक मांग के कारण इसकी तेजी और मंदी मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। समुद्र के जरिए निर्यात का सस्ता रास्ता खुलने से तेजी मंदी की ऐसी सुर्खियों पर काफी हद तक विराम लगेगा। आलू किसानों की समस्याओं को लेकर योगी सरकार शुरू से ही बेहद संवेदनशील रही है। योगी 01 के ही शुरुआत में मंदी से प्रभावित किसानों के लिए मुख्यमंत्री ने बाजार हस्तक्षेप योजना लागू की थी। ऐसा प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ था। तबसे योगी सरकार लगातार आलू उत्पादक किसानों के हित के मद्देनजर लगातार कदम उठा रही है। सीजन में हर जिले में वहां के कृषि जलवायु के अनुकूल प्रजातियों के बेहतर गुणवत्ता के बीज भी सरकार तय दाम पर उपलब्ध कराती है।

केंद्र सरकार की मदद और योगी सरकार की पहल आगरा में पेरू (लीमा) स्थित अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सी आईपी) का केंद्र खुल रहा है। करीब 10 हेक्टेयर ज़मीन पर बनने वाले इस केंद्र के निर्माण में करीब 120 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआत में ही कृषि उत्पादन सेक्टर के प्रस्तुतीकरण के दौरान आलू किसानों के हित में कई योजनाओं के बाबत निर्देश दिए थे। इसमें हापुड़ और कुशीनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो खोलना भी था। इसके अलावा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए पारदर्शी तरीके से कोल्डस्टोरेज के निर्माण के लिए लाइसेंस निर्गत करना। प्रसंस्करण के लिए मेगा फूड पार्क और क्लस्टर्स की स्थापना आदि शामिल थे। इन सब पर तेजी से काम चल रहा है। अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के इन केंद्रों को खुलने से सर्वाधिक उत्पादक राज्य होने के नाते यूपी के किसानों को तो लाभ मिलेगा। पड़ोसी राज्यों और दक्षिण एशिया के अन्य आलू उत्पादक देश भी लाभान्वित होंगे।


## आवश्यक सूचना

मैं नवल किशोर पुत्र स्वर्गीय गयादीन निवासी ग्राम टीहर थाना बिंवार पोस्ट न्यूरिया तहसील मौदहा ब्लॉक मुस्करा जनपद हमीरपुर का निवासी हूँ मेरा पुत्र पकज उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र नवल किशोर का चाल-चलन सही न होने के कारण लड़ाई, झगड़ा व मारपीट करने के कारण आपराधिक मामलों में लिप्त रहता है जिसकी जानकारी होने पर मैं अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से उक्त पंकज को पूरे होशी हवास में व स्वस्थ मन से बेदखल करना चाहता हूं इसके किसी भी लेन देन व आपराधिक मामलों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

## सार्वजानिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स ओशी इण्डेन पता ग्राम गुलडिया जिला बदायूँ, उत्तर प्रदेश 243630 जिसकी पंजीकरण सं०-BUD/0000377 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 10.06.2018 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही थी। उपरोक्त फर्म में दो साझेदार श्रीमती नीमा गंगवार व श्री अरविन्द गंगवार थे। दिनांक 26/04/2021 को साझेदार श्री अरविन्द कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। 26/04/2021 को ही नीमा गंगवार के द्वारा फर्म को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। जिसके सम्बन्ध में एक विघटन विलेख लिखकर फर्म का विघटन किया गया व विघटन से सम्बन्धित समस्त विधिक औपचारिकताएं पूर्ण की।

**नीमा गंगवार**
साझेदार
मैसर्स ओशी इण्डेन पता ग्राम गुलडिया जिला बदायूँ,
उत्तर प्रदेश-243630
जिसकी पंजीकरण सं0-BUD/000037

## एक नजर

### युवक की गोली मारकर हत्या

**शाहजहांपुर।** ओसीएफ मैदान में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद मारपीट हुई और एक व्यक्ति ने गोली चला दी, जो आयुष गुप्ता के सिर में लगी। आयुष को तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयुष सदर बाजार के गदियाना मोहल्ले का रहने वाला था। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल का पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने मौका मुआयना किया एवं पूरी घटना की जांच करने को निर्देशित किया।

### खेलते हुए शौचालय के टैंक में गिरा मासूम, मौत

**बरेली।** खेलते समय निर्माणाधीन शौचालय के टैंक में तीन साल का मासूम गिर गया डूबने से उसकी मौत हो गई। सिरौली थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया। निर्माणाधीन शौचालय के टैंक में गिरकर तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव अटा फुंदापुर के एक मकान में खेलते समय मासूम बच्ची निर्माणाधीन शौचालय के टैंक में गिर गया, जिसमें डूबने से बच्चे की मौत हो गई। खोजबीन के काफी समय बाद बच्चे का शव मिला। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया गांव निवासी सत्यप्रकाश के तीन बच्चों में तीन साल का आदित्य सबसे छोटा बेटा था। उनके घर में निर्माण कार्य चल रहा है। घर में ही शौचालय का टैंक बना है। इसमें पानी भरा हुआ है। टैंक के ऊपर स्लैब नहीं पड़ा था। बताते हैं कि सत्यप्रकाश का तीन साल का बेटा आदित्य घर में खेल रहा था। परिजन घरेलू काम में व्यस्त थे। आदित्य खेलते समय उस टैंक में गिर गया। टैंक में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### डीएम घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट में सुनीं समस्याएं

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर लगभग 102 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** बहेड़ी बीते 11 नवंबर 2024 को थाना क्षेत्र की एक महिला द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट में बताया गया था कि वह अपने मायके गई हुई थी इसी दौरान उसकी नाबालिक बेटी जिसकी उम्र 16 वर्ष है को जवाहरपुर थाना बहेड़ी निवासी युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पर मुकदमा लिखा था। जिसमें सोमवार को कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत फरीदपुर चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह ने मुख्य आरोपी विक्रम पुत्र राकेश निवासी जवाहरपुर को बहेड़ी रोडवेज बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि गिरफ्तारअभियुक्त के खिलाफ विधिवत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, नगर पंचायत फरीदपुर चौकी इंचार्ज संतोष कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार रहे।

### अभी 82 सड़कों का निर्माण अटका, और 104 नई सड़कें बनाने की तैयारी

**बरेली।** टेंडर होने के बाद भी कई सड़कें अधूरी हैं और लोग परेशान हो रहे हैं। ये कब पूरी होंगी, इसका वार्ड के लोगों को इंतजार है। मगर नगर निगम विभाग 104 नई सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले नगर निगम के निर्माण विभाग ने 200 कामों के टेंडर निकाले थे। इसमें अधिकांश काम सड़क निर्माण के ही थे। ये काम आचार संहिता की वजह से करीब दो माह तक प्रभावित रहे। इसके बाद कार्यादेश जारी करने में विलंब हो गया और ठेकेदारों का भुगतान अटक गया। इतना ही नहीं तत्कालीन मुख्य अभियंता और अधिशासी अभियंता का तबादला होने के बाद काम प्रभावित हुआ है। कच्ची और टूटी सड़कों को बनाने के लिए बजट भी आवंटित हो चुका है लेकिन 82 सड़कों का निर्माण अभी अधूरा है। कई जगहों पर ठेकेदारों ने सड़क खोदकर छोड़ दी है। इसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलूकपुर की सड़क का टेंडर होने के बाद भी नहीं बनी है। पवन विहार के पास एक सड़क उखड़ी पड़ी हुई है। इसी तरह कई सड़कें हैं, जिनका कार्यादेश जारी होने के बाद काम पूरा नहीं किया गया है। जबकि नियम है कि कार्यादेश जारी करने के 15 दिन बाद काम शुरू हो जाना चाहिए। इसका तोड़ निकाल कर ठेकेदारों ने काम तो शुरू कर दिया, ताकि उनका टेंडर निरस्त न हो पर काम बीच में बंद कर शांत हो गए हैं। लापरवाही की तो ठेकेदार पर होगी कार्रवाई मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जिन सड़कों का टेंडर हो चुका है, उनको पूरा करने के लिए कहा गया है। अगर कोई ठेकेदार लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नए कार्य के भी टेंडर होने वाले हैं।

### सात दिसम्बर को मनाया जायेगा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

**बरेली।** जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास कार्यालय, बरेली में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2024 को हर वर्ष की भांति मनाया जायेगा। इस अवसर पर सभी पूर्व सैनिक/आाश्रित एंव गणमान्य नागरिक एंव अधिकारीगण कार्यालय में आमंत्रित है। झण्डा दिवस के इस अवसर पर देश की तीनों सेनाओ( थल,जल और वायु) के सैनिको द्वारा देश की अखण्डता के लिए किये गये बलिदानो की ओर आकर्षित करने के लिए प्रतीक झण्डे व कार फ्लैग को वितरित करके धन एकत्रित किया जाता है। इस धन का उपयोग वीर नारियों, युद्ध में घायल सैनिको व आर्थिक संकट से जूझ रहे पूर्व सैनिकों एंव उनके परिवारो की सुविधाओं के लिये राज्य स्तर और केन्द्र स्तर पर किया जाता है। प्रतीक झण्डे और कार झण्डे के वितरण करके झण्डा दिवस निधि में 07 दिसम्बर से अगले वर्ष 30 नवम्बर तक धनराशि एकत्र की जाती है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में धन संग्रह करने के लिए जिला सैनिक कल्याण एंव पुर्नवास कार्यालय द्वारा जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों स्थानीय निकायों, बैंको, चिकित्सालयों, होटलों, छविग्रहों व सामान्य नागरिकों को स्टीकर्स एंव कार फ्लैग भेजे जाते है। इससे एकत्र पैसा वीर नारियों, युद्ध मे घायल सैनिको और उनके परिवार की सहायता में केंद्र एंव राज्य सरकार द्वारा खर्च किया जाता है। जनपद के सभी नागरिक इस नेक कार्य के लिये अपनी सहयोग राशि देकर अपना योगदान कर सकते है।

# बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

### आटो चालक क्षमता से अधिक ढो रहे सवारिया

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुरारा,हमीरपुर।** कुरारा से हमीरपुर सवारी लेकर जाने आने वाले आपे चालक क्षमता से अधिक सवारी लेकर चल रहे है। सवारी जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे है।

जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। कस्बा कुरारा से हमीरपुर, कदौरा, जोल्हूपुर मोड़ तक, आपे वाहन चलते है। इनमें चालक सहित चार सवारी का परिवहन विभाग से परमिट जारी होता है। लेकिन इसके चालक क्षमता से अधिक सवारी आठ से दस लेकर हाइवे पर फर्राटा भरते है। इन पर कोई रोकटोक नही है। अंदर सवारी बैठने के लिए अलग से एक लकड़ी का पटरा लगा कर तीन सवारी बैठा लेते है।

दो सवारी चालक अपने दोनो तरफ बैठा कर चलता है। इसके चलते यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करने पर मजबूर हो रहे है। ये आपे चालक मनमाने तरीके से सड़कों पर जगह जगह अपने आपे खड़े रखते है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुरारा, हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी अधेड़ को बीती रात बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो को घटना की जानकारी मिलने पर घायल को जिला अस्पताल लेकर गए।




वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी रशीद खान पुत्र अजीम खान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात मेरे पिता अजीम खान उम्र 62 वर्ष खाना खाने के बाद रात आठ बजे कुरारा हमीरपुर हाइवे किनारे टहलने निकले थे। तभी पीछे से बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर गए, तथा घायल पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सक ने देखकर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बीमारी से परेशान बीसीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** शहर के एक निजी संस्थान के हॉस्टल के कमरे में बीसीए छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। छात्रा की मौत के बाद हास्टल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कमरे से एक सुसाइड नोट और ढेर सारी दवाइयां मिली हैं।

छात्रा ने अवसाद में आत्महत्या की है। इसके पीछे की वजह का उसने सुसाइड नोट में जिक्र किया है। बजरिया खुटार, शाहजहांपुर की रहने वाली छात्रा निहारिका सिंह एक निजी संस्थान में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। सोमवार सुबह हॉस्टल के टॉप फ्लोर पर उसके कमरे में दूसरी छात्राओं ने शव देखा तो हड़कंप मच गया।

जानकारी मिलने के बाद फील्ड यूनिट, सीओ नवाबगंज, नायब तहसीलदार सदर, महिला सब इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच गए। कमरे में फंदे पर छात्रा का शव झूल रहा था। इसके बाद शव को नीचे उतरवाया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। छात्रा के शव के पास



पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि पुलिस ने इस सुसाइड नोट को अपने कब्जे में ले लिया। सुसाइड नोट में छात्रा ने लिखा मम्मी पापा का शुक्रिया, उन्होंने मेरा इलाज कराया और मेरा साथ दिया। प्यार हमें यहां तक ले आया और आगे भी ले जा रहा है।

पूरा मामला प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। इसी वजह से छात्रा अवसाद में थी। बेटी की मौत की सूचना मिलने के बदा छात्रा निहारिका के पिता अवधेश सिंह बरेली पहुंच गये।

वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं, फिलहाल करीब 25 साल से शाहजहांपुर के खुटार में कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सुबह ही बेटी से बात हुई थी। छात्रा के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे थे।

## तस्करों को छोड़ रिश्वत के नोटों से सजाया था बिस्तर, अब हाईकोर्ट की मोहलत खत्म

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** यूपी पुलिस के रिश्वतखोर इंस्पेक्टर रामसेवक, जो फरीदपुर थाने में तैनात रहते हुए स्मैक तस्करों को छोड़ने के आरोप में निलंबित हैं, अब जल्द गिरफ्तार हो सकते हैं। हाईकोर्ट से मिली 60 दिन की मोहलत खत्म होने के बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। साथ ही, जिन दो स्मैक तस्करों को उन्होंने छोड़ा था, उन्हें भी मुकदमे में नामजद कर दिया गया है।

20 अगस्त की रात को तत्कालीन इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्मैक तस्कर आलम, नियाज अहमद और अशनूर को हिरासत में लिया था। बाद में उन्होंने सात लाख रुपये की रिश्वत लेकर आलम और नियाज को रिहा कर दिया। यह मामला एसएसपी अनुराग आर्य के संज्ञान में आने के बाद गंभीर हो गया। जांच के दौरान 21 अगस्त को एसपी सिटी मानुष पारीक ने थाने में छापा मारा, लेकिन रामसेवक सरकारी पिस्टल और 10 कारतूस लेकर फरार हो गया। छापेमारी में उसके कमरे से 9.84 लाख रुपये बरामद हुए। सीओ हाईवे नितिन कुमार, जो इस मामले की विवेचना कर रहे हैं, ने बताया कि तस्कर आलम और नियाज को



मुकदमे में नामजद कर उन्हें नोटिस तामील कराया गया है।

वहीं, इंस्पेक्टर रामसेवक की गिरफ्तारी पर लगी रोक की अवधि खत्म हो चुकी है, और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी। रामसेवक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और सरकारी पिस्टल गबन के तहत दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने रामसेवक को निलंबित कर उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए थे, लेकिन उन्होंने हाईकोर्ट से 60 दिन का स्टे ले लिया था। अब यह अवधि समाप्त हो चुकी है, और पुलिस किसी भी वक्त उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।

## प्रेमिका व उसके मंगेतर को फंसाने के लिए हाथ में गुदवा लिए छर्रे



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक सलमान ने अपनी पूर्व प्रेमिका और उसके मंगेतर से बदला लेने के लिए खतरनाक प्लान बना लिया। उसने हाथ में छर्रे गुदवाए और खुद को जिला अस्पताल में भर्ती करा लिया।

वहां उसके साथ पहुंचे लोगों ने यह प्रचारित किया कि गोली प्रेमिका के कहने पर मंगेतर ने मारी है। बारादरी पुलिस ने सीसीटीवी व अन्य बिंदुओं पर जांच की तो मामला फर्जी पाया गया। गोली मौके पर चली ही नहीं थी। इंस्पेक्टर बारादरी सुनील कुमार ने बताया कि सलमान का जिस युवती से कई साल पहले प्रेमप्रसंग था उस युवती की शादी उसके ममेरे भाई से तय हो गई है। मंगेतर युवती से मिलने उसके घर गया था।

वहां से लौट रहा था तो सलमान ने उसे घेर लिया। अब पुलिस सलमान पर एफआईआर करने की तैयारी कर रही है। सलमान ने पूर्व प्रेमिका के मंगेतर को जमकर पीटा। जब मंगेतर उसकी शिकायत करने थाने गया तो सलमान ने खुद के बचने और प्रेमिका व उसके मंगेतर को फंसाने के लिए ड्रामा रच दिया। उसने कहीं से छर्रे लाकर अपने बांये हाथ में हल्का सा कट लगवाकर रखवा लिया फिर जिला अस्पताल में भर्ती हो गया। पुलिस ने जब डॉक्टर को हकीकत बताई तो उन्होंने एक्सरे कराया। इसमें झूठ खुल गया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि युवती के मंगेतर की ओर से सलमान के खिलाफ उसे पीटने व फायरिंग की फर्जी कहानी बनाने की रिपोर्ट लिख ली है।

## सब रजिस्ट्रार एवं लिपिक के खिलाफ 11वें में दिन भी धरने पर बैठे रहे अधिवक्ता

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील के अधिवक्ताओं ने सब रजिस्टार एवं लिपिक के खिलाफ तहसील परिसर से डाकखाना रोड होते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे है। बहेड़ी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सब रजिस्ट्रार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अभद्र व्यवहार को लेकर लगातार सोमवार को 11वें दिन भी सब रजिस्टर कार्यालय के सामने हड़ताल पर बैठे रहें।



बहेड़ी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की मांग है कि जब तक सब रजिस्टार अनामिका सिंह एवं लिपिक हरिओम सक्सेना का यहां से स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक हम लोग सब रजिस्ट्रार कार्यालय में काम पर नहीं लौटेंगे। जिससे सरकार का राजस्व का काफी नुकसान हो रहा है 11 वे दिन लगातार अधिवक्ताओं को धरने पर बैठने के बावजूद भी आज तक सब रजिस्टर अनामिका सिंह एवं लिपि हरिओम सक्सेना के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।महासचिव सूरजपाल गंगवार ने बताया कि इससे पूर्व में लिपिक हरिओम सक्सेना नवाबगंज तहसील में काफी विवादों में चर्चित रह चुके हैं नवाबगंज तहसील की अधिवक्ता भी काफी समय तक हड़ताल पर बैठे थे तब जाकर कहीं लिपिक हरिओम सक्सेना का स्थानांतरण बहेड़ी हुआ था। इस दौरान महासचिव सूरजपाल गंगवार, केसर कुमार सिंह गौतम, लब दिवाकर, राजेंद्र मौर्य, मोहम्मद अशफाक, सलमान अहमद, काशिफ आदि सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कस्बे में हाइवे किनारे के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे को जाम के झाम से मुक्त करने के लिए नगर पंचायत व हाईवे अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें नालियों के आगे लगे टीन टप्पर को हटाकर सड़क को खाली कराया गया है। अभियान के दौरान जाम का झाम बना रहा और वाहन रेंगते रहे। सुमेरपुर कस्बे में हाईवे सहित बांदा मार्ग में दुकानदारों ने जबरदस्त अतिक्रमण कर रखा है। अपनी दुकानों के बाहर सामान लगाने के बाद ठेलिया व रेहडी वालों की भी दुकान लगवा देते हैं। जिससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी। जिससे लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ता था। इसी के मद्देनजर सोमवार को कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लेकिन अतिक्रमण में जमकर भेदभाव किया गया। हाईवे अधिकारियों के अनुसार बताई गई सीमा से हटाने की बजाय सिर्फ नाली के बाहर का अतिक्रमण हटाया गया।

## नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने बाइक रैली निकालकर किया प्रचार



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने विभिन्न रेलवे स्टेशन फाटकों पर नरमू का चुनाव प्रचार किया।

इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। जो शाहजहांपुर से चल कर बंथरा टिशुआ बिलपुर मीरानपुर कटरा स्टेशन सहित विभिन्न गेटों पर होते हुए तिलहर में एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गई। रेल कर्मियों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि रेल कर्मचारियों का हमे अपार समर्थन मिल रहा है।

कर्मचारियों के आपार समर्थन से नरमू भारी बहुमत से विजय प्राप्त कर रही है। यह संगठन द्वारा कर्मचारियों के हित में किए गए कार्यों का परिणाम है कि कर्मचारी असली नकली को पहचान रहे है। कर्मचारी जानता है कि उनका हित और अधिकार एनआरएमयू के साथ ही सुरक्षित हैं।

## सर्द मौसम शुरू होते ही सहयोग संस्था ने किया चाय व कंबल का वितरण



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** सहयोग संस्था ने ठंडी का मौसम देखते हुए जनपद के मेडिकल कॉलेज में सभी सदस्यों के साथ पहुंचकर चाय, बिस्कुट, नमकीन आदि का वितरण किया और कंबल बांटे। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज़ खान एडवोकेट ने बताया कि हमारी संस्था पूरे ठंड के मौसम में महानगर के प्रत्येक तिराहे, चौराहों पर कैंप लगाकर चाय का वितरण करेगी एवं कंबल बाटेंगी। संस्था के उपाध्यक्ष शिवम वर्मा ने कहा कि यह सभी कार्य करने से हम सभी को बहुत ही अच्छा लगता है और हम सभी सहयोग संस्था से जुड़कर अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता पार्षद अजीजगंज का सभी ने माला पहनाकर कार्यक्रम में स्वागत किया। मनीष गुप्ता ने कहा कि सहयोग संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है और मैं सदैव ही इस संस्था का पूरा सहयोग करने को तैयार हूं। कार्यक्रम में शालू यादव, स्तुति गुप्ता, विकास सक्सेना, महेंद्र दुबे,संजय गुप्ता, डॉक्टर पुनीत मनीषी, अनिरुद्ध गुप्ता, सागर गुप्ता, बलवीर, शव्वन, सुधीर, निस्वार्थता आदि सभी मौजूद रहे।

### ससुर,जेठ से परेशान महिला व उसके पति ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है और अपने ससुर और जेठ पर कार्रवाई की मांग की। इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाली युवती का कहना है कि उसकी लगभग 3 वर्ष पूर्व इज्जतनगर क्षेत्र में शादी हुई थी ,उसके ससुर चार शादियां कर चुके हैं। उसने बताया कि उसके जेठ मोहम्मद शाहिद खान उसपर गलत नजर रखता था, जिसकी शिकायत उसने अपने ससुर सफरुद्दीन से की। इसके बाद से ही उसके ससुर और जेठ उससे खफा हो गए। उसके साथ मारपीट करने लगे, उसने इस बाबत थाना इज्जतनगर में मुकदमा भी पंजीकृत कराया। उसके खिलाफ उसके ससुर और जेठ ने कई प्रार्थना पत्र दिए परंतु थाने में सभी को हकीकत पता थी इसलिए उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## नगर क्षेत्र में छह ई- बसों का संचालन शुरू

### अब ई रिक्शा, टेंपो के किराये की तरह सिटी बस का किराया भी हुआ कम

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** नगर क्षेत्र हेतु 06 बसों का संचालन शुरू हो गया है। शाहजहांपुर शहर के अंतर्गत समयबद्ध संचालन हेतु 08 वातानुकूलित बसों को लगाया गया है। जिलाधिकारी ने बरेली मोड़ पर नगर बस यात्री शेल्टर का स्थीलय निरीक्षण किया शेल्टर के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सख्त निर्देश दिये जिससे ई बस संचालन हेतु किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।



इसी तरह प्रत्येक स्टॉपेज विशेषकर नगर बस यात्री शेल्टर रोडवेज बस स्टेशन एवं महिला थाना शेल्टर के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। जनता की मांग के दृष्टिगत ई -बस का संचालन बरेली मोड़ से रेलवे स्टेशन तक 03 दिसम्बर से प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशानुसार सिटी बस का किराया 50 प्रतिशत कम कर दिया गया है। अब ई रिक्शा, टेंपो के किराये की तरह सिटी बस का किराया कम करते हुए 20.00 रुपये कर दिया गया है, ताकि शहर के निवासियों को ई बसों से अधिक से अधिक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सके। शहर के मुख्य मार्ग बरेली मोड़ से केरूगंज, बेरी चौकी, खिरनी बाग, कचहरी, बस स्टेशन, महिला थाना होते हुए रेलवे स्टेशन तक केवल ई-बस का ही संचालन कराया जाएगा। जिससे शहर के निवासियों को जाम की स्थिति का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय स्वसाशी महा विद्यालय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखी। इस दौरान उन्होने इमरजेंसी वार्ड, ओषधि वितरण कक्ष, लाभार्थी आयुष्मान कार्यालय, ओपीडी एवं हेल्प डेस्क सहित साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से वार्ता कर उनका हाल भी जाना। जिलाधिकारी ने औषधि वितरण कक्ष की लाइन मे लगे लोगो से जानकारी ली कि उन्हे कोई असुविधा तो नही। लाभार्थी आयुषमान कार्यालय में प्रतिदिन बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड के विषय में पूछा तथा प्रतिदिन कार्ड बनाये जाने की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

हेल्प डेस्क पर मरीजो की सहायता करने तथा उन्हे जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चिकित्सालय में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्दशित किया।

**प्रतियोगिता** स्वामी ब्रह्मानंद जी के 130वें जन्मोत्सव पर आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल में कुल 18 कुश्तियों का आयोजन

## दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

विश्ववार्ता संवाददाता

**हमीरपुर।** परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी के 130वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के प्रथम दिन कुल 18 कुस्ती हुई। प्रथम कुश्ती सूरज देवरिया और विकास सिंह इटावा के बीच हुई।

जिसमें सूरज देवरिया विजई रहे। रमेश हरियाणा और धर्मेंद्र मसगांव के बीच धर्मेंद्र मसगांव ने जीत दर्ज की। नीरज पाल बांदा और कमलजीत आगरा के मध्य कमलजीत आगरा ने जीत हासिल की। अनिल हरियाणा और आकाश मसगांव के बीच हुए मुकाबले में आकाश मसगांव ने कुश्ती जीती।



मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रीतम लीगा के बीच प्रीतम लींगा ने जीत हासिल की। विजयपाल आगरा और शोएब अली लखनऊ के बीच कुश्ती बराबरी पर छुटी। मेघराज कुमार और राजबहादुर देवरिया के बीच मेघराज कुमार ने जीत हासिल की। प्रमोद कबरई और मकसूद देवरिया के बीच हुई कुश्ती में प्रमोद कबरई ने मकसूद देवरिया को पटकनी दी। राजू कानपुर और महेंद्र गुढ़ा के बीच मुकाबले में राजू कानपुर विजई रहे। अनिल गल्हिया और जय सिंह हमीरपुर के बीच अनिल गल्हिया ने जीत हासिल की। भूरा अमूद और आकाश राठ के बीच भूरा अमूंद ने जीत हासिल की। विजय पहाड़ी और जोगेंद्र हरियाणा के बीच कुश्ती बराबरी पर छूटी।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. इंद्रपाल सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर डा. सुरेंद्र सिंह, मुख्य अतिथि घनश्याम मीणा जिला अधिकारी हमीरपुर, विशिष्ट अतिथि डा. दीक्षा शर्मा पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर एसपी मनोज गुप्ता, अभिमन्यु कुमार सिंह उप जिलाधिकारी राठ, कोतवाली प्रभारी रामासरे सरोज एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. नरेश कुमार सिंह, डा. वरुण कुमार सिंह, डा. एसजी राजपूत, डा. जितेंद्र सिंह, डा. दीपक सिंह, डा. दुर्गेश कुमार, डा. अमित बिसेन, डा. आरबी शर्मा मीडिया प्रभारी, आरके मिश्रा, रामप्रकाश आदि एवं कर्मचारीगण, गोबिंद सिंह, राजकुमार, राम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कैलाश चंद, राजेश चैरसिया, मोहन सिंह, राजेंद्र कुमार झा, भूपेंद्र सिंह, मनीष कुमार, नंदराम, शैलेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर की मारपीट, पांच घायल

**बरेली।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक के घर में घुसकर मारपीट की जिससे पांच लोग घायल हो गए, गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सुरला गोटिया निवासी 50 वर्षीय शहंशाह बली को इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि कुछ दिन पहले शहंशाह बली के लड़के सलमान का गांव के ही रहने वाले साकिर के परिवार से झगड़ा हो गया इसी रंजिश के चलते साकिर और उसके घर वाले कई बार गाली गलौज कर चुके थे और रविवार की शाम को शहंशाह का लड़का सलमान अपने किसी काम से घर से बाहर निकाला था तभी साकिर ने उसे रोक कर मारपीट शुरू कर दी वह खुद को बचाने के लिए घर में गया। तो साकिर, जाबिर, साबिर, छोटू और कामरान आदि के साथ लाठी डंडे और हथियार लेकर उसके घर में घुस गया।

## एक नजर

### आंवला व पान कृषकों को दिया प्रशिक्षण



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय के सामने आंवला पैक हाऊस ग्राउण्ड ग्राम-गोड़े में आंवला एवं पान के कृषकों को प्रशिक्षण विजय किशोर सिंह उद्यान निरीक्षक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग प्रयागराज एवं डॉ0 राम सेवक चौरसिया पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एन.बी.आर.आई. लखनऊ द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आंवला फसल प्रबन्धन, आंवला तुड़ाई के पश्चात प्रोसेसिंग तथा उससे सम्बन्धित सरकार की विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जनपद में बन रहे आंवला फंक्शनल पैक हाउस के बारे में जानकारी देते हुए किसानों से अनुरोध किया गया कि वे अधिकाधिक संख्या में आंवला फंक्शनल पैक हाउस कमेटी की सदस्यता प्राप्त कर लें, जिससे भविष्य में उसका लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम का संचालन मो0 फाजिल उद्यान निरीक्षक द्वारा किया गया।

### उप निर्वाचन के लिए प्रत्याशी ने किया नामांकन

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन हेतु तहसील सदर में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज निर्दलीय प्रत्याशी हिमातुल्ला पुत्र हाजी समीउल्ला निवासी पाइक रोड बेगम वार्ड ने 03 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अतिरिक्त 10 प्रत्याशियों ने 22 नामांकन पत्र लिये।

ई-लाटरी के माध्यम से 03 दिसम्बर को लाभार्थियों का किया जायेगा चयन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत हाइटेक हब फार कस्टम हायरिंग ग्रामीण उद्यमी हेतु जनपद में कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई बुकिंग के सापेक्ष ई लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन हेतु जनपद स्तर पर कृषि भवन सभागार कक्ष में दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 2 बजे से ई-लाटरी की कार्यवाही की जायेगी। सम्बन्धित कृषक ई-लाटरी की कार्यवाही में उपस्थित रहे।

### अभियंता के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**बांदा।** न्यायालय के आदेश के बाद नगर कोतवाली में अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग बांदा और गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। मामला 28 मई 2024 का है जो कमिश्नरी कैंप के पास विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता की गाड़ी संख्या यूपी-90 वाई 9025 द्वारा तेज गति से वाहन चलाते हुए बछड़े के ऊपर चढ़ा दिया था, उसी समय गौरक्षा समिति ने नगर कोतवाली में मुकदमें की मांग की थी, लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया। इसके बाद मजबूरन विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति को कोर्ट पर अपील की गई कि ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। जो कि कोर्ट के आदेश के बाद 1 दिसंबर को नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। यह प्रयास विश्व हिंदू महासंघ अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपक शुक्ला के नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है कानूनी कार्रवाई को लेकर जो कि विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति ऐसी घटनाओं को लेकर लगातार सक्रिय है और कार्य कर रहा है जहां पर भी किसी प्रकार की घटना संज्ञान आता है तुरंत गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी मौके में पहुंचते हैं और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए प्रयास किया जाता है लेकिन कुछ जिम्मेदार लोग होते हैं जो कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं होते है।

### विजेता कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छ वॉर्ड प्रतियोगिता व क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत कर्मचारी को प्रशिक्षित व सम्मानित किया गया। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में सोमवार को सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उस दौरान नगर अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी राम सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मनोज सिंह व SBM जियो स्टेट से रोहित निर्मल, निकाय के समस्त सफाई नायक व अन्य कर्मचारी गणों की उपस्थिति में आईटीसी से विकास तिवारी के द्वारा सफाई नायकों व सफाई मित्रों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमे कचरा क्या है, कचरे के प्रकार, कचरे के पृथक्कीकरण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी इकाई पर प्रबंधन, होम कम्पोस्टिंग, कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों से सीधे जुड़ाव पर ज़ोर दिया गया

### डीएम ने शेल्टर हाउस का किया निरीक्षण, लगाई फटकार

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम आश्रय गृह (शेल्टर हाउस) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेल्टर हाउस की अव्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले शेल्टर हाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का हाल देखा और पाया कि कई कैमरे संचालक द्वारा बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सीसीटीवी कैमरों का संचालन शुरू कराया, और संचालक विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरों का निरंतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मैन गेट पर दो और सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने शेल्टर हाउस में आने वाले प्रवासियों की पहचान के लिए आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रवासियों का रजिस्टर में समय और तारीख के साथ विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया प्रवासियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शेल्टर हाउस में प्रकाश व्यवस्था की भी कमी पाई। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर शेल्टर हाउस में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। शेल्टर हाउस में एक छोटा गैस सिलेंडर पाया गया, जिसे तुरंत परिसर से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि शेल्टर हाउस में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए, और इसके लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके अलावा, शेल्टर हाउस में लगे फायर एक्सटिंग्विशर की डेट समाप्त हो चुकी थी। जिलाधिकारी ने इस मामले में भी तत्काल फायर सिस्टम के रिफिल बदलने के निर्देश दिए।

### सुविधाओं से लैस होगी महाकुम्भ की टेंट सिटी

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 (अरैल) में 2000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुम्भ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुम्भ कॉटेज, कुम्भ विलेज, कुम्भ कैनवस व एरा प्रमुख हैं। खास बात यह है कि वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड्स के अनुसार इन टेंट्स की स्थापना व संचालन की जाएगी जो फाइव स्टार होटल श्रेणी की सुविधाओं से लैस होंगी।

# ई रिक्शा व ई ऑटो भी बुक कर सकेंगे श्रद्धालु

## ग्रीन महाकुम्भ को बढ़ावा देने की नई पहल, पिंक टैक्सी की भी सुविधा प्राप्त होगी, जिसमें महिलाएं चालक होंगी

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए योगी सरकार कटिबद्ध है। सरकार के इस प्रयास को सार्थक बनाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें सरकारी परिवहन के साथ-साथ निजी परिवहन सेवा प्रदाता भी पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर लोकल ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने के लिए ओला और उबर की तर्ज पर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ई रिक्शा और ई ऑटो बुकिंग की सुविधा का भी लाभ मिलने जा रहा है।

इन ई व्हीकल्स के ड्राइवर्स पूरी तरह ट्रेंड और वेल बिहेव्ड होंगे। साथ ही इसमें पिंक टैक्सी की भी सुविधा प्राप्त होगी, जिसमें महिलाएं चालक होंगी। सबसे खास बात यह है कि श्रद्धालुओं को मनमाना




किराया वसूलने वाले रिक्शा चालकों से छुटकारा मिलेगा। 15 दिसम्बर से श्रद्धालु और पर्यटक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। महाकुम्भ से पहले इस तरह की पहल से श्रद्धालुओं को न सिर्फ सुविधाजनक और सस्ती लोकल राइड का लाभ मिलेगा, बल्कि योगी सरकार के ग्रीन महाकुम्भ की अवधारणा को भी समर्थन मिलेगा।

चालकों को दी जा रही अच्छे व्यवहार की ट्रेनिंग सरकार की ओर से इन श्रद्धालुओं को प्रयागराज लाने के लिए, 7000 से अधिक रोडवेज बसों और 550 शटल बसों के संचालन का निर्णय लिया गया है,जबकि रेलवे भी करीब 1000 अतिरिक्त ट्रेनों के साथ ही कुल 3 हजार ट्रेनें चलाने जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज में श्रद्धालुओं को लोकल ट्रांसपोर्ट की कमी न हो, इसके लिए यूपी के स्टार्टअप कंपनी ई मोबिलिटी ने ऑनलाइन ई रिक्शा और ई ऑटो बुकिंग की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

15 दिसम्बर से शुरू हो रही इस सेवा में श्रद्धालु लोकल राइड के लिए ई व्हीकल्स को चुन सकेंगे। खास बात यह है कि सभी ड्राइवरों को आगंतुकों से अच्छा व्यवहार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी और जिन श्रद्धालुओं को हिंदी या अंग्रेजी भाषा में दिक्कत है, उनकी सुविधा के लिए सभी ड्राइवरों को गूगल वॉइस असिस्टेंस की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। यह ई व्हीकल्स रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, हवाई अड्डा एवं सभी होटलों से आराम से उपलब्ध हो सकेंगे। इसमें महिला ड्राइवर के साथ पिंक सेवा का भी प्रावधान है। शुरुआत में 30-40 पिंक टैक्सी सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध होंगी।

# महाकुम्भ का मुख्य आकर्षण होंगी 26 नक्काशीदार मूर्तियां

विश्ववार्ता संवाददाता



**प्रयागराज।** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार आदिकालीन भारतीय संस्कृति की दिव्यता और अलौकिकता का दर्शन होने जा रहा है। आप चाहे किसी भी परिवहन के माध्यम से प्रयागराज पहुंचें, आपके स्वागत में स्वयं अर्जुन, गरुड़, नंदी, ऐरावत और मां गंगा के साथ ही श्रवण कुमार भी मौजूद रहेंगे। पौराणिक महत्व की ये 26 नक्काशीदार मूर्तियां महाकुम्भ में आने वाले देशी विदेशी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज के 26 प्रमुख चौराहों पर स्थापित करने का काम जोर-जोर से चल रहा है।

श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी मूर्तियांउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप इस बार के महाकुम्भ में पौराणिक एवं भारतीय संस्कृति के महत्व की नक्काशीदार मूर्तियां शहर के प्रमुख चौराहों पर सजाई जा रही हैं। इनमें अर्जुन, गरुड़, नंदी, गदा के अलावा मां गंगा सहित तमाम ऐसी मूर्तियां हैं जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। एसडीएम मेला, अभिनव पाठक ने बताया कि इस योजना के तहत योगी सरकार के निर्देश पर 26 चौराहों को विशेष रूप से आकर्षक आकार दिया जा रहा है। इनमें 06 चौराहों पर काम पूरा किया जा चुका है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर बाकी 20 चौराहों का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के लिए नगर निगम ने तेज किया अभियान

**प्रयागराज।** प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व के सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ के वैश्विक सम्मेलन से प्लास्टिक मुक्त, ग्रीन महाकुम्भ का संदेश पूरे विश्व में फैलाना चाहते हैं। उन्होंने महाकुम्भ को पूरी तरह पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक से मुक्त रखने का संकल्प लिया है। इस दिशा में नगर निगम भी नगर आयुक्त सीएम गर्ग के निर्देशन में पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रहा है।



नगर निगम की टीमें इंफोर्समेंट व्हीकल के साथ शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इंफोर्समेंट की कार्यवाही भी की जा रही है।

स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान मेला प्राधिकरण के अधिकारी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ, ग्रीन महाकुम्भ बनाने का प्रयास किया जा रहा। इस दिशा में जहां एक ओर मेला प्राधिकरण मेला क्षेत्र को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने की कवायद कर रहा है तो वहीं नगर निगम प्रयागराज भी पूरे शहर को प्लास्टिक फ्री रखने का अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में पूरे शहर में 12-12 सदस्यों की 2 टीमें और 6 इन्फोर्समेंट व्हीकल के साथ स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रही हैं।

# करेले से किसानों की जिंदगी में आ रही है 'मिठास'

» आयुर्वेदिक गुणों के कारण आम सब्जियों में होती है खास पहचान

» मूरतगंज ब्लाक के 250 बीघे में हो रही खेती

विश्ववार्ता संवाददाता

**कौशांबी।** करेला की फसल किसानो की जिंदगी में बदलाव लेकर आ रही है। परंपरागत खेती कर मुफलिसी झेलने वाले किसान अब नगदी फसल करेला की खेती कर माला-माल हो रहे है। मूरतगंज के पट्टी नरवर गाव में पूरे गाव ने 250 बीघे से अधिक के क्षेत्रफल में करेले की खेती कर एक मिशाल कायम कर दी है।

जुलाई का महीना यहाँ के किसानो के लिए काफी अहम मायने रखता है। इसका जीता जगाता उदाहरण दो से तीन महीनो में ही किसान करेले की खेती कर माला माल हो रहे है। कड़ी मेहनत के बाद किसान इन खुले बाज़ार में बेच कर अपना लागत का कई गुना लाभ पाता है। धरती पर परंपरागत फसल को तैयार कर किसान मालामाल तो हो ही रहे है साथ ही नगदी फसल पैदा कर आम आम गुठलियों के दाम ले रहे है। जिसके चलते उनके जीवन स्तर में सुधर आ रहा है।

करेला की खेती में किसानो को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके इसके लिए उद्यान विभाग भी सरकारी मदद कर रहा है। उद्यान विभाग ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मूरतगंज ब्लाक के नरवर पट्टी गाव में बड़े पैमाने पर खेती कराइ है। तकरीबन 1000 बीघे में किसानो को करेले की खेती में अनुदान मुहैया कराया है। इसका फायदा किसानो के बड़े पैमाने पर हुआ है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने व्यसनों से बचने के बताए उपाय

» व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैं: शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार : श्री भगवान सिंह

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यसनमुक्त स्वर्णिम भारत महा अभियान के अंतर्गत व्यसनों से मुक्ति एवं उससे होने वाले बुरे प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारियां प्रदान की एवं समस्त छात्र-छात्राओं को उससे संबंधित पुस्तके वितरित की।

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता के अनुसार पूर्व जिला जज एवं गायत्री परिवार के स्थानीय



प्रतिनिधि श्री भगवान सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यसन से मुक्ति वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति मादक द्रव्यों के सेवन या व्यवहारिक निर्भरता पर काबू पाने और अपने जीवन पर नियंत्रण पुनः प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण शामिल है जिसमें शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक उपचार शामिल है। व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैं: शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार। शारीरिक लत तब लगती है जब शरीर किसी पदार्थ पर इतना निर्भर हो जाता है कि इसके बिना उसे वापसी के लक्षण महसूस होते हैं। इसी संबंध में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि संसार में हमें किसी भी पदार्थ में तीन प्रकार की शक्तियों के काम करने का अनुमान होता है। कोई शक्ति किसी पदार्थ को उत्पन्न करती है, दूसरी शक्ति उसका पोषण करती है और तीसरी शक्ति उसका विनाश कर देती है।

# जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष ने बबेरू कार्यालय का किया उद्घाटन

» कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए करें काम

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** जनता दल यूनाइटेड कार्यालय बबेरू का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि शालिनी सिंह पटेल ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा की जनता दल यूनाइटेड का कारंवा तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा की आप सभी लोग पार्टी की विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाए और पार्टी को मजबूत बनाए। अन्य राजनीतिक पार्टी छोड़कर लगभग 20 लोगों ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता भी ली है। उधर, पार्टी से बबेरू नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष पद के घोषित प्रबल दावेदार रविन्द्र कुमार भारतीय की जगह जेडीयू से मोहनलाल धुरिया को बबेरू नगर पंचायत चुनाव में प्रत्याशी बनाया है।



इस मौके पर बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जदयू के मोहनलाल धुरिया ने बताया कि जिस तरह बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिव्यांगों के लिए कई योजना बनाकर दिव्यांगों को लाभ दे रहे हैं और दिव्यांगों का सम्मान कर रहे हैं और जिस तरह जनपद सहित पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जदयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल कार्य कर रही हैं शोषित, पीड़ति, वंचित, महिला किसान, युवा, दिव्यांगों के लिए लड़ाई लड़ रही है आज हम नीतीश कुमार और शालिनी पटेल के कार्यों से प्रभावित होकर के अपने समर्थकों सहित जेडीयू की सदस्यता लिया है और मैं हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित रहूंगा और पार्टी का जो संविधान है उस संविधान का भी पालन करूंगा। इस मौके पर जदयू जिला संरक्षक सुख निधान सिंह, महिला जिलाध्यक्ष निहारिका मंगल, जेडीयू जिलाध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ प्रशांत मंगल, रविंद्र कुमार भारतीय, रामभवन पटेल जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, जिला सचिव बाबूलाल चौधरी, बबेरू नगर अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी, कमासिन ब्लॉक अध्यक्ष जदयू लवलेश भास्कर आदि उपस्थित रहे। रीता सिंह, अली बक्स रुखसाना कैलाश सुभद्रा मंजू देवी करीब आधा सैकड़ा लोग सम्मिलित रहे।

# सड़क हादसे में जीजा साले समेत 8 घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** निमंत्रण में शामिल होने के बाद बाइक से घर जा रहे जीजा साले ई रिक्शा से टकरा कर घायल हो गए। दोनो घायलो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर अलग अलग हुए सड़क हादसो में पिता पुत्र समेत छह लोग घायल हो गए। उन्हे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने दो मौसेरे भाईयो को कानपुर रेफर कर दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के महरानी गांव निवासी 30 वर्षीय रामकुमार पुत्र गया प्रसाद अपने 35 वर्षीय जीजा जालिम पुत्र दादू निवासी बाबूपुर के साथ अतर्रा निमंत्रण में शामिल होने आए थे। रात को दोनो लोग बाइक में बैठ कर गांव जा रहे थे। तभी गर्गन पुरवा के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से बाइक टकरा गई। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी 26 वर्षीय बबली पुत्र मुनुवा अपने 20 वर्षीय मौसेरे भाई बुद्धविलास पुत्र भगवानदीन अतर्रा में मजदूरी करते है। रविवार की दोनो लोग काम निपटाने के बाद बाइक से गांव जा रहे थे। तभी अतर्रा के पास सामने से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को कानपुर रेफर कर दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी 50 वर्षीय चद्रिका प्रसाद पुत्र कमतू सोमवार की दोपहर अपने 19 वर्षीय पुत्र पप्पू के साथ बाइक में बैठकर मनीपुर निमंत्रण में जा रहे थे। तभी बड़ोखर खुर्द के पास बाइक मवेशी से टकरा गई। जिससे दोनो लोग घायल हो गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को निपटाने का करें प्रयास

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद जी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 की सफलता हेतु जनपद के बैंक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बैंक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण एनपीए जो राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मिलित किए जा सकते हैं ऐसे मामलों का अधिक से अधिक चिन्हीकरण किया जाए ताकि लोगों को ऋण से छुटकारा मिले एवं बैंकों को एनपीए ऋण की धनराशि वापस दिलाई जा सके। बैठक में एलडीएम गोपाल शेखर झा समेत सभी बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## महाकुंभ: 56 थाने एवं 156 पुलिस चौकी की होगी स्थापना

**प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े सनातन धर्म के आयोजन महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिए तंबुओं की नगरी की सुरक्षा मजबूत करने हेतु कुल 56 थाने एवं 156 पुलिस चौकी बनाए जा रहे हैं। हालांकि इससे पूर्व सुरक्षा की दृष्टि से तैयारी नहीं की गई। केन्द्र की मोदी एवं उप्र की योगी सरकार इससे पूर्व सम्पन्न हो चुके कुंभ मेले से लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि की है। यह जानकारी सोमवार को कुंभ मेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेले को दिव्य एवं भव्यता के साथ सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मुहैया कराया गया है। योजना के मुताबिक तंबुओं की नगरी को सुरक्षित रखने से उद्देश्य से 56 अस्थायी थाने एवं 156 पुलिस चौकियों का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक थाने में 150 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र को 25 सर्किल बनाए जाएंगे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारण : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता गोविन्द प्रसाद तिवारी निवासी नरई थाना संग्रामगढ़ ने बताया कि प्रार्थी ग्रामसभा की भूमि बचाने हेतु बराबर पैरवी कर रहा है, गांव के तमाम लोगों ने अवैध ढंग से ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे है। माननीय न्यायालय व अधिकारियों द्वारा अवैध कब्जा हटाये जाने का आदेश प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर पारित किया गया है। प्रार्थी घर से कुण्डा जा रहा था जैसे ही वह प्राइमरी विद्यालय नरई के पास पहुॅचा तो गांव के विनय सिंह व विष्णु ने प्रार्थी को गालियॉ देते हुये जान से मार डालने की नियत से लात मूंका घूंसा से मारपीट कर बेहोश कर दिया, रास्ते में आते



जाते हुये गांव वालों ने बीच बचाव कर प्रार्थी की जान बचाई, मुल्जिमान धमकी देते हुये भागे कि मुकदमें की पैरवी छोड़ दो अन्यथा दोबारा मारेगें, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी एसओ संग्रामगढ़ को निर्देशित किया है कि प्रार्थी की सुरक्षा सुनिश्चित करायें और दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

**मिशन** प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण लेकर दूर कर रहे बेरोजगारी

# प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को उपलब्ध कराया रोजगार

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से लगाने के लिए विशेष कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रदेश के लाखों युवक और युवतियां विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से लगे हुए है। सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

आउटसोर्सिंग ऑफ मैनपावर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उसके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जेम की व्यवस्था लागू किये जाने के संबंध में जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु व्यवस्था विकसित की गयी है। जिसके द्वारा सेवाप्रदाता मांग के अनुरूप संबंधित विभागों को कुशल मैन पावर की आपूर्ति करते हुए युवाओं को रोजगार से लगा रहे है। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के अंतर्गत शासनादेश संख्या 434/36/-5-2020-8(29)/2020 दिनांक 16 जून, 2020 द्वारा कामगारों/श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के गठन से श्रमिको के हित सुरक्षित किए गए है।

मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक- 05 दिसम्बर, 2020 से ''मिशन रोजगार'' अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है। सेवामित्र के अंतर्गत कौशल प्राप्त

» जॉब सीकर्स को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है

कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य स्थानीय सेवायें (प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान हेतु सेवामित्र पोर्टल की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है। सेवामित्र व्यवस्था की प्रगति में कुशल कामगारों की संख्या 50,756, सेवाप्रदाताओं की संख्या 965 तथा सेवामित्रों की संख्या 4890 है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करा रही है। सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इजराइल में निर्माण श्रमिकों की मांग के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इजराइल सरकार की संस्था पी0आई0बी0ए0 के सहयोग के साथ लगभग 9 हजार निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने हेतु टेस्टिंग की कार्यवाही की गयी है। जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 9 हजार कुशल श्रमिकों को अब तक इजराइल भेजा जा चुका है। भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत 05 हजार कुशल श्रमिकों को चयन करते हुए इजराइल भेजने के कार्यवाही चल रही है। कुशल श्रमिकों को इजराइल में भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन, तकनीकी कार्यों जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। श्रमिकों को इजराइल में कार्य करने पर रू0 1.25 लाख से रू0 1.50 लाख तक मासिक वेतन मिल रहा है। प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है।

बेरोजगारों को कैम्पस प्लेसमेंट व डायरेक्ट हायरिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ब्ध कराये जाने की व्यवस्था एकीकृत पोर्टल पर विकसित करायी गयी है। वर्ष 2017 से अगस्त 2024 तक कुल 8629 रोजगार मेलों का आयोजन करते हुए 11,03,601 अभ्यर्थियों का चयन कर निजी क्षेत्रों में नौकरियां उपलब्ध कराई गई है।

# परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में निषेधाज्ञा लागू

विश्ववार्ता संवाददाता

» 1 जनवरी 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्टेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा के रिक्त अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन, राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से सम्बन्धित सीबीटी परीक्षायें तथा 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे त्योहार के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र तथा परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 01 जनवरी 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है।

उन्होने बताया है कि कोई भी व्यक्ति किसी वर्ग या समुदाय के बारे में ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातो पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मस्जिदों, मन्दिरों, गिरिजाघरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई भी मादक पदार्थ, शराब/नशे की हालत में कोई अवांछनीय कार्य नही करेगा जिससे किसी की भावना को ठेस पहुॅचे।

## संपादकीय

# तबाही का मंजर

ऐसा चक्रवाती तूफान जिसने भारत और श्रीलंका में 19 लोगों की जान ले ली। तमिलनाडु और पुडुचेरी में इतनी बारिश की, कि हालात ही खराब हो गए। पुडुचेरी में तो बारिश का 30 साल का रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि भारत के दक्षिणी तट और बंगाल की खाड़ी पार करने के बाद इस तूफान ने काफी तबाही मचाई है। पुडुचेरी में 24 घंटे में जितनी बारिश हुई, उतनी 30 साल में नहीं हुई थी. चेन्नई भी डूबी। चेन्नई से उड़ानें रद्द कर दी गई थीं. शनिवार को कुछ फ्लाइट्स बाधित हुई। रविवार को वापस उड़ान सेवाएं शुरू कर दी गईं, लेकिन चेन्नई के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। बाढ़ का पानी जमा हो गया। इस दौरान सोशल मीडिया पर कई ऐसी वीडियो भी आए, जिसमें दिखाया गया कि बारिश के साथ तेज हवा भी चल रही है। पेड़ टूट-टूटकर गिर रहे हैं। बिजली और टेलिफोन के खंभे टूटकर गिर रहे हैं। भारतीय सेना पुडुचेरी में लोगों को चक्रवाती तूफान के केंद्र से बचाने की कोशिश कर रही है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस भी सेना की मदद में मैदान में उतरी है। श्रीलंका में 16 लोग मारे गए हैं। वहां इस तूफान की वजह से 1.38 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। श्रीलंका की डिजास्टर मैनेजमेंट टीम लोगों को बचाने और रेस्क्यू करने में लगी हुई है। तटीय कर्नाटक और दक्षिणी कर्नाटक में भयानक बारिश हुई है। 3 दिसंबर को भी हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि ऐसी ही स्थिति तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी रहने की पूरी उम्मीद जताई गई है। मौसम विभाग की माने तो तीन दिसंबर 2024 के बाद यह तूफान थोड़ा कमजोर पड़ सकता है। यह दक्षिण-पूर्व की तरफ बढ़ जाएगा। फिलहाल तमिलनाडु के कुडलोर, विल्लुपुरम, कृष्णागिरी के सभी स्कूलों-कॉलेजो में छुट्टी है। सलेम, तिरुवन्नमलाई, तिरुपतूर, वेल्लोर और रानीपेट जिलों में 2 दिसंबर तक ही छुट्टी थी. हो सकता है कि इन्हें भी बढ़ाया जाए। 30 नवंबर को पुडुचेरी में भयानक बारिश के बाद साइक्लोन फेंगल थोड़ा कमजोर हुआ था, लेकिन अगले दिन से यह फिर मजबूत हो गया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि ऐसा मौसम उन्होंने पिछले 30 वर्षों में कभी नहीं देखा। यह हैरतअंगेज तरीके का मौसम था, जिससे काफी नुकसान भी हुआ है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार करने के बाद चक्रवाती तूफान फेंगल कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया है। मौसम विभाग की मानें तो इसके और भी कमजोर होने की संभावना है। हालांकि इसका असर मध्य भारत तक देखा जाएगा। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश या बौछारें पड़ने की चेतावनी दी है। मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में शीत लहर पड़ने का भी अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान डिंडोरी और बालाघाट जिलों समेत कुछ अन्य हिस्सों में मौसम खराब रहने की संभावना है। इन दोनों जिलों में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि इसको लेकर किसी प्रकार का अलर्ट (यलो, ऑरेंज या रेड) जारी नहीं किया गया है। वहीं राजगढ़ और शाजापुर जिलों में कहीं-कहीं शीत लहर पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की बारिश देखी जा सकती है। सूबे में दो दिनों तक छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि चक्रवाती तूफान 'फेंगल' पूर्वी हिस्से में एक्टिव है। इससे हवा का असर बढ़ा है। अनुमान है कि छिंदवाड़ा, सिवनी समेत अन्य जिलों में 3 से 4 दिसंबर के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। इससे रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश में 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर देखा जाएगा जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी शीत लहर चल सकती हैं। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में देखी जाएगी। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी भारत पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। इसके बाद उत्तरी हवाएं मध्य प्रदेश का रुख करेंगी जिससे पूरे प्रदेश में ठंड बढ़ती जाएगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने कहा- इस साल ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग खास तौर पर सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। इन संभाग में सर्द हवाएं चलेंगी। बीते 24 घंटे के मौसम पर नजर डालें तो उज्जैन संभाग के शाजापुर जिले के गिरवर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 5.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**कटाक्ष** हसन जैदी



# कांग्रेस के लिए प्रियंका झरोखे से झांकती सूरज की किरण



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

यूं तो लोकसभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या में प्रियंका के आगमन से कोई फर्क नहीं पड़ा, पहले भी सदस्यों की कुल जमा संख्या एक कम सौ अर्थात 99 थी और अभी भी उतनी ही है। कारण सभी जानते हैं कि प्रियंका गांधी राहुल गांधी द्वारा खाली की गई वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। जो फर्क पड़ा है वह यह है कि राजीव गांधी परिवार के तीन सदस्यों में से दो लोकसभा में सांसद हो गए तो एक राज्यसभा में सांसद हैं। निश्चित ही प्रियंका गांधी का कांग्रेस खेमे में बहुत उत्साह जनक ढंग से स्वागत किया जा रहा है क्योंकि पिछले 10 सालों में जब से मोदी ने सत्ता संभाली है तब से राहुल गांधी कांग्रेस के लिए कोई उल्लेखनीय काम नहीं कर सके। यह एक सच्चाई है कि लगभग 20 सालों से सक्रिय राजनीति करने वाले राहुल गांधी न केवल कांग्रेस के अध्यक्ष रहे बल्कि कांग्रेस के कभी घोषित तो कभी अघोषित सर्वेसर्वा रहे लेकिन उपलब्धियां के नाम पर उनके दामन में शून्य के अलावा कुछ नहीं है। अब तक लगभग 90 चुनावों में हार का सामना कर चुके राहुल गांधी से कांग्रेस के नेताओं को भी ज्यादा उम्मीद बची नहीं थी। निश्चित ही ऐसी स्थिति में प्रियंका का आना कांग्रेस के लिए एक शुभ संकेत दिखाई देता है। कांग्रेसी खेमे में इस उत्साह का एक कारण यह दिखाई देता है कि अधिकांश नेता उनमें इंदिरा गांधी की छवि देखते हैं। कांग्रेसी नेताओं को विश्वास है कि प्रियंका में वह काबिलियत है कि वे कांग्रेस को दोबारा पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। भविष्य में यह होगा या नहीं अभी यह कयास लगाना अनुचित ही प्रतीत होता है।

प्रियंका का राजनीतिक कौशल भी कोई उल्लेखनीय नहीं कहा जा सकता क्योंकि उनकी राजनीतिक पकड़ और नेतृत्व में कोई करिश्माई अक्स दिखाई नहीं दिया है। राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद उन्होंने 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की कमान संभाली थी और चुनावी प्रचार में न केवल नेतृत्व किया था बल्कि हताश कार्यकर्ताओं में जान फूंकने की कोशिश की थी जिसमें वह आंशिक रूप में सफल तो हुई थीं किंतु परिणाम के रूप में उत्तर प्रदेश की जनता ने मात्र दो सीटों पर ही उन्हें समेट दिया था। ऐसी स्थिति में यह कहा जाए की 2027 में वे कमाल दिखा देंगी बहुत जल्दबाजी होगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं में मल्लिकार्जुन खड़गे का मानना है कि प्रियंका गांधी देश की आधी आबादी महिलाओं की आवाज बनेंगी जिसका असर आगे आने वाले समय में दिखाई देगा। निश्चित ही यह एक ऐसा पक्ष है जिसमें कांग्रेस संभवतः भाजपा से आगे निकल सकती है क्योंकि सुषमा स्वराज के अवसान के बाद भाजपा में महिला नेतृत्व में एक खालीपन है जिसकी पूर्ति आज तक नहीं हो पाई है। निश्चित ही प्रियंका गांधी अपनी पार्टी के लिए महिलाओं की आवाज बन सकती हैं हालांकि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी प्रियंका महिला नेतृत्व के रूप में ही सक्रिय हुई थीं और उन्होंने लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देकर कांग्रेस को जीवित करने की कोशिश की थी किंतु असफलता ही हाथ लगी थी।

राजनीति का एक स्थाई तथ्य यह है कि किसी नेता की स्वीकार्यता का आधार समय-समय पर बदलता रहता है। कोई नेता अपने पीछे चल रहे संगठन को तब तक आकर्षित करता है जब तक उसमें संगठन को प्रभावित करने और जनता को अपने पक्ष में करने की क्षमता होती है। हालांकि कांग्रेस में यह एक अपवाद है कि राहुल गांधी ने 20 सालों तक संगठन के किसी न किसी पद पर रहते हुए नेतृत्व किया किंतु असफलताओं की लंबी फेहरिस्त के कारण वे कांग्रेस के नेताओं में भी अपने प्रति बहुत ज्यादा आकर्षण पैदा करने में सफल नहीं रहे। जब तक कोई राजनीतिक दल सत्ता में रहता है तब तक उसमें सर्वोच्च नेता के प्रशंसक और अनुगामी लोग हर उचित अनुचित निर्णय को आंख बंद कर स्वीकारते रहते हैं किंतु सत्ता से हटने के बाद नेतृत्व पर उंगलियां उठती हैं। कांग्रेस विगत 10 सालों से सत्ता से न केवल बाहर है बल्कि उसका जनाधार भी लगभग पूरी तरह से खिसक चुका है। यदि ऐसा नहीं होता तो ना तो ग्रुप 23 के नेता नेतृत्व से असंतुष्ट होकर राह बदलते और ना ही कांग्रेस को गठबंधन राजनीति में छोटे-छोटे क्षेत्रीय दलों की शर्तों को मानने के लिए बाध्य होना पड़ता। आशय यही है कि कांग्रेस पार्टी आज एक कठिन दौर से गुजर रही है जिसमें प्रियंका गांधी झरोखे से सूरज की एक किरण के रूप में झांकती दिखाई दे रही हैं। वे आने वाले समय में कितनी सफल होंगी यह तो भविष्य के गर्भ में है किंतु आज तो कांग्रेस संगठन में आने वाले समय में गुटबाजी से इनकार नहीं किया जा सकता।

निश्चित ही कांग्रेस के अंदर अब दो पावर सेंटर होना स्वाभाविक हैं एक राहुल और सोनिया तो दूसरा प्रियंका। संगठन के वे नेता जो राहुल गांधी की कार्यशैली से असुविधा महसूस करते रहे वे प्रियंका की ओर रुख कर सकेंगे। किसी पार्टी की चुनावी राजनीति में लगातार पराजय उससे जुड़े लोगों के लिए किसी त्रासदी से काम नहीं होती। संगठन का हर एक व्यक्ति और यहां तक कि प्रतिबद्ध मतदाता भी उस कमी के दूर होने का एक सीमा तक इंतजार करते हैं। कांग्रेस में यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई थी जिसका पटाक्षेप प्रियंका के आने से पूरा होता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस का हर छोटा या बड़ा नेता या प्रतिबद्ध मतदाता यह महसूस करता है कि राहुल गांधी एक कमजोर नेतृत्व हैं जिसके कारण ही कांग्रेस लगातार चुनावी राजनीति में पिछड़ती जा रही है। इसके साथ ही इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि आज कांग्रेस के सामने मोदी के रूप में एक कद्दावर, सक्षम, सशक्त, राष्ट्रवादी, लोकप्रिय और जनता की नब्ज जानने वाला नेता है जिसका विकल्प बनना किसी के लिए भी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल अवश्य है। तो वहीं आज की जनता और इंदिरा जी के समय की जनता के वैचारिक स्तर में बहुत अंतर है। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में इंदिरा जी के अलावा विपक्ष में ऐसा कोई नेता नहीं था जो कांग्रेस को टक्कर दे सकता था।


आज ऐसा नहीं है। जहां एक ओर कांग्रेस के पास कमजोर नेतृत्व है तो वहीं उसके सामने एक राष्ट्रवादी समर्पित भाजपाई संगठन और मोदी के रूप में वैश्विक स्तर का नेता मौजूद है जिसकी काट ढूंढना फिलहाल तो मुमकिन दिखाई नहीं देता। यह एक सच्चाई है कि यदि राहुल गांधी में मोदी के स्तर के नेता होने की काबिलियत होती तो शायद ही प्रियंका को लॉन्च करने की जरूरत पड़ती। कांग्रेस जान गई है कि राहुल के दम पर उसकी नैया पार लगना मुश्किल है इसलिए कांग्रेस के हर चार में तीन नेता प्रियंका में अपना नेता ढूंढने की कोशिश करेंगे। यह सही है कि प्रियंका की छवि उनकी दादी इंदिरा गांधी से मिलती है। उनके हाव-भाव, चालढाल और नाक नक्श इंदिरा जी जैसे हो सकते हैं लेकिन वे इंदिरा गांधी नहीं हो सकती।

दूसरी बात यह कि आज की राजनीतिक स्थितियों और इंदिरा जी के कार्यकाल की राजनीतिक स्थितियों में जमीन आसमान का अंतर है। कौन नहीं जानता कि इंदिरा जी ने 1975 में आपातकाल लगाया और इसका खामियाजा उन्हें जनता दल की प्रचंड जीत के रूप में झेलना पड़ा। जनता दल की सत्ता के संचालन की अक्षमता और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के चलते ढाई साल में उसके अवसान ने देश के सामने फिर विकल्प का अभाव खड़ा किया था। परिणाम स्वरुप जनता को दोबारा इंदिरा जी में विश्वास जताना पड़ा था। निश्चित ही यदि उस दौर में इंदिरा जी की टक्कर का कोई नेता होता तो वह दोबारा शायद ही सत्ता में वापसी कर पातीं। आज भी मोदी की टक्कर का देश में कोई नेता नहीं है ऐसे में केवल नाक नक्श के बलबूते प्रियंका कोई कमाल कर देंगी लगता नहीं। फिर भी राजनीति में ऊंट कब किस करवट बैठ जाए कहना मुश्किल ही होता है।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुनः पलट सकती है सियासी बाजी!



कमलेश पांडेय

कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली 'शिवसेना' भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इस अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुनः मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीन चिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता का दाग धुल गया।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो 'सियासी फूफा' बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी। बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं, इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं। समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी की । बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे।

उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं! सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको ज्यादा तवज्जो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से ज्यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी।

इसके बाद वह महाराष्ट्र से बाहर निकलें और पूरे देश में हिंदूवादी राजनीति को मजबूत करें क्योंकि सत्ता में रहकर भाजपा जो काम नहीं कर सकती है, वह उनकी परोक्ष सहयोगी बनकर शिवसेना यूबीटी कर सकती है क्योंकि सिर्फ शिवसेना गई है, उसका मुख पत्र सामना (दोपहर का सामना) आज भी उनके पास है। पहले उद्धव इसका देश व्यापी विस्तार करें और फिर उसी की आड़ में सियासी गोटियां सेट करें क्योंकि देर सबेर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भाजपा से दूर जाएंगे, क्योंकि इनकी सियासी तासीर कभी देवेंद्र फडणवीस से मेल नहीं खाएगी। इसलिए शिवसेना यूबीटी यदि राजनीतिक सूझबूझ दिखाएगी तो उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे दोनों का भविष्य उज्ज्वल रहेगा। राजनीतिक रूप से देखें तो चाहे केंद्र की एनडीए सरकार हो या महाराष्ट्र की महायुति सरकार, शिवसेना यूटीबी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी ही ताकि वह अपने सहयोगियों पर प्रेशर की राजनीति डाल सके। यह मोदी-शाह का सियासी स्वभाव है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर महाराष्ट्र के कार्यवाहक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे बीजेपी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को अपने व्यक्तिगत विस्तार और संरक्षण के लिए भी शिवसेना की जरूरत पड़ेगी। उद्धव को पता होना चाहिए कि बड़े दलों में भी देवेंद्र फडणवीस जैसे जमीनी नेता इसलिए अपना वजूद कायम रख पाते हैं क्योंकि वह समय के साथ बदलते रहते हैं।

इसलिए उद्धव ठाकरे भी सियासी हठ छोड़ें और राजनीतिक सूझबूझ भरा फैसला लें। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का साथ लेना उनकी गलत रणनीति नहीं थी बशर्ते कि वह उससे खुद को महाराष्ट्र का नेता मनवा लेते लेकिन जब ऐसा नहीं कर सके तो अब घर वापसी की जुगत बिठाएं। खुद को बीएमसी चुनाव में मजबूत करें। महाराष्ट्र में शिवसैनिकों के विश्वास पुनः जीतें क्योंकि राजनीतिक मौतें हमेशा अस्थायी होतीं हैं. शाश्वत तो नेताओं व उनके दलों की नीतियां होती हैं जो उन्हें बार बार राजनीतिक पुनर्जन्म देती हैं।

बिहार के जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यदि वह सियासी ज्ञान लेते रहें तो घर वापसी भी ज्यादा कशमकश वाली नहीं रह जायेगी !पते की बात तो यह होगी कि भाजपा जिन हिंदूवादी मुद्दे पर मुखर होकर नहीं बोल पाती है, वह उसपर मुखर हों। संघ से देशव्यापी आशीर्वाद की कामना करें, क्योंकि भाजपा पर सियासी अंकुश रखने के लिए भी संघ को शिवसेना जैसे पुराने शुभचिंतकों की जरूरत हमेशा पड़ेगी। देश के 1800 मंदिरों के जीर्णोद्धार का मुद्दा सबसे अहम है, इसलिए इन्हें उठाकर भी शिवसेना यूटीबी अपना खोया राजनीतिक वजूद फिर से पा सकती है। इससे शिवसेना के संस्थापक और प्रखर हिंदूवादी नेता स्व. बाला साहब ठाकरे की सियासी विरासत को भी वो महफूज रख पाएंगे। बस, धैर्य व विनम्रता पूर्वक उद्धव आगे बढ़ें, आदित्य को आगे बढ़ाएं। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता



सुनीता यादव

### बुद्ध

इति सरल है अथ कठिन है ।
साधना का पथ कठिन है।।
बुद्ध को पढ़ना सरल है ।
बुद्ध बन चलना कठिन है ।।
अनगिनत पौरुष पले हैं,
मां के आंचल के तले ही।
गौतमी के पालने से,
बुद्ध बन जाना कठिन है।
तीर हंसो पर चला कर,
देवदत्त बनना सरल है ।
घाव सहला कर मगर,
सिद्धार्थ हो जाना कठिन है।

# भोजन बचाइए, दुनिया बचाइए



सुनील कुमार महला

भारतीय सनातन संस्कृति में कहा गया है कि अन्न ही 'ब्रह्म ' है क्योंकि अन्न से ही समस्त प्राणी उत्पन्न होते हैं तथा उत्पन्न होकर ये अन्न के द्वारा ही जीवित रहते हैं तथा अन्न में ही ये पुनः लौटकर समाविष्ट हो जाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि मानव जीवन ईश्वर प्रदत्त होता है लेकिन लौकिक गति और व्यवहार अन्न से प्राप्त ऊर्जा से होता है। इसलिए कहा भी गया है कि 'प्राणो वा अन्नं' अर्थात प्राण ही अन्न है। तात्पर्य है कि अन्न के बिना कुछ भी संभव नहीं है लेकिन आज उसी अन्न की बर्बादी हो रही है। आज भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में भोजन/अन्न/खाने की बर्बादी एक बड़ी गंभीर व ज्वलंत समस्या है। सच तो यह है कि भोजन की बर्बादी एक बड़ी त्रासदी है।भारत में आज शादियों, पार्टियों, किसी फंक्शन विशेष, कार्यालयों, घरों कमोबेश हर स्थान पर भोजन/अन्न की बर्बादी होती है जो चिंता का विषय है। खासकर भारत जैसे देश में, जहां लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं और जो हर रोज़ अपने पेट के गांठ बांध कर सोते हैं, उस देश में भोजन की बर्बादी हो तो यह किसी विडंबना से कम बात नहीं कही जा सकती। ब्याह-शादियों में आज शानो-शौकत दिखाने के लिए वर और वधू पक्ष खाने/भोजन के कई आइटम परोसते हैं जिसके कारण लोग खाते कम हैं और बर्बाद ज्यादा करते हैं।

अक्सर होता यह है कि लोग अपनी थाली में जरूरत से ज्यादा खाना भर लेते हैं और पेट भरने के बाद थाली में बचा काफी भोजन यूं ही व्यर्थ में फेंक देते हैं जो बाद में न तो किसी जानवर/जीव/पक्षी के काम आ सकता है और न किसी भूखे पेट के। हमारी इस आदत से अन्न की बहुत ज्यादा बर्बादी होती है। वैसे भी भारतीय संस्कृति में अन्न को जूठन के रूप में छोड़ना पाप माना गया है और यह अन्न का अपमान करने जैसा ही है और यह अपमान बहुत से लोग अनेक स्थानों पर करते हैं, फिर चाहे कोई पार्टी हो, शादी-ब्याह हो या अन्य कोई कार्यक्रम। घरों और कार्यालयों में भी लोग भोजन की बर्बादी से बाज नहीं आते हैं। वास्तव में अन्न को बर्बाद करना सिर्फ एक सामाजिक बुराई नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक बुराई भी है। अन्न की बर्बादी भी कहीं न कहीं अमीर और गरीब के बीच आर्थिक असमानता की खाई को और अधिक बढ़ाती है। आहार(भोजन/खाना/अन्न) के प्रति आज के समय में हमारा व्यवहार कैसा है यह बात आंकड़ों से एकदम स्पष्ट व साफ होती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के आंकड़े बताते हैं कि साल 2021 में दुनियाभर में 93.1 लाख टन भोजन कचरे में समा गया। इनमें से अधिकांश यानी 56.9 लाख टन कचरा हमारे घरों से निकला है। दरअसल भोजन को बर्बाद करते समय अक्सर हम लोग यह बात भूल जाते हैं कि जब भोजन बर्बाद होता है, तो भूमि, जल, श्रम, ऊर्जा और अन्य इनपुट भी बर्बाद हो जाते हैं जिनका उपयोग भोजन के उत्पादन, प्रसंस्करण, परिवहन, तैयारी, भंडारण और निपटान में किया जाता है। भोजन को बर्बाद करके हम देश के किसान-मजदूर (जो अन्न को पैदा करते हैं), अन्न को कमाने वाले तथा अन्न को हमारी थाली में परोसने वाले सभी का हम सरेआम अपमान करते हैं। इसलिए हमें चाहिए कि हम शादी-विवाहों, पार्टियों और अन्य उत्सवों में दिखावे और बनावटी सभ्यता-संस्कृति का शिकार न होते हुए सीमित खाने के आइटम्स को बनवाएं. जितनी हमें जरूरत हो उतना ही प्लेट/थाली में लें और तब भी अगर खाना बच जाए तो उसे जरूरतमंद लोगों में बांट दें। आज ज़्यादातर लोगों को यह एहसास तक नहीं होता कि वे कितनी बार और कितनी मात्रा में खाना बर्बाद करते हैं और इसका खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर कितना नकारात्मक असर हो सकता है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि वर्तमान में बर्बाद होने वाला पौष्टिक भोजन जरूरतमंद परिवारों को भोजन उपलब्ध कराने में सहायक हो सकता है। भोजन की बर्बादी कम करने से धन की भी बचत होती है।

भोजन की बर्बादी को रोककर हम संसाधनों को अधिक उत्पादक उपयोगों के लिए संरक्षित कर सकते हैं। इतना ही नहीं, भोजन की बर्बादी को रोककर हम ग्रीनहाउस गैसों को कम करके जलवायु परिवर्तन को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। क्या यह बहुत गंभीर व संवेदनशील बात नहीं है कि विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया का हर 7वां व्यक्ति आज भूखा सोता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत वर्ष 2024 के वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट- जीएचआई) में 27.3 स्कोर के साथ 127 देशों में से 105 वें स्थान पर है, जो खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की चुनौतियों से प्रेरित "गंभीर" भूख संकट को उजागर करता है। वर्ष 2022 में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के हवाले से यह खबर आई थी कि दुनिया में हर साल एक अरब टन से ज़्यादा खाना बर्बाद होता है, वहीं दुनिया के क़रीब 10 प्रतिशत लोगों को भोजन नसीब नहीं हो पाता है। खबर से पता चला कि दुनिया में हर साल तक़रीबन 1.3 अरब टन आहार व्यर्थ हो रहा है, जिससे अन्यथा 1.6 अरब लोगों की भूख मिटाई जा सकती थी। इतना ही नहीं, यूएनईपी (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम) की खाद्य अपव्यय सूचकांक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय घरों में सालाना 68.7 मिलियन टन भोजन बर्बाद होता है, सरल शब्दों में कहें तो यह प्रति व्यक्ति लगभग 55 किलोग्राम बैठता है। घरेलू खाद्य अपव्यय के मामले में यह दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है, उसके बाद चीन का स्थान है। राष्ट्रीय संसाधन रक्षा परिषद (एनडीआरसी) की एक अन्य रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका में उत्पादित भोजन का 40% हिस्सा खाया नहीं जाता, जबकि एशिया में लगभग 1.34 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है; इसमें मुख्य योगदान भारत और चीन का है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

# समाज के लिए बड़ी चुनौती है ड्रग



संजीव ठाकुर

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है।

गुजरात, मुंबई और अन्य प्रदेशों नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है।

तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं।

देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते। केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

# आल वुमेन गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान : राफ्टिंग टीम बलिया पहुंची, मंत्री व अधिकारियों ने किया स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता







**बलिया।** सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 53 दिवसीय आल वुमेन गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान 2024, जो गंगोत्री से गंगा सागर डायमंड हार्वर तक जाना है। राफ्टिंग टीम सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद बलिया में माल्देपुर घाट पर सायंकाल पहुंची।

राफ्टिंग टीम के स्वागत के लिए माल्देपुर घाट पर वन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। राफ्टिंग टीम की स्वागत के लिए जिलाधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, नगर मजिस्ट्रेट एवं नागाजी विद्यालय माल्देपुर के बच्चे, शिक्षक, ग्रामीण एवं वन विभाग के कर्मचारी अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे। जिलाधिकारीश्री प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा फ्लैग आन कर टीम को माल्देपुर घाट पर उतरवाया गया। तत्पश्चात सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी एवं उनके साथ उपस्थित अन्य अधिकारीगण को सेना स्मृति चिन्ह एवं नमामि गंगे एवं बीएसएफ का लोगो लगा टोपी देकर स्वागत किया गया। राफ्टिंग टीम के सभी सदस्यों का माला पहनाकर जिलाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल द्वारा नारी सशिक्तीकरण एवं क्लीन गंगा के माध्यम से महिलाओं के उत्थान एवं गंगा की सफाई के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इनके प्रयासों से निश्चित ही आम लोगों को सीख मिलेगी और आम लोग भी महिलाओं का सम्मान करेंगे।मां गंगा को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे। तत्पश्चात भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती को देखने के लिए गंगा घाट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा था। गंगा आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। राफ्टिंग टीम नागाजी वरिष्ठ विद्यालय, माल्देपुर में रात्रि विश्राम किया गया। पुनः 02 दिसंबर 2024 को राफ्टिंग टीम, डिप्टी कमान्डेंट प्रभात कुमार सिंह, डिप्टी कमान्डेंट मनोज सुन्दरीयाल एवं अन्य सीमा सुरक्षा बल के अधिकारीगण के साथ प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं नागाजी विद्यालय, माल्देपुर के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र त्रिपाठी के साथ विद्यालय के प्रांगण में चन्दन का पौध लगाकर प्रतीकात्मक वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात समस्त अधिकारी एवं टीम के सदस्य पुनः माल्देपुर घाट बलिया गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह थे। इसमें प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा परिवहन मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं पौध प्रदान कर स्वागत किया गया। साथ ही अपर जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को भी पुष्प गुच्छ एवं पौध देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री द्वारा सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों को पुष्प गुच्छ एवं पौध भेंट कर सम्मानित किया गया। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री को सीमा सुरक्षा बल एवं नमामि गंगे की स्मृति चिन्ह एवं टोपी प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राफ्टिंग टीम ए की लीडर प्रियंका मीना द्वारा राफ्टिंग कार्य में आने वाली समस्याओं एवं अनुभवों को साझा किया गया तथा राफ्टिंग टीम बी की लीडर प्रिया द्वारा सभी को गंगा की साफ-सफाई एवं देश सेवा के लिए शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभा को संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि बलिया की धरती वीरों की धरती रही है। आज से 9000 वर्ष पूर्व से ही महर्षि भृगु जी द्वारा गंगा की साफ-सफाई एवं गंगा के जल को भविष्य में कम होने की समस्या से वशिष्ट मुनि को अवगत कराया गया। इसी क्रम में गंगा नदी के प्रवाह को सदा नीरा बनाने के लिए घाघरा नदी को गंगा नदी में लाकर मिलाया गया। यह धरती ऋषि मुनियों की तपोस्थली है। सीमा सुरक्षा बल के राफ्टिंग अभियान के टीमों को इस पावन कार्य के लिए बधाई देना चाहूंगा। सीमा सुरक्षा बल के उन अधिकारियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जिनके मन में राफ्टिंग कार्यक्रम कराकर आम जनमानस को महिला सशक्तिकरण एवं क्लीन गंगा के प्रति जागरूक करने का विचार आया। उनके द्वारा राफ्टिंग टीम को गन्तव्य तक पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री द्वारा झंडा आफ कर राफ्टिंग टीम को बलिया जनपद के माल्देपुर घाट से रवाना किया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया, अपर जिलाधिकारी बलिया, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे तथा वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के साथ-साथ ग्रामीण एवं कम्पोजिट विद्यालय माल्देपुर के छात्र-छात्रा एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ससुराल आए युवक का कुएं में उतराता मिला शव

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के करनई गांव स्थित राजभर टोली में ससुराल आए युवक का शव सोमवार को उतराया मिला। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पहुंच गई और शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शिनाख्त सुखपुरा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर धरहरा निवासी रमेश राजभर 38 वर्ष पुत्र गतिलाल राजभर के रूप में की गई। सुखपुरा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर धरहरा निवासी रमेश राजभर 38 वर्ष पुत्र गतिलाल राजभर रविवार को अपने ससुराल करनई गया हुआ था। जहां बगल स्थित कुएं पर बैठा हुआ था जो बातचीत करने के दौरान असंतुलित होकर कुएं में गिर गया। जब देर रात तक घर नहीं पहुँचा तो परिजनों ने छानबीन किया। लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। सोमवार की सुबह उसका शव उतराया हुआ मिला

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, तीन घायल




**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के गड़वार-सुखपुरा मार्ग पर स्थित दुबे के डेरा के सामने ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। उधर शव को अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक और बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। बता दें कि गड़वार थाना क्षेत्र के लारपुर निवासी विजय, हरिकिशन और उपेंद्र वैवाहिक समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव जा रहे थे। वह गड़वार-सुखपुरा मार्ग पर स्थित दुबे के डेरा के सामने पहुंचे ही थे कि ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में विजय (40) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में हरिकिशन और उपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक व खलासी ट्रक छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुखपुरा योगेंद्र प्रसाद सिंह ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया।

### कव्वाली नाइट्स में अल्ताफ़ रजा ने बांधा समां



**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेले में भारतेन्दु कला मंच के तत्वाधान में कव्वाली नाइट्स कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कव्वाली नाइट्स में बलिया पहुंचे ख्यातिलब्ध गायक अल्ताफ राजा ने समां बांध दिया। अल्ताफ राजा के मंच पर चढ़ते ही भृगु बाबा के जयघोष से पूरा पांडाल गूंजित हो उठा। अल्ताफ राजा ने आवारा हवा का झोंका हूं, आ निकला हूं पल दो पल के लिए‟ जैसे ही गाना शुरू किया, उपस्थित दर्शक झूमने लगे। डम-डम डिगा-डिगा मौसम भींगा-भींगा, बिन पीये मैं तो गिरा, मैं तो गिरा हाय अल्ला,सूरत आपकी सुभान अल्ला‟ को श्रोताओं ने बड़े चाव से सुना। दर्शकों की माँग पर अल्ताफ़ ने जब "तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे" गया तो सभी श्रोताओं ने भी अपनी आवाज से उनका भरपूर साथ दिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के प्रतिनिधि, मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

### गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को पांच वर्ष का कारावास

**बलिया।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की शाम दोषी को पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दोषी का नाम शुभनारायन तिवारी पुत्र सरजू तिवारी उर्फ सूरूज तिवारी निवासी गोपालपुर बैरिया है। बता दें कि दोषी के खिलाफ बैरिया थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत दोषी को पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### युवा धावक मोहित ने आजमगढ़ की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**गाजीपुर।** सेवराई तहसील अंतर्गत रेवतीपुर ब्लॉक के अठहठा गांव निवासी युवा धावक मोहित प्रसाद ने आजमगढ़ में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता के 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव वालों में हर्ष व्याप्त है। इलाके के अठहठा निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र धावक मोहित प्रसाद बचपन से ही खेलकूद में अधिक रुचि रखते हैं। एथलेटिक्स में इन्होंने तेज धावक के रूप में अपनी पहचान बनाई। सुखदेव पहलवान स्टेडियम आजमगढ़ में आयोजित हुए जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता के 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम आने के बाद बतौर मुख्य अतिथि आजमगढ़ सदर के विधायक दुर्गा प्रसाद यादव के द्वारा इन्हें साइकिल देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मोहित प्रसाद बचपन से ही पारिवारिक आर्थिक तंगी के बावजूद गुदरी के लाल के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आजमगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न जनपद के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 400 मीटर की दौड़ में इन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि पर स्थानीय गांव के लोगों ने कहा कि मोहित प्रसाद में खेलकूद की प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है अगर इन्हें सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन मिले तो निश्चित तौर पर यह देश के लिए मेडल भी ला सकते हैं। उनके पैतृक आवास पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

### जलसा बनाम रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**कसया (कुशीनगर)।** अहिरौली बाजार स्थित मदरसा अहले सुन्नत बुशरा गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में एक विशाल जलसा बनाम रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन कारी रईस कौशर कादरी नायब प्रधानाचार्य मदरसा बुशरा के नेतृत्व में हुआ। जलसा कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सिवान जनपद बिहार से आए मौलाना गुलाम गौस कादरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मजहबे इस्लाम एक पाकीजा मजहब है, जो हमेशा अमन और सलामती का सन्देश देता है। हम अपनी दस्तर खान पर ज़ब बैठते है, तों हिन्दू, मुस्लमान, धर्म, जाति व बिरादरी सबको एक साथ लेकर मोहब्बत का पैगाम देते हैं,और देता रहेगा । उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगो से इल्म हासिल करने और पंज वक्ता नमाज अदा करते रहने का अपील किया । इनके अलावा जलसे को मौलाना मिन्हाज अहमद अमजदी, मौलाना नासिर हुसैन निजामी, मुजीब आदि ने सम्बोधित किया। इसके पूर्व नातिया कलाम का गुलदस्ता कारी रईस कौशर कादरी व हाफिज मिन्हाज अहमद राँचवी ने नातिया कलाम का गुलदस्ता पेश किया।

# बीएसएफ जवान का निधन, सम्मान के साथ दिया गया गार्ड ऑफ ऑर्नर

## न्यू कूचबिहार, वेस्ट बंगाल में थी तैनाती, तबीयत खराब होने पर ले जा रहे थे अस्पताल





विश्ववार्ता संवाददाता

**गाजीपुर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात जवान रामवंत प्रसाद (32) की अचानक तबीयत बिगड़ी और अस्पताल जाते-जाते निधन हो गया। वह नगर के फाक्सगंज के निवासी थे। अचानक निधन से घर में मातम छाया हुआ है। वह अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

उनके बड़े भाई जामवंत प्रसाद के अनुसार गाजीपुर नगर क्षेत्र के फाक्सगंज निवासी रामवंत प्रसाद बीएसएफ में कार्यरत थे। वर्तमान समय में न्यू कूचबिहार, वेस्ट बंगाल में तैनात थे। उनकी नियुक्ति वर्ष 2013 में हुई थी। विगत कुछ दिनों से छुट्टी पर घर आए हुए थे।

रविवार को सुबह नाश्ता करके बैठे की तबियत एकाएक बिगड़ गई। आनन- फानन में परिजन मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका विवाह वर्ष 2019 में हुआ था। अपने पीछे वह पत्नी गीता, पुत्री गर्विता (03) तथा पुत्र ऋषभ (02) को छोड़कर गए हैं।

उनके माता -पिता का निधन पहले ही हो चुका हैं। जवान का दाह संस्कार सोमवार को अपराह्न फाक्सगंज स्थित गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े भाई जामवंत प्रसाद ने दी। बीएसएफ के एसआई राजेश के नेतृत्व में आए सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑर्नर दिया।

उनके निधन पर पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, भाजपा जिलामंत्री धनेश्वर बिंद, राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत के प्रतिनिधि अरविंद कुमार, सभासद अशोक मौर्य, दिग्विजय पासवान, इंद्रजीत चौधरी, अमित चौधरी, नगीना, जोखन, आकाश चौधरी सहित सैकड़ों ने लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

# खलिहान की भूमि पर कब्जा ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कप्तानगंज कुशीनगर।** तहसील परिसर में पूर्व हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह मुन्ना के नेतृत्व में क्षेत्र के रामपुर बगहा निवासी लोगो ने प्रदर्शन करते हुए नारेवाजी किया।उनकी मांग थी कि दबंगो द्वारा खलिहान की भूमि पर किये गए कब्जे को खाली कराया जाए। एसडीएम के आश्वासन के उपरांत मामला शान्त हुआ।

कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर बगहा के साहबगंज टोला निवासी ग्रामीणों ने खलिहान की भूमि पर दबंगो द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।उनकी मांग थी कि तहसील प्रशासन द्वारा उक्त भूमि को खाली कराने के लिए दिसंबर 23 में आदेश जारी किया था।इसके उपरांत भी दबंगो का कब्जा मौके पर बना हुआ है।जिसको लेकर यहां दो वर्गों पर जमकर मारपीट की घटना हुई थी।जिसमें तमाम लोग जख्मी हुए थे।इस घटना में शामिल तमाम आरोपी आज भी धमकिया दे रहे है।इस प्रकरण को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने एसडीएम योगेश्वर सिंह को ज्ञापन सौंप आवश्यक कार्यवाही की मांग किया। अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर संजय सिंह मुन्ना विजय कनौजिया बैजनाथ नीरज सिंह मनोज सिंह मुन्ना रौनियार कन्हैया वर्मा भूपेंद्र सिंह दिलीप पाण्डेय भोला वर्मा राकेश दुर्गेश मदन समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।



## अतिक्रमण को लेकर डीएम सख्त, खुद पैदल चलकर ली हकीकत की जानकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शहर की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सोमवार की दोपहर ढाई बजे बस डिपो से चित्तू पाण्डेय चौराहा तक पैदल भ्रमण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शहर की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बस डिपो से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए चित्तू पाण्डेय चौराहा तक पैदल भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बलिया सुभाष कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर को सड़क किनारे तथा रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को सड़क चौड़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को फल एवं सब्जी की रेहड़ियों को शिफ्ट कराने के भी निर्देश दिए।

# धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह रोकने के लिए सजग रहें धर्मगुरु : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

» बिना आयु प्रमाणपत्र के न करायें किसी का विवाह

**देवरिया।** देवरिया बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह को रोकने के लिए सभी धर्मगुरुओं और धार्मिक स्थल संचालकों से सजग रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिना आयु प्रमाण पत्र देखे धार्मिक स्थल पर विवाह न कराये। धर्मगुरुओं की सजगता से बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भागीदारी एक गंभीर अपराध है। बाल विवाह केवल एक कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गहरा प्रभाव डालता है।

जिलाधिकारी ने धार्मिक स्थलों पर बिना विधिक आयु प्रमाण पत्र के विवाह न कराए जाने की अपील की। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से आग्रह किया कि विवाह से पहले वर-वधू के आयु प्रमाण पत्रों की जांच सुनिश्चित करें। साथ ही, बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए धार्मिक स्थलों पर दीवार लेखन और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ प्रकरणों में जागरूकता की कमी के कारण बाल विवाह संपन्न हो जाते हैं। ऐसे मामलों को रोका जा सकता है।

**बाल विवाह की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर**

जिलाधिकारी ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीयूजी नंबर 7052097681, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति-8299541747, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई-9452274299, जिला परिवीक्षा अधिकारी-9795094880, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (अपर जिलाधिकारी प्रशासन)-9454416254, पुलिस अधीक्षक-9454458032 एवं जिलाधिकारी देवरिया-9454417543 के नंबर पर बाल विवाह से जुड़ी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के चहेते अफसरों ने दिया संभल की घटना को अंजाम : रामगोविंद चौधरी

विश्ववार्ता संवाददाता



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने प्रशासनिक अफसरों के संगठनों से अपील किया है कि वह कार्यपालिका की मर्यादा बचाने के लिए उन अफसरों को अपनी जमात से बाहर करें जो संभल की खूनी घटना को अंजाम दिए हैं।

जो सम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और उसको धार देने के लिए संभल में नियोजित तरीके से पहले दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा किए, फिर गोली वर्षा करवाकर पांच लोगों की जान ले लिए, जो सांसदों को भी संभल के पीड़ितों से नहीं मिलने दे रहे हैं. उन्होंने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र में कार्यपालिका का एक सम्मानित स्थान रहा है. संभल की घटना में वहाँ तैनात अफसरों का आचरण उक्त स्थान और सम्मान को गहरा चोट पहुँचाने वाला है।सोमवार को अपने आवास पर समाजवादी साथियों और पत्रकारों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय सचिव, उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार सभी मोर्चे फेल हो चुकी है। महंगाई जानलेवा स्थिति में पहुँच चुकी है। बेरोजगारी चरम पर है. रुपया अपने सबसे बुरे दौर में हैं डबल इंजन की सरकार को समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। उन्होंने कहा है कि इस बदहाल स्थिति की तरफ से लोगों का ध्यान हटाने के लिए मुख्यमंत्री बटेंगे - कटेंगे का खेल खेल रहे हैं और उनके कुछ चहेते अफसर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए संभल जैसी दुर्भाग्य पूर्ण घटना को अंजाम दे रहे हैं। राम गोविन्द चौधरी ने कहा है कि संभल की घटना को आखिरी घटना नहीं समझे डबल इंजन की सरकार सूबे में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस तरह की घटनाएँ और जगहों पर भी करेगी और करायेगी. इससे सावधान रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार मुकदमे और बुलडोजर का सहारा लेकर डरा रही हैं जो अत्यंत ही चिंतनीय और निंदनीय हैं बीजेपी समझ रही है कि यह प्रदेश केवल उनका और उनके द्वारा पोषित गुंडों का ही है. सरकार की इस समझ के खिलाफ प्रदेश के युवा पीढ़ी, छात्र, किसान व्यापारी अधिवक्ता सहित सभी वर्गों को जो जहां हैं, वहीं इस सरकारी साजिश के खिलाफ आवाज उठायें यह देश अब दूसरी संपूर्ण क्रांति मांग रहा है। अन्यथा आने वाली पीढ़ी वर्तमान को माफ नहीं करेगी।

## दिनेश कुमार पी बनें बस्ती रेंज के नए डीआईजी

**बस्ती।** 2009 बैच के आईपीएस दिनेश कुमार पी को बस्ती परिक्षेत्र का पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया गया, इसके पूर्व वह कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे।वही बस्ती परिक्षेत्र के आईपीएस आईजी आर के भारद्वाज पदोन्नति के बाद लखनऊ मुख्यालय स्थानांतरण किया गया।

नवनियुक्त डीआईजी दिनेश कुमार पी दिनेश कुमार पी. का जन्म 1 मार्च 1986 को तमिलनाडु के सेलम जिले में हुआ उन्होंने कृषि विज्ञान में स्नातक (बीएससी एग्रीकल्चर) की पढ़ाई की और 2009 में सिविल सेवा परीक्षा पास कर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में शामिल हुए।

आईपीएस दिनेश कुमार पी ने सहारनपुर, शामली, गोरखपुर, झांसी, पीलीभीत, हमीरपुर, जौनपुर, और कन्नौज जैसे जिलों में पुलिस कप्तान के रूप में कमान संभाल चुके है।

# विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना है जरूरी

विश्ववार्ता संवाददाता

**गाजीपुर।** जमानियां स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां गाजीपुर के समस्त छात्र-छात्राओं को नेशनल यूथ फेस्टिवल में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत इनिशिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। पहला चरण-विकसित भारत प्रश्नोत्तरी है। इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 से 29 वर्ष की आयु के ही लोग भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी। दूसरा चरण निबंध और ब्लॉक लेखन में पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत के लिए तकनीक, विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परीलक्षित होंगे। उक्त कार्यक्रम की रुपरेखा के क्रम में महाविद्यालय के सभी स्नातक कला वर्ग, विज्ञान वर्ग, परास्नातक भूगोल, हिंदी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र के छात्र छात्राएं इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभाग में विजेता शिक्षार्थियों को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान वाले को पचहत्तर हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पचास हजार रुपए की धनराशि दी जायेगी । संयोजक प्रो शास्त्री ने बताया कि इच्छुक विज्ञान संकाय के शिक्षार्थी प्रो अरुण कुमार कला संकाय के शिक्षार्थी इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह अथवा हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ अभिषेक तिवारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य** फाइलेरिया मरीजों को वितरित की गई एमएमडीपी किट, साथ ही बताए योग के तरीके

# फाइलेरिया मरीज की खोज में सहयोग करें पीएसपी: नवीन

विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी से सम्बंधित फाइलेरिया मरीजों को सोमवार को पंचायत भवन पर पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सहयोग से एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया।

मरीजों को फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सीएचओ द्वारा डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ - सफाई व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 13 फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया मरीज कार्ड के साथ 12 दिन की खुराक भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नवीन प्रकाश भारती ने कहा कि कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य रोगी हितधारक मंच सहयोग कर फाइलेरिया मरीजों की खोज और उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने में सहयोग करें और हाईड्रोसील के मरीजों को चिन्हित कर उन्हे सर्जरी के लिए तैयार करें।

फाइलेरिया निरीक्षक अनिल पाण्डेय फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता।



लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है। दौरान सीएचओ अनुराधा सिंह ने कहा कि एमडीए अभियान के तहत पांच साल तक लगातार साल में एक बार दवा का सेवन करने से इस बीमारी का जोखिम कम किया जा सकता है। सीएचओ ने फाइलेरिया रोग प्रबंधन के लिए डेमो देकर फाइलेरिया के कारण शरीर में सूजन और अंगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। छह तरीके के व्यायाम का डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंग की सूजन को कम करने की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और प्रभावित अंगों की उचित साफ-सफाई से इस बीमारी के संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया।

कार्यक्रम के पीएसपी के सदस्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महावीर प्रसाद, संगिनी इंदू देवी, आशा कुसमावती देवी, इसरावती देवी, मंजू, भारती देवी, अहिल्या देवी, आंगनबाडी नीलम राय, मंजू देवी, फाइलेरिया मरीज जब्बर प्रसाद, अक्षयबर राय, गुलाब अली, सीफार के प्रतिनिधि सहित बीएसडब्ल्यू राकेश, फाइलेरिया मरीज व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरौना के मजरा चौखड़िया निवासी शिव शंकर (22) पुत्र राधेश्याम बस्ती जिले के पड़िया खास में स्थित गोयल आटा मिल में काम करता था। 30 नवंबर को उसका शव कमरे में लटकता मिला। परिवार के लोग बस्ती जिले गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं सूचना मिलने पर रविवार की शाम परिजन भी रोते-बिलखते घर लौट आए। देर शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### बुखार से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पटना निवासी मनीष तिवारी (22) पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी को तेज बुखार था। मनीष का जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट में इलाज चल रहा था। रविवार को युवक की हालत गंभीर हो गई। जिस पर अस्पताल ले गए, लेकिन मनीष की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं। देर शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### ई लाटरी के माध्यम से होगा चयन : उप कृषि निदेशक

**गोण्डा।** उप कृषि निदेशक प्रेम ठाकुर ने बताया कि 10 हजार रूपये से अधिक अनुदान वाले उपकरणों यथा मैकेनाजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग एवं फार्मशीनरी बैंक के लाभार्थियों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल / वेबसाइट पर जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी करायी जानी है। जिसके लिए कृषि विभाग में अनुदान पर वितरण हेतु मैकेनाजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग, एवं फार्मशीनरी बैंक के चयन के लिए ई-लाटरी कराये जाने हेतु तीन दिसंबर की तारीख नियत की गई है। तीन को कृषि भवन सभागार में सुबह 11 बजे का समय निर्धारित है। जनपद के समस्त संबंधित कृषक बंधुओं द्वारा मैकेनाजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग, एवं फार्मशीनरी बैंक की आनलाइन बुकिंग की गई है। किसान उक्त निर्धारित तिथि स्थान एवं समय में उपस्थित रहकर ई-लाटरी की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता में गोण्डा टीम ने ट्रॉफी जीती

**गोण्डा।** गोरखपुर जोन की 25वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन दिनांक 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक जनपद महाराजगंज के छत्रपति शाहूजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। जिसमें गोरखपुर जोन की 10 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोण्डा पुलिस टीम द्वारा सेमी फाइनल में बहराइच पुलिस टीम को हराकर फाइनल में जगह बनायी गई थी। 1 दिसंबर को जनपद गोण्डा व जनपद कुशीनगर की पुलिस टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया गोण्डा पुलिस टीम के कैप्टन अरविन्द राय द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोण्डा पुलिस टीम द्वारा 20 ओवर में 09 विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसमें गोण्डा पुलिस टीम के खिलाड़ी अभय काशी ने 47 गेंदों पर 88 रन, अमित ने 17, उत्कर्ष ने 15 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुशीनगर की टीम 16.2 ओवर में 108 रन बना कर ऑल आउट हो गई। गोण्डा पुलिस के खिलाड़ी अभय काशी को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया तथा सीरीज में 11 विकेट लेने वाले गोण्डा के तेज गेंदबाज अरविन्द राय को प्रतियोगिता के बेस्ट बॉलर से सम्मानित किया गया।

### शहर के नौजवान शायर आतिफ गोंडवी दुबई में पढ़ेंगे इंटरनेशनल मुशायरा




**गोंडा।** देने लगे हैं पांव के छाले भी अब सुकून मंजिल मिली तो दूर हुआ है सफर का बोझ, शहर के जाने माने नौजवान शायर आतिफ गोंडवी 7 दिसंबर 2024 को दुबई के शेख राशिद ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल मुशायरा पढ़ेंगे, जहां अलग अलग देशों से शायर शिरकत करेंगे। आपको बताते चलें कि 17 मई 2022 को विश्व स्तर की संस्था 'अंदाजे बयाँ और (एईबीए संस्थापक रेहान सिद्दीकी, शाजिया किदवई) ने भारत में राष्ट्रीय स्तर पर एक शायरों का कंपीटिशन टैलेंट हंट नाम से लखनऊ में कराया था, जिसके निर्णायक मशहूर शायर अजहर इकबाल और बॉलीवुड के शायर हसन कमाल थे। आतिफ गोंडवी ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था। पहले तीन विजेता को इनआम देने के साथ उन्हें दुबई में मुशायरा पढ़ाया जाना था। जिसके तहत शायर आतिफ गोंडवी 7 दिसंबर को दुबई के मुशायरे में काव्यपाठ करेंगे।

# खाड़ी देश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

## एक साल का वक्त बीतने के बाद भी नहीं दिलाया वीजा, पीड़ितों ने की शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जिले के वजीरगंज और रूपईडीहा निवासी लोगों ने बेरोजगारों को खाड़ी देश में नौकरी दिलाने के लिए लाखों रूपये की ठगी कर ली।

नकदी लेने के साथ ही काफी रकम अपने खाते में भी डलवा ली। लंबा वक्त बीतने के बाद भी किसी को खाड़ी देश नहीं भेजा गया है। करीब एक साल का वक्त बीतने के बाद पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। फखरपुर थाना क्षेत्र के वजीरगंज निवासी कल्लू पुत्र सहीपत, वकील पुत्र अजीज और अफरोज पुत्र दस्तगीर समेत अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। सभी ने बताया कि वजीरगंज निवासी अकरम ने दुबई में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके बाद अकरम ने रूपईडीहा निवासी अच्छन उर्फ अकबर अली से मुलाकात करवाई। इसके दोनों एजेंट ने दुबई में नौकरी दिलाने के लिए





वीजा के लिए प्रति व्यक्ति से 84/84 हजार रूपये वसूल लिए।

पीड़ितों के अनुसार एक वर्ष से अधिक का समय होने के बाद भी न तो उनको नौकरी मिली और न ही खाड़ी देश का वीजा। जब उन्होंने पैसा वापस मांगना शुरू किया तो ठगी करने वाले बहाने बनाने लगे। उनका कहना है कि ठगी का अहसास होने पर पीड़ितों ने फखरपुर थाने में तहरीर देने के साथ ही डीएम को भी प्रार्थना पत्र दिया। उनके अनुसार उस वक्त डीएम के निर्देश पर पुलिस के सामने ठगी करने वालों ने 10 नवंबर तक पैसा वापस देने का आश्वासन दिया लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला है। सभी ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। इसके बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाई धूम, पेश किये कार्यक्रम

**रिसिया-बहराइच।** गुरू हरि किशन रेड़ रोज पब्लिक स्कूल मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप डा. शिवेंद्र ठाकुर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कहा की इस प्रकार के आयोजनों से बच्चो मे उत्साह बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होने कहा की प्रतिभा किसी कि मोहताज नही होती है इन्ही नन्हे-मुन्हे बच्चे ही आगे चलकर अपने माता पिता व गुरूजनो के साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति ने डा. शिवेंद्र ठाकुर को सम्मानित किया। कार्यक्रम मे विद्यालय के विभिन्न कक्षा के बच्चो ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ बच्चो के अभिवकगण मौजूद रहे।

## मुठभेड़ के बाद चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

» आरोपियों के पास से चोरी की बाइक, बैटरी व इंन्वर्टर बरामद

**गोंडा।** सोमवार को कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक, बैटरी, इन्वर्टर आदि के अलावा तमंचा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार कोतवाली नगर में तैनात दरोगा ब्रह्मनंद व विपुल कुमार गश्त पर थे। तभी सिविल लाइन चौकी के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी की सूचना मिली। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस ने जब बाइक सवार दो युवकों को रोकने की कोशिश तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी जनपद सीतापुर के थाना मानपुर के ग्राम फूलपुर निवासी संदीप उर्फ राममिलन व कोतवाली नगर के आश्रय आवास निवासी आमिर हैं। उनके पास से चोरी की बैटरी, इन्वर्टर, बाइक व तमंचा बरामद किया गया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह गिरोह बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। बरामद सामान लखनऊ के नया बिहार कालोनी से एक घर से चोरी किया था।

## प्राथमिक विद्यालय में मासिक परीक्षा सम्पन्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के मानीगढ़ा के प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में छात्रों के शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से 5 तक के छात्रों ने भाग लिया। टेस्ट का उद्देश्य छात्रों की विषयगत समझ को जांचना और उनकी कमजोरियों को पहचान कर सुधार की दिशा में कदम उठाना था।

प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र शिक्षक मंडल द्वारा तैयार किया गया, जिसमें हिंदी, गणित, पर्यावरण और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया। परीक्षा के दौरान छात्रों ने अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। विद्यालय के अध्यापक कनौजिया प्रसाद ने कहा मासिक टेस्ट छात्रों की प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल उनकी पढ़ाई का आकलन करने में मदद करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। परीक्षा में प्रथम स्थान बिधयांशी, द्वितीय रोहित और तृतीय स्थान पर अंजलि और शिवानी संयुक्त में रूप से रही।शिक्षक और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की, क्योंकि यह बच्चों की शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है।इस प्रकार, मासिक टेस्ट ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच आपसी सहयोग और शिक्षा के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया।

## डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**बलरामपुर।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में सभी कैमरों की सुचारू रूप से संचालन का जायजा लिया एवं एक सप्ताह पूर्व के रिकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था एवं अभिलेखों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अमित पाठक बने देवीपाटन मंडल के नए डीआईजी, एपी सिंह का तबादला

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल गोंडा के पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह का तबादला कर दिया गया है। 2007 बैच के आईपीएस अमित पाठक पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र बनाए गए गए हैं।



नवागत उपमहानिरीक्षक आईपीएस अमित पाठक उन्नाव के मूल निवासी हैं। इनकी पत्नी नीलम अग्रवाल आईआरएस अधिकारी हैं। प्रदेश के गाजियाबाद, मुरादाबाद,आगरा व वाराणसी समेत 8 जिलों मे अमित पाठक बतौर कप्तान रहे हैं। वह एसटीएफ में भी पांच साल बतौर एसएसपी रहे हैं। वर्ष 2016 में यूपी के बिजनौर में हुए सबसे चर्चित हत्याकांड एनआईए के डीएसपी तंजील अहमद और उनके पत्नी के मर्डरकेस का खुलासा कर सुर्खियों में रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के मूल निवासी 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित पाठक का नाम तेजतर्रार आईपीएस अफसरों में शुमार है। उन्नाव में 22 जनवरी 1979 को जन्मे अमित पाठक केमेस्ट्री से एमएससी हैं। यूजीसी नेट क्वालीफाई कर वह कानपुर विश्वविद्यालय में ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के लेक्चरर नियुक्त हुए थे। वर्ष 2007 में आईपीएस में चयनित होने के बाद बेहतर पुलिसिंग के कारण हमेशा सुर्खियों में रहे। एसटीएफ में एसपी रहते हुए इन्होंने कई सनसनीखेज का खुलासा किया। पेट्रोल पंपों पर घटतौली और चिप के मामले का भी उन्होंने खुलासा किया था।

# आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो के गुर सीखें बच्चे

## ताइक्वांडो आत्मरक्षा का तीन मासिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** स्थानीय केंद्रीय विद्यालय रेल परिसर गोंडा में बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु तीन माह तक ताइक्वांडो का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।




शिविर के प्रारंभ में एसोसिएशन के सचिव डॉ. प्रत्यूष राज ने बताया कि विद्यालय के समस्त बालक व बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न कलाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिसमें पंच, डिफेंस, फिजिकल फिटनेस, ताइक्वांडो स्किल के गुर सिखाए जा रहे हैं।

इसके अलावा विषम परिस्थितियों में बालक-बालिका अपनी रक्षा कैसे करें, इस संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की छात्र-छात्राओं को आगामी प्रतियोगिताओं हेतु भी तैयार किया जा रहा है। जिससे वह आगे चलकर जनपद राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभाग कर सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा सक्सेना ने बताया कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आत्मरक्षा के इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बालक बालिकाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। शिविर के अंतिम दिन दिए गए प्रशिक्षण की सभी प्रस्तुति भी देंगे। इस मौके पर ताइक्वांडो प्रशिक्षक अजय जयसवाल और जिया सिंह समेत गणेश कुमार व प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## 25 दिसंबर तक करें बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए आवेदन

**गोण्डा।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मल्लिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी व गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम ना हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जिसके अंतर्गत चयनित कलाकार को रुपए 5 लाख की धनराशि एवं अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। बेगम अख्तर पुरस्कार से संबंधित नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र 25 दिसंबर 2024 तक पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेगम उत्तर पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर आगामी 25 दिसंबर 2024 तक उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके क्रम में पात्र महानुभाव अपने नामांकन संस्कृत विभाग की वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर भेज सकते हैं।

## डाकघरों में कई महीनों से नहीं मिल रहा पोस्टल आर्डर, लोग परेशान

**विश्ववार्ता संवाद**

**गोण्डा।** तहसील मुख्यालय स्थित डाकघर कर्नलगंज सहित आसपास के अन्य डाकघर व उप डाकघरों में कई महीनों से पोस्टल ऑर्डर ना मिलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर के जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों का कहना है कि ऊपर से ही पोस्टल आर्डर आने बंद हो गए हैं और इसकी छपाई बंद हो गई है। पोस्टर ऑर्डर का अभाव कब तक बना रहेगा इस बारे में कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। विभागीय सूत्रों ने बताया कि विभाग में भारतीय पोस्टल आर्डर की किल्लत काफी समय से बनी हुई है। इससे जरूरत मंद लोग पोस्टल आर्डर के लिए प्रधान डाकघर तक चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें 10 रूपये, 20 रुपए का पोस्टल आर्डर नहीं मिल पा रहा है। आपको बता दें कि विभिन्न कामों के अलावा आरटीआई के आवेदन के लिए 10 रुपए के पोस्टल आर्डर की जरूरत पड़ती है। इसके बिना लोग आवेदन नहीं कर सकते हैं। अब ऐसे में आरटीआई कार्यकर्ता 10 रुपए का पोस्टल आर्डर कहां से लाएं। कुछ आरटीआई एक्टिविस्टों ने बताया कि बीते कई माह से डाकघर कर्नलगंज सहित अन्य डाकघर व प्रधान डाकघर में 5 रुपए, 10 रुपए व 20 रुपए के पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध नहीं है। डाकघरों में 5, 10 व 20 रुपए के पोस्टल आर्डर का अभाव होने से लोगों को मजबूरन दस रुपए का बैंक ड्राफ्ट पैंतालीस से पच्चास रुपए खर्च करके बनवाना पड़ रहा है और अनावश्यक समय नष्ट हो रहा है। इससे लोगों की जेब पर भार पड़ने के साथ ही उनका शोषण भी हो रहा है।

## बस स्टेशन और शौचालय के निर्माण में की गई अनदेखी

**उतरौला(बलरामपुर)।** उतरौला में करोड़ों की लागत से बने आधुनिक बस स्टेशन में एक और समस्या ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बस स्टेशन के अंदर बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति अब अति जर्जर हो चुकी है और यह पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। इस शौचालय का मरम्मत कार्य अब तक नहीं कराया गया है, जिससे यात्रियों को शौचालय की सुविधा के बिना यात्रा करना पड़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा उतरौला बस स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी। इस धनराशि से भवन का निर्माण तो पूरा कर लिया गया, लेकिन बस स्टेशन पर यात्रियों के लिए आवश्यक सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

आदिल हुसैन, विकास मंच अध्यक्ष, ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी शौचालय का मरम्मत कार्य नहीं किया गया, जिससे यात्रियों को विशेषकर महिलाओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेशन पर केवल एक सार्वजनिक शौचालय था, जो अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। शौचालय के बंद होने के कारण यात्रियों को खुले में शौच और लघुशंका की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं खास तौर पर इस समस्या से अधिक प्रभावित हो रही हैं। चूंकि बस स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण रूटों की बसें रुकती हैं, ऐसे में यात्रियों को शौचालय की आवश्यकता सबसे ज्यादा होती है। लेकिन शौचालय बंद होने से उन्हें काफी असुविधा होती है।

स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने कई बार इस समस्या को लेकर अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। राम कुमार, सतीश, राहुल, पंकज, इरशाद, जावेद, आसिफ और सुहेल जैसे यात्रियों ने बताया कि शौचालय की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों से आवेदन किया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। नगर पालिका परिषद के निरीक्षण के दौरान भी इस समस्या को सामने लाया गया था, फिर भी अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरकार जहां स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता बढ़ा रही है, वहीं उतरौला बस स्टेशन पर स्वच्छता की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। सार्वजनिक शौचालय का बंद होना सरकार के स्वच्छता अभियान और यात्रियों की सुविधाओं के प्रति अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है।

कई समाजसेवियों ने इस मुद्दे पर अधिकारियों से कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। आदिल हुसैन ने कहा कि बस स्टेशन पर शौचालय की स्थिति को लेकर अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने चाहिए। शौचालय का निर्माण या मरम्मत कार्य जल्द से जल्द कराकर उसे चालू किया जाए ताकि यात्रियों को उचित सुविधा मिल सके। इसके अलावा, अन्य बस स्टेशनों पर भी शौचालय की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि यात्रियों को आने-जाने के दौरान इस प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। समाजसेवियों और स्थानीय लोगों की यह अपील है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान दे और जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत करवा कर उसे यात्रियों के लिए फिर से उपलब्ध कराए।

## पुलिस टीम ने बालिकाओं व महिलाओं सेल्फ डिफेंस के बारे में किया जागरूक

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं।

## तहसील स्तरीय दिव्यांग बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर)।** सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय जाफराबाद में तहसील स्तरीय दिव्यांग बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सुनीता वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें चारों ब्लॉकों के बच्चों ने अपनी खेलकूद क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार सना खान (पीएस महुआ ढार, श्रीदत्तगंज),द्वितीय पुरस्कार अंशिका (यूपीएस जिगनी, रेहरा बाजार) व तृतीय पुरस्कार अंतिमा (रेहरा बाजार) को मिला। कुर्सी दौड़ में आकर्षक प्रतियोगिता देखने को मिली इसमें प्रथम पुरस्कार मोहम्मद कैफ (रेहरा बाजार), द्वितीय पुरस्कार फुरकान (सेखुइया गैड़ास बुजुर्ग) व तृतीय पुरस्कार रेहान (यूपीएस बासूपुर, उतरौला)को मिला। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और इसमें प्रथम पुरस्कार मोहम्मद फुरकान (सेखुइया गैड़ास बुजुर्ग), द्वितीय पुरस्कार समीर (कम्पोजिट विद्यालय कालू बनकट) व तृतीय पुरस्कार निजामुद्दीन (कम्पोजिट विद्यालय कालू बनकट) को मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपना हुनर दिखाया और इसमें प्रथम पुरस्कार खुशी (यूपीएस जिगनी, रेहरा बाजार), द्वितीय पुरस्कार अंतिमा (रेहरा बाजार) व तृतीय पुरस्कार मानसी (महमूदाबाद उल्लैहिया) को मिला। कार्यक्रम के दौरान बीईओ उतरौला सुनीता वर्मा, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग विनय कुमार, बीईओ रेहरा बाजार रमेश वर्मा, बीईओ श्रीदत्तगंज रमेश मौर्य, तथा विशिष्ट अतिथि राकेश चंद्र (प्रथमा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक) और ग्राम प्रधान मुमताज अहमद ने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया। उन्होंने दिव्यांग प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, व उपहार प्रदान किए। पुरस्कार पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर खुशी और संतोष झलक रहा था। प्रतियोगिता आयोजन में चारों ब्लॉक के विशेष शिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष शिक्षक शाह मोहम्मद, शैलेश कुमार पांडे, विद्याभूषण निषाद, सुरेश चंद चौधरी, सुमन त्रिपाठी, कुसुम पांडे, कमलेश कुमार सिंह, तालुकदार वर्मा, विनोद मिश्रा, एआरपी विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार, अनवार अहमद ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार वर्मा, रमाकांत वर्मा, काजिम अली, असलम राईनी, अमित श्रीवास्तव, अतुल कुमार, संतोष, सौरभ,अमरनाथ, श्रवण कुमार, विमल, राजेश शर्मा सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता ने दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को उजागर किया और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन से यह संदेश भी गया कि ऐसे आयोजन से दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** अपने ही ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचल कर किसान का हुआ मृत्य, जुटी भीड़ ने डायल 112 पर फोन कर अस्पताल भेजवाया जहां डॉक्टर ने किसान को मृत्यु घोषित कर दिया। आज दिन में लगभग 12 बजे के आस पास बजाज चीनी मिल से ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना बेंच कर वापस अपने घर जा रहा था राजा राम डुमरिया गंज रोड पर छीतर पारा के पास पहुंचने पर राजाराम को नीद आ गई जिससे ट्रैक्टर से गिर पड़े जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली दोनों ऊपर से निकल गया। घटना सुनते ही भीड़ इकठ्ठा हो गई आनन फानन मे लोगों ने चिकित्सा सेवा हेतू सीएचसी उतरौला भेजवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। राजा राम की उम्र लगभग 36 वर्ष थी उनके चार बच्चे हैं जो नाबालिक हैं। थाना अध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**श्रद्धांजलि सभा** पुण्यतिथि पर सम्मानित किये गये मेधावी छात्र-छात्राएं, ठाकुर हुकुम सिंह द्वारा स्थापित संस्थानों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला

# ठाकुर हुकुम सिंह का पूरा जीवन राष्ट्र व समाज सेवा के लिए था समर्पित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कैसरगंज बहराइच।** जन-जन के प्रेरणा स्रोत ठाकुर हुकुम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज में ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार सिंह विसेन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) प्रज्ञा त्रिपाठी और विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा मौजूद रहे।



सभा की शुरुआत स्व. ठाकुर हुकुम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि ठाकुर हुकुम सिंह ने समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता आज भी लोगों को प्रेरणा प्रदान करती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ठाकुर हुकुम सिंह द्वारा स्थापित संस्थानों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। सभा में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस मौके पर सागर मल पारीक, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, गंगाधर मिश्रा एडवोकेट, डॉ. अरविंद सिंह, प्रबन्धक विश्वपाल सिंह, भगवान दास सोनी, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, सुबेद वर्मा, बादशाह सिंह, पूर्व प्रधान कौशलेन्द्र चौधरी, भगवानदास सोनी, मौलाना खालिद, डॉ. अरशद रईस, शिवा जी पाण्डे, डा. एन.के.सिंह, सुदर्शन सिंह, विवेक सिंह विसेन, मनोज सिंह और हीरालाल आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाई धूम



**रिसिया, बहराइच।** गुरू हरि किशन रेड रोज पब्लिक स्कूल मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप डा. शिवेंद्र ठाकुर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की इस प्रकार के आयोजनों से बच्चो मे उत्साह बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होंने कहा की प्रतिभा किसी कि मोहताज नही होती है। यही बच्चे ही आगे चलकर अपने माता पिता व गुरूजनो के साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति ने डा. शिवेंद्र ठाकुर को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षा के बच्चो ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देश भक्ति और फिल्मी गीतों पर नृत्य कर बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए देश के ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ बच्चो के अभिवकगण मौजूद रहे।

# कोहली-बुमराह ने बहाया पसीना

## विराट बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में एडिलेड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज

एजेंसी

**कैनबेरा।** भारत ने रविवार को दो दिवसीय अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश को छह विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में विराट कोहली बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे, जबकि नेट्स में उन्हें जसप्रीत बुमराह के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास करते देखा गया। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें किंग कोहली को नेट्स पर अभ्यास करते देखा जा रहा है। वह जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदों का सामना कर रहे हैं।



हैरानी की बात यह है कि वह प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। फैंस को इंतजार था कि वह अपने स्टार खिलाड़ी को इस मैच में बल्लेबाजी करते देखेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से मात दी थी। इस जीत में विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विराट ने अपना 30वां टेस्ट शतक और ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सातवां शतक बनाया। मैच में आठ विकेट लेने वाले कार्यवाहक कप्तान बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। अब किंग कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलते दिखेंगे। यह मुकाबला छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। इस मैदान पर 36 वर्षीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड शानदार रहा है। एडिलेड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में कोहली दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने आठ पारियों में 509 रन बनाए हैं। अभ्यास मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रधानमंत्री एकादश ने 43.2 ओवर में 10 विकेट पर 240 रन बनाए। उनकी तरफ से सैम कोंस्टास ने शतक जड़ा। उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 14 चौके व एक छक्की की मदद से 107 रन बनाए। इस दौरान हर्षित राणा ने चार विकेट लिए। जवाब में भारत ने 43वें ओवर की पांचवीं गेंद पर 241 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। चूंकि यह मुकाबला 46 ओवर तक खेलना था, इसलिए टीम इंडिया ने खेल जारी रखा। इस तरह भारत ने 17 रन की बढ़त बनाई। इस दौरान भारतीय टीम की तरफ से शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाया। हालांकि, रोहित शर्मा कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। वह सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें एंडरसन ने अपना शिकार बनाया। भारतीय कप्तान का फ्लॉप होना चिंताजनक है।

# बिजली डील को लेकर अडाणी से फिर बात करना चाहती है बांग्लादेश सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश कथित तौर पर अडाणी समूह से खरीदी जाने वाली बिजली के लिए बहुत कम कीमतों के लिए फिर से बातचीत करना चाहता है। क्योंकि देश की जनता के लिए महंगी बिजली पर सब्सिडी देने के अपने खर्च को कम करने की कोशिश कर रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा तब तक नहीं होगा जब तक कि बांग्लादेश की एक अदालत पूर्वी भारत में 2 बिलियन डॉलर के प्लांट से कोयले से चलने वाली बिजली प्राप्त करने के लिए अडाणी पावर के साथ 2017 में ट्रांसफर 25-वर्षीय डील को पूरी तरह से रद्द नहीं कर देती। यह सब ऐसे समय में हुआ है जब अडाणी समूह वर्तमान में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा 265 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी योजना के आरोपों का सामना कर रहा है, जिसका उसने हिस्सा होने से इनकार किया है। सरकार कम कीमतें चाहती है क्योंकि अडाणी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 8.77 टका औसत मूल्य की तुलना में बांग्लादेश को भारतीय बिजली के लिए सबसे अधिक दर 14.02 टका प्रति यूनिट वसूली है।

2023-24 में यह घटकर 12 टका प्रति यूनिट रह गई। जबकि खुदरा मूल्य 8.95 टका प्रति यूनिट है, जिससे सरकार को बिजली पर सब्सिडी देने के लिए 320 बिलियन टका का खर्च उठाना पड़ता है।

यह भी उस समय आया है जब उच्च न्यायालय ने 2017 में अडाणी पावर के साथ पूर्वी भारत में 2 बिलियन डॉलर के प्लांट से कोयला आधारित बिजली प्राप्त करने के लिए ट्रांसफर 25-वर्षीय डील की जांच करने का आह्वान किया है, जैसा कि बांग्लादेश के ऊर्जा मंत्री के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है।

# सरकार ने हटाया पेट्रोल-डीजल और एटीएफ से विंडफॉल टैक्स

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा नोटिफिकेशन में दी जानकारी

● सरकार ने अगस्त में भी क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स घटाया था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल, पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी, यानी विंडफॉल टैक्स को हटा दिया है। अब पेट्रोल-डीजल का एक्सपोर्ट करने वाली रिफाइनिंग कंपनियों को कोई विंडफॉल टैक्स नहीं देना होगा।

साथ ही सरकार ने क्रूड प्रोडक्ट्स पर लगाए जाने वाले विंडफॉल टैक्स को भी हटा दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में नोटिफिकेशन पेश किया, जिसमें यह जानकारी दी गई थी। तीन महीने पहले सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादन किए जाने वाले क्रूड ऑयल के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स को घटाया था। अपनी रेगुलर रिव्यू में सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 2,100 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 1,850 रुपए प्रति मीट्रिक टन किया था। यह बदलाव 31 अगस्त से लागू हुआ था। सरकार हर 15 दिन पर विंडफॉल टैक्स रिव्यू करती है। इससे पहले सरकार ने 16 अगस्त को विंडफॉल टैक्स 4,600 रुपए प्रति मीट्रिक टन से 54.34% घटाकर 2,100 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया था। इस हिसाब से अगस्त महीने में दो बार में सरकार ने 59.78% विंडफॉल टैक्स घटा दिया था। वहीं, दूसरी ओर सरकार ने डीजल, पेट्रोल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी एयरक्राफ्ट में इस्तेमाल होने वाले ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को शून्य पर बनाए रखने का फैसला किया था। यानी घरेलू रिफाइनरों को डीजल, पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर मिल रही छूट आगे भी बरकरार रहने वाली है। इससे उन घरेलू कंपनियों को फायदा होता रहेगा, जो रिफाइनरी चलाती हैं और डीजल, पेट्रोल और एटीएफ जैसे रिफाइंड प्रोडक्ट को देश के बाहर के बाजारों में बेचती हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ ही विंडफॉल टैक्स को भी रिवाइज किया जाता है। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2022 को पहली बार विंडफॉल टैक्स लगाया था। फिलहाल ऐसे कई देश हैं जो एनर्जी कंपनियों को होने वाली मोटी कमाई पर टैक्स वसूलते हैं।




## सेंसेक्स 445 अंक की तेजी के साथ 80,248 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 445 अंक (0.56%) की तेजी के साथ 80,248 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 144 अंक (0.6%) की तेजी रही, ये 24,276 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी और 18 में गिरावट रही। वहीं, 1 शेयर में कोई भी बदलाव नहीं हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स का एफएमसीजी और पीएसयू बैंक छोड़कर सभी बढ़त के साथ बंद हुए। रिलायंस, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने बाजार को नीचे खींचा।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.80% की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.058% की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.13% की तेजी के साथ बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार (29 नवंबर) को 4,383.55 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 5,723.34 करोड़ के शेयर खरीदे। 29 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.42% चढ़कर 44,910 पर और एसएंडपी 500 0.56% चढ़कर 6,032 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.83% की तेजी के साथ 19,218 पर बंद हुआ। भारत के पहले रजिस्टर्ड स्मॉल एंड मीडियम ट्रस्ट, प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट का आईपीओ आज यानी 2 दिसंबर से ओपन हो गया है।

निवेशक इस इश्यू के लिए 4 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। 9 दिसंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 417 अंक (0.76%) चढ़कर 55,199 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट थी।

# बेस्ट एक्टर के लिए राजकुमार राव और बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब करीना कपूर को मिला

## फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2024 : पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने मारी बाजी

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स के 5वां एडिशन मुंबई में होस्ट किया गया। 1 दिसंबर को आयोजित किया गया फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की शाम शानदार रहीं। इस एडिशन में 39 कैटेगरी में बेस्ट वेब सीरीज और फिल्मों का जश्न मनाया गया। इस जश्न में डिजिटल मनोरंजन की दुनिया के टॉप सेलिब्रिटी, डायरेक्टर और टेकनिकल स्पेशलिस्ट शामिल हुए थे। वेब सीरीज केटेगरी में बड़े विजेताओं में राजकुमार राव सबसे आगे रहे। राजकुमार ने 'गन्स एंड गुलाब' में अपनी भूमिका के लिए बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) - कॉमेडी का पुरस्कार जीता है। गगन देव रियार को 'स्कैम 2003: द तेलगी स्टोरी' में उनके शानदार अभिनय के लिए भी पहचान मिली, उन्होंने बेस्ट एक्टर सीरीज (मेल)- ड्रामा का खिताब जीता है।

फीमेल एक्टिंग केटेगरी में, कॉमेडी सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब गीतांजलि कुलकर्णी को 'गुल्लक' सीजन 4 के लिए मिला, जबकि ड्रामा सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड का खिताब मनीषा कोइराला को 'हीरामंडी: द डायमंड' में उनके दमदार अभिनय के लिए दिया गया है।



### बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर

फैसल मलिक को 'पंचायत' सीजन 3 के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर सीरीज (मेल) - कॉमेडी के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, आर। माधवन को 'द रेलवे मेन' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर सीरीज (मेल) - ड्रामा के खिताब से नवाजा गया है।

### बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस केटेगरी में निधि बिष्ट ने 'मामला लीगल है' (कॉमेडी) में अपनी भूमिका के लिए अवॉर्ड जीता, और मोना सिंह को 'मेड इन हेवन' सीजन 2 (ड्रामा) में उनके शानदार एक्टिंग के लिए सम्मानित किया गया है।

### अन्य अवॉर्ड्स

'काला पानी' के लिए बिस्वपति सरकार को बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी सीरीज का अवॉर्ड दिया गया। अन्य में बेस्ट सिनेमेट्रोग्राफी, सीरीज के लिए सुदीप चटर्जी, महेश लिमये, हुएनस्टैंग मोहपात्रा और रागुल हेरियन धरुमन ने 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' के लिए साझा किया और 'द रेलवे मेन' के लिए यशा जयदेव रामचंदानी को बेस्ट एडिशन सीरीज अवॉर्ड दिया गया। क्रिएटिव केटेगरी में, बेस्ट डायलॉग सीरीज का खिताब सुमित अरोड़ा को गया है। उन्होंने यह खिताब 'गन्स एंड गुलाब्स' के लिए जीता है। जबकि बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले सीरीज अवॉर्ड टैलेंटेड तिकड़ी अज निदिमोरू, कृष्णा डीके और सुमन कुमार को 'गन्स एंड गुलाब्स' में उनके काम के लिए दिया गया। 'स्कैम 2003: द तेलगी स्टोरी' को बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले सीरीज का खिताब भी मिला है, जिसमें किरण यदनोपावित, केदार पाटनकर और करण व्यास को उनके असाधारण रूपांतर के लिए श्रेय दिया गया। बेस्ट वीएफएक्स (सीरीज) के लिए 'द रेलवे मेन' ने बाजी मारी, जबकि फिल्मगेट एबी और हाइव स्टूडियोज ने विजुअल इफेक्ट्स संभाले। बेस्ट साउंड डिजाइन (सीरीज) का अवॉर्ड संजय मौर्य और ऑलविन रेगो ने 'काला पानी' के लिए जीता, जबकि बेस्ट साउंडट्रैक (सीरीज) का खिताब संजय लीला भंसाली, राजा हसन और शर्मिष्ठा चटर्जी को 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में उनके काम के लिए दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर, सीरीज शिव रवैल को 'द रेलवे मेन' के लिए मिला, जिसने उनके निर्देशन करियर की शानदार शुरुआत की। फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स में, क्रिटिक्स कैटेगरी में 'गन्स एंड गुलाब्स' ने बेस्ट सीरीज का पुरस्कार जीता, जबकि 'मुंबई डायरीज' सीजन 2 ने बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड जीता है। सीरीज में बेस्ट एक्टर (मेल) अवॉर्ड के। के। मेनन को 'बंबई मेरी जान' के लिए मिला, जबकि हुमा कुरैशी को 'महारानी एस03' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। फिल्मों में, 'जाने जान' ने बेस्ट फिल्म अवॉर्ड जीता, जबकि जयदीप अहलावत और अनन्या पांडे को बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस अवॉर्ड से नवाजा गया। अर्जुन वरेन सिंह को 'खो गए हम कहां' के लिए विशेष सम्मान मिला। इस बीच, फिल्म केटेगरी में करीना कपूर खान ने 'जाने जान' में अपनी भूमिका के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता, जबकि दिलजीत दोसांझ ने 'अमर सिंह चमकीला' में अपने अभिनय के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है।



## पुष्पा 2 : द रूल का गाना पीलिंग्स रिलीज



फिल्म पुष्पा 2 : द का गाना पीलिंग्स रिलीज हो गया है। इस साल की मच अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 : द रूल इस हफ्ते रिलीज़ होने के लिए तैयार है। जबरदस्त ट्रेलर के बाद, मेकर्स ने इसके हिट गानों से दर्शकों की उत्सुकता को बनाए रखा है। फिल्म पुष्पा 2 : द रूल का गाना पीलिंग्स रिलीज़ हो गया है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी से सजा यह गाना इस साल का पावरफुल और जबरदस्त ब्लॉकबस्टर है। पुष्पराज और श्रीवल्ली अपनी शानदार केमिस्ट्री और धमाकेदार परफॉर्मेंस से स्क्रीन पर आग लगा रहे हैं। पुष्पा 2 : द रूल, सुकुमार द्वारा निर्देशित और अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल द्वारा अभिनीत है। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका म्यूजिक टी सीरीज ने दिया है। यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी।

## 65 वर्ष के हुये बोमन ईरानी



बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी आज 65 वर्ष के हो गये। बोमन ईरानी का जन्म 02 दिसंबर 1959 को मुंबई में एक ईरानी पारसी परिवार में हुआ था। बोमन ईरानी के जन्म से छह महीने पहले उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। उनकी तीन बड़ी बहनें हैं। शिरीन, शेनाज और रोशन। बोमन ईरानी बचपन में डिस्लेक्सिया से पीड़ित थे , जिस पर उन्होंने अंततः काबू पा लिया। उन्होंने सेंट मैरी स्कूल से अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की , जिसके बाद उन्होंने मुंबई के मीठीबाई कॉलेज में दो साल का कोर्स किया। ईरानी ने मुंबई में एक बेकरी और नमकीन की दुकान भी संभाली , जिसे उनकी मां चलाती थीं। अपने स्कूल के दिनों के दौरान बोमन ईरानी को अभिनय का शौक था, जहां उन्होंने 1981 से 1983 तक अभिनय प्रशिक्षक हंसराज सिद्धिया से प्रशिक्षण लिया। बोमन ईरानी को अभिनेता एलीक पद्मसी ने मार्गदर्शन दिया था। वह कई थिएटर नाटकों में दिखाई दिए जैसे रोशनी, जिसे वर्सोवा के क्षेत्रीय थिएटर में खेला गया था। उन्होंने कई टीवी धारावाहिकों जैसे फैमिली टाईज़ और महात्मा बनाम गांधी में भी अभिनय किया , जिसमें अभिनेता दर्शन जरीवाला द्वारा भूमिका ठुकराए जाने के बाद गांधी की भूमिका निभाई। बोमन ईरानी ने 2000 में ऑन-स्क्रीन अभिनय की ओर कदम बढ़ाया। वह फैंटा , अंबुजा सीमेंट्स और सीएट लिमिटेड के कई विज्ञापनों में दिखाई दिए। डरना मना है में उनकी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका ने उन्हें आलोचकों की प्रशंसा दिलाई। फिल्म को हिट घोषित किया गया, और उन्हें सैफ अली खान के साथ एक खंड में देखा गया।

## सारा अली खान को मिला नया ब्वॉयफ्रेंड!

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान एक्टिंग के साथ अपने चुलबुले अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के मजेदार पोस्ट काफी वायरल भी रहते हैं। यही वजह है कि फैंस एक्ट्रेस से जुड़ी हर अपडेट पर नजर बनाए रखते हैं। कुछ समय पहले से सारा को लेकर अफवाहें उड़ रही है कि वो मॉडल अर्जुन प्रताप बजवा को डेट कर रही हैं। कई लोगों का मानना है कि सारा और अर्जुन प्रताप बजवा डेट कर रहे हैं लेकिन दोनों अपने रिश्ते को सीक्रेट रखना चाहते हैं। अब दोनों एक बार फिर वेकेशन एन्जॉय करते हुए देखा जा रहा है। दोनों ने ही होटल से अपनी फोटोज शेयर की हैं जिसके बाद से हर तरफ सारा और अर्जुन की चर्चा हो रही है। सारा अली खान और अर्जुन प्रताप बजवा इन दिनों राजस्थान में हॉलिडे एन्जॉय कर रहे हैं। दोनों ने राजस्थान के होटल से अपनी-अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज कुछ क्लिप्स शेयर की हैं। एक तरफ जहां सारा राजस्थानी वाइब एन्जॉय करती दिख रही हैं तो वहीं अर्जुन प्रताप बजवा ने होटल के जिम में एक्सरसाइज करते हुए फोटो पोस्ट की है।



## विक्रांत मैसी ने अभिनय से संन्यास लेने का किया ऐलान



बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता विक्रांत मैसी ने अभिनय से संन्यास लेने का ऐलान किया है। अपनी दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर विक्रांत मैसी इन दिनों 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर चर्चा में हैं। गोधरा कांड पर आधारित यह फिल्म हाल ही में रिलीज हुयी है, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इस बीच विक्रांत ने अपने एक पोस्ट से सोशल मीडिया में हलचल मचा दी है। विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावनात्मक नोट के माध्यम से अभिनय से सन्यास लेने का ऐलान किया है।उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ वर्ष और उसके बाद के वर्ष अभूतपूर्व रहे हैं। मैं आपके अमिट समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता हूं, मुझे एहसास होता है कि अब समय आ गया है कि मैं घर वापस जाऊं, खुद को संभालूं एक पति, पिता और एक बेटे के रूप में तथा एक अभिनेता के रूप में भी।

## सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल का आगामी एपिसोड दिव्यांग व्यक्तियों की समावेशिता को बढ़ावा देगा




सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल का आगामी एपिसोड दिव्यांग व्यक्तियों की समावेशिता को बढ़ावा देगा। सोनी सब लंबे समय से अपने प्रगतिशील और सशक्तीकरण का संदेश देने वाले शो के लिए जाना जाता है, जिसमें प्रशंसकों का पसंदीदा, पुष्पा इम्पॉसिबल भी शामिल है। यह पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक यात्रा को दर्शाता है, जो एक अकेली माँ है, जो सकारात्मकता के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना कर रही है। दुनिया तीन दिसंबर को दिव्यांग व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस को मनाने के लिए तैयार है, वहीं पुष्पा इम्पॉसिबल शो बड़े बदलाव का संदेश सामने लाता है, जो सहानुभूति की आवश्यकता को सामने लाता है, और विशेष क्षमताओं वाले लोगों के लिए अवसर पैदा करता है। शो के लॉन्च के समय चैनल ने विशेष रूप से सक्षम अभिनेता हंस असलोट को डाउन सिंड्रोम वाले एक पात्र गोलू के रूप में कास्ट करके समावेशिता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई। यह निर्णय न केवल उन्हें अपने साथी अभिनेताओं के साथ कहानी में जोड़ता है, बल्कि उनकी ताकत, सपनों और योगदान पर भी जोर देता है, जो कहानी कहने के लिए एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। इस पहल को जीवंत करने के लिए एक शक्तिशाली कदम के रूप में चैनल ने एपिसोड की एक दिल को छू लेने वाली सीरीज तैयार की है, जो गोलू की यात्रा को करीब से पेश करती है, क्योंकि वह पुष्पा के दृढ़ समर्थन से विशेष बच्चों के लिए एक प्रतियोगिता में भाग लेता है। यह एपिसोड अन्य विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और कहानियों को भी प्रदर्शित करेगा, जो इस तरह की कहानियों के समाज पर पड़ने वाले गहन प्रभाव की मार्मिक याद दिलाता है। साथ ही दर्शकों को अपने दैनिक जीवन में इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। करुणा पांडे ने इस पर कहा, "ये बच्चे असाधारण हैं; यह हम हैं जो साधारण हैं। अगर उन्हें बिना किसी भेदभाव या दया के हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाए, तो दुनिया रहने के लिए एक और खूबसूरत जगह होगी। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल हर सोमवार से शनिवार रात 9.35 बजे प्रसारित होता है।

# समाज में नशे की लत बढ़ना चिंताजनक : सीएमएस

**फतेहपुर।** सोमवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नेहरू युवा केंद्र और युवा विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में मित्रवत औषधियों की लत और नशे की लत पर जागरूकता कार्यक्रम रामदीन इंटर कॉलेज गाजीखेड़ा में आयोजित किया गया। जहां पर बच्चों ने नशे पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में मलवां थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी, सीएमएस डा. प्रभाकर सिंह उपस्थित रहे। मंच की अध्यक्षता नरेन्द्र पाल ने की। सीएमएस डा. प्रभाकर ने कहा कि समाज में नशे की लत बढ़ रही है। जो एक चिंता का विषय है लेकिन शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि देश की दिशा और दशा तय करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कार्यशाला में जीवन कौशल, नशा मुक्त समाज और सकारात्मक विचारधारा जैसे विषयों की जानकारी दी। मलवां थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने कहा कि युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का निर्णय हमारा भविष्य तय करना है। युवाओं को अपने विचार और कर्मों की सही दिशा में ले जाने पर जोर देना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य पयोधन त्रिपाठी, पवन सिंह, कमल बाजपेई, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, मुकेश, अंकित अग्निहोत्री और साहिल उपस्थित रहे।

# पांच हजार की रिश्वत लेते एसडीएम का पेशकार गिरफ्तार

**विश्व वार्ता संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर एसडीएम के पेशकार को एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम आरोपी पेशकार को गोसाईगंज थाना लेकर पहुंची है जहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामला जमीन के स्टे से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि पेशकार समरजीत पाल स्थगन आदेश कराने के लिए एक शिकायत कर्ता से ज़्यादा पैसा मांग रहे थे। जिस पर पीड़ति ने एंटी करप्शन में शिकायत किया था। जानकारी के अनुसार जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के पारसपट्टी गांव निवासी अल्लादीन का एसडीएम कोर्ट पर काफी दिनों से जमीन बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। मुकदमे में स्टे दिलाने के लिए पेशकार समरजीत पाल रिश्वत की मांग कर रहे थे। इसकी शिकायत अल्लादीन ने एंटी करप्शन टीम से किया था।सोमवार को शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम अयोध्या ने जाल बिछाया और जयसिंहपुर तहसील के पास से उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

टीम उसे लेकर के गोसाईगंज थाने पर पहुंची है जहां विधिक कार्रवाई चल रही है। इस बाबत एसडीएम जयसिंहपुर ने बताया मामला संज्ञान में है। आरोपी के निलंबन की कार्रवाई चल रही है।

# फायरलेस कुकिंग रेसिपी में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**फतेहपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना के संरक्षण में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक क्लब एवं गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में फायरलेस कुकिंग रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य एवं प्राध्यापकगणों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन अंकुरित अनाज से चाट, ब्रेड दही बड़े, चॉकलेट पुडिंग, भेलपुरी, फलों का सलाद, ब्रेड केक आदि बनाए।

निर्णायक मंडल में डॉ. सरिता गुप्ता, डॉ. चारु मिश्रा एवं डॉ. चंद्रभूषण ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही साथ प्राचार्य डॉ. गुलशन सक्सेना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि फायरलेस कुकिंग का मिशन छात्राओं को ताजा एवं किफायती खाद्य पदार्थों के साथ स्वस्थ भोजन विकल्प बनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है।

# कब्रिस्तान की भूमि अवैध कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** बहुआ स्थित कब्रिस्तान पर अवैध कब्जा करने की लगातार शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर पहुंची टीम पर कब्रिस्तान को अवैध कब्जा मुक्त कराने की जगह केवल औपचारिकता निभाने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता ने कब्रिस्तान की भूमि को पूरी तरह से अवैध कब्जे से मुक्त न करने की डीएम से पुनः शिकायत की है।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सैनिक अब्दुल हमीद फौजी ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बहुआ स्थित कब्रिस्तान की गाटा संख्या 673, 674, 1778 आदि पर अवैध कब्जा को लेकर उनके द्वारा लगातार शिकायत दर्ज कराई गई थी। वर्ष 2019 में राजस्व विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए दो माह का समय दिया गया था। समय सीमा बीतने जे बाद भी राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर उनके द्वारा शासन व प्रशासन को लगातार लिखा पढ़ी की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर 30 नवंबर 2024 को नायब तहसीलदार हुसैनगंज अमृत प्रभात यादव व अधिशासी अधिकारी आशीष चौधरी के नेतृत्व में लेखपाल धर्मवीर सिंह, अंकित प्रताप सिंह, राहुल श्रीवास्तव व सुनील कुमार आदि की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में कब्रिस्तान और सरसी तालाब से अवैध कब्जे हटाए गए लेकिन कब्रिस्तान की भूमि से स्थाई अवैध कब्जे नहीं हटाये गये। उन्होंने स्थाई अवैध कब्जे हटाये जाने की मांग किया। इस मौके पर सरताज राईन, अनीश राईन, नौशाद, यासीन, नसीम, हाजी सरताज राईन आदि रहे।

# पीड़ित व्यापारियों के साथ सपाईयों की बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बिंदकी, फतेहपुर।** कस्बे के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति में सोमवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने धान खरीद में करोड़ों रुपए गबन होने से सैकड़ो पीड़ति व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में सपाईयों ने पीड़ति व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने का काम किया जाएगा ताकि उन्हें रुपया मिल सके।

गौरतलब है कि बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड स्थित महादेव गार्डन के सामने के गरिमा ट्रेडर्स में करोड़ों रुपए की धान खरीद की गई थी लेकिन सैकड़ो व्यापारियों व धान विक्रेताओं को उनका रूपया नहीं दिया गया। इस मामले में पीड़तिों की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी मामले को लेकर रविवार को क्षेत्रीय विधायक जयकुमार सिंह ने मामले को हल करने का प्रयास किया था।

इसी मामले को हल करने के लिए सोमवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू, सपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य गणेश वर्मा, सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष गौरव गुप्ता उर्फ रवि, सपा नेता बबलू सिंह चौहान, लवकुश मिश्रा, अंकुश यादव ने पीड़ति व्यापारियों व धान विक्रेताओं के साथ एक बैठक की। जिसमें उनके करोड़ों रुपया वापस दिलाने का भरोसा दिया।

सपा नेताओं ने कहा कि इस मामले में पीड़ति लोगों के साथ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से वार्ता की जाएगी। यह भी कहा कि इस मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी वार्ता की जाएगी और इस समस्या को सांसद नरेश उत्तम पटेल व समाजवादी पार्टी के विधायकों से भी वार्ता की जाएगी।

# वरिष्ठ उप निरीक्षक जसवीर सिंह का हुआ तबादला

**विश्व वार्ता संवाददाता**

**लंभुआ सुलतानपुर।** पिछले कई महीनों से लंभुआ थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत जसवीर सिंह का तबादला होने पर सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में लंभुआ थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक,एवं थाने के पुलिसकर्मी अलावा कई शुभचिंतक लोग भी शामिल हुए। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने कहा कि जसवीर सिंह एक ईमानदार अफसर के साथ-साथ एक सुलझे हुए अफसर है।उनके कार्यकाल के दौरान कई मामलों में कानून का राज स्थापित करने में काफी सहूलियत मिली। उन्होंने अपने से छोटे पुलिस पदाधिकारियों को भी हर काम में इज्जत बख्शा और कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए हमेशा प्रेरित किया। पुलिस प्रशासन में उनके द्वारा दिए गए योगदान को आने वाले कई वर्षों तक याद रखेगा। विदाई समारोह में भावुक होते हुए वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसवीर सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान थाना के दरोगा तथा सिपाहियों का सहयोग देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उप निरीक्षक मलखान सिंह,पुलिस चौकी इंचार्ज कमलेश दुबे,उप निरीक्षक अरविंद राम,हेड कांस्टेबल मनीष यादव,प्रवीण कुमार यादव, पंकज वर्मा,विनोद कुमार,सोनू दुसाध, अक्षय यादव,पीआरडी विष्णु कुमार,महिला माला व फूल पहनाकर भावभीनी विदाई दी।

# अमर शहीद सम्मान यात्रा पहुंची सुल्तानपुर

## शहीद रामचंद्र विद्यार्थी को मिले कम उम्र के नाते भारत रत्न



**विश्व वार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** अमर शहीद सम्मान यात्रा पहुंची सुल्तानपुर, हुआ भव्य स्वागत। भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद समेत क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। प्रजापति समाज, आदिवासी और अनुसूचित जाति के वीर क्रांतिकारी को भी शामिल किया जाए शहीद सूची में। सभी अमर शहीदों की प्रतिमाएं दिल्ली संसद भवन में लगाई जाए। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनुसूचित जाति और प्रजापति की भी रही बड़ी भूमिका। इंग्लैंड के गजेटियर से मंगाया जाए शहीदों का नाम, शामिल हो एनसीईआरटी पुस्तक में। 14 वर्षीय के रामचंद्र विद्यार्थी को सबसे कम उम्र के शहीद के नाते दिया जाए भारत रत्न।

# पोस्टर प्रतियोगिता में शशि और परास्नातक में मिताली अव्वल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई** आर्य कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का विषय था ,₹नेचर इन इंग्लिश लिटरेचर ₹।प्रतियोगिता में बी. ए. व एम.ए. की 36 छात्रों ने भाग लिया। छात्राओं ने उक्त प्रतियोगिता के माध्यम से अंग्रेजी भाषा में लिखी गई कालजई कविताओं को अपनी ब्रश ,कूची व कल्पना के माध्यम से सुंदर साकार चित्र के रूप में उकेरा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएसएन महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष शैवाल कनौजिया उपस्थित रहीं। जिन्होंने छात्राओं के प्रयासों को भरपूर सराहा। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.सुमन वर्मा, शैवाल कनौजिया,डॉ स्मृति सिंह रहीं। स्नातक वर्ग में शशि पाल प्रथम, मुसकान द्वितीय, उम्मे हानी तृतीय स्थान और प्रतिष्ठा तिवारी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। परास्नातक से वर्ग में मिताली गुप्ता प्रथम, दिव्या गुप्ता द्वितीय तथा तोषी चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में डॉ अंजू ने छात्राओं को लगनशीलता से स्वस्थ स्पर्धा से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं नीता आर्या, डॉ अंजू, डॉ श्वेता डॉ जायरा, संत कुमारी, एकता जायसवाल, प्रियंका,शोभा,निधि,शोभा सिंह,शिखर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

# पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री ने स्मार्ट क्लासों का किया शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» डिजिटल क्लासेस से नवाचार की शिक्षा में आगे बढ़ेंगे छात्र : साध्वी

**खागा, फतेहपुर।** जिले की पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को जिले के अलग-अलग तीन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। इससे पूर्व विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात साध्वी ने कहा कि डिजिटल क्लासेस के जरिए छात्र नवाचार की शिक्षा में आगे बढ़ सकेंगे।

खागा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंद्रप्रस्थ गैस इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के अंतर्गत निर्मित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, खागा विधायक कृष्णा पासवान एवं नगर पंचायत चेयरमैन गीता सिंह की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह एवं आईजीएल के मुख्य महाप्रबंधक अमित धर, विद्यालय के सह प्रबंधक अतुल अग्रवाल द्वारा आए हुए अंग वस्त्र और शमी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।ध्वी निरंजन ज्योति ने बच्चों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भैया बहन अधिक से अधिक डिजिटल क्लासेस के माध्यम से और अच्छा सीख सकें और नवाचार की दिशा में आगे बढ़े इस सपने को साकार करने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के अंतर्गत विद्यालय में स्मार्ट क्लास का निर्माण किया गया और भैया बहनों से आशा किया कि भैया बहन इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। अंत में प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री ने ऐरायां विकास खण्ड के अल्लीपुर बहेरा स्थित कमल विद्या मंदिर इंटर कालेज व हथगाम विकास खण्ड के मनमोहनपुर स्थित पीताम्बर लाल इण्टर कालेज में भी स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कर इससे बच्चों को मिलने वाले लाभ गिनाए।

# 101 पुस्तकों का एक साथ विमोचन, एशिया बुक आफ रिकॉर्ड में शामिल

**शेरवां** (मिर्जापुर)। बिहार के राजगीर में मानवता अनुसंधान केंद्र धराधाम इंटरनेशनल गौरैया बिहार फाउंडेशन एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के संयुक्त तत्वाधान में हुए अंतर्राष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान समारोह में गीताश्री साहित्य भारती परिषद द्वारा 101 पुस्तकों का एक साथ किए गए विमोचन को एशिया बुक आफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। बिहार के राजगीर नालंदा में एक दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक राजनारायण गुप्त कवि कैमी को एशिया बुक निदेशक डा.नारायण यादव,सौहार्द शिरोमणि डॉक्टर सौरभ पांडेय,कस्टम कमिश्नर डॉ डी आर रेवाला एवं नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार के कर-कमलों द्वारा एशिया बुक रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

# युवक का अद्धी बंदूक के साथ सामने आया वीडियो

**विश्व वार्त संवाददाता**



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** अपराधी बेखौफ़ हो चुके हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक अपराधिक प्रवृति में लिप्त व्यक्ति अवैध असलहा हाथों में लेकर एक व्यक्ति को धमका रहा है। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे धनी धर मिश्र का पुरवा का है।गांव निवासी अमित मिश्रा ने पुलिस में तहरीर देकर शिकायत किया है। आरोप है कि इलाके का अपराधी राजकुमार मिश्रा ने पीड़ति को रोका और शराब पीने के पैसे मांगे। पीड़ति ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी द्वारा हाथ में लिए अद्धी बंदूक से उसे डराया। पीड़ति ने कहा हम मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करेंगे जिस पर उसने कहा कुछ उखड़ेगा नहीं वहां मेरे रिश्तेदार हैं। इसके बाद पीड़ति ने डायल 112 को बुलाया, टीम पहुंची और कहा कि चौकी जाकर प्रार्थना पत्र दीजिये। पीड़ति अमित मिश्रा ने चौकी पहुंचकर शिकायत देकर अपने जान माल की गुहार लगाई है। इस बाबत एसओ बल्दीराय ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है। अगर तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है आरोपी पूर्व में जेल जा चुका है,ये घटना रविवार शाम की है।

# फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिलेगी पीएम सम्माननिधि की अगली किस्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**हरदोई** डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रचर फार एग्रीकल्चर के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा 1572 राजस्व ग्रामों में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों की टीम गठित कर ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन प्रारम्भ किया गया है जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। फार्मर रजिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य कृषकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने में कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण में सुगमता होगी। कृषकों को कृषि ऋण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उपज के विक्रय में ऑनलाइन पंजीकरण, खाद एवं बीज, फसल बीमा की क्षतिपूर्ति एवं अन्य योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो पायेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अगामी किस्त केवल उन्ही कृषकों को प्राप्त होगी, जिन्होने अपना फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करा लिया हो। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु कृषि विभाग, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा शिविर में भूमिधर कृषकों की ईकेवाईसी करते हुए उनकी भूमि का ब्यौरा उनके आधार से लिंक कर एक यूनिक आई०डी० तैयार की जायेगी। कृषक भाई अपने ग्राम में आयोजित कैम्प में अपना आधार कार्ड,आधार से लिंक मोबाइल नम्बर एवं सभी खतौनी लेकर जाये, जिससे कि उनका फार्मर रजिस्ट्री यूनिक आई०डी० तुरन्त बना दी जायेगी।

# दुष्कर्म पीड़िता का गवाही देने से इनकार, आरोपी हुआ रिहा

**विश्व वार्ता संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता ही अदालत में गवाही देने से मुकर गई। पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने जेल में निरुद्ध आरोपी को जमानत दे दी है।

मोतिगरपुर थाने के एक गांव की किशोरी के साथ बीते 20 फरवरी को दुष्कर्म करने का आरोप में गांव के ही भैयाराम पर लगा था। मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी भैयाराम बीते चार अगस्त से जेल में निरुद्ध है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान पीड़ति ही गवाही देने से मुकर गई। उन्होंने आरोपी की जमानत अर्जी पर कहा कि फर्जी केस दर्ज किया गया है।वहीं, विशेष लोक अभियोजक ने जमानत अर्जी का विरोध किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना में धांधली

**विश्व वार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में विवाहित महिलाओं की दोबारा शादी कराई जाने की धांधली को राज्य महिला आयोग गंभीरता से लेने जा रहा है। सुल्तानपुर पहुंची महिला आयोग की सदस्य ने इस पूरे प्रकरण को महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही। कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से वार्ताकार भ्रष्टाचारियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।



» राज्य महिला आयोग लेगा संज्ञान

» भ्रष्टाचारियों को दिलाई जाएगी सजा

जिला समाज कल्याण विभाग की तरफ से बल्दीराय ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम लगभग 5 महीने पूर्व आयोजित किया गया था। इसके तहत विवाहित उन महिलाओं की शादी कर दी गई थी। जिनके बच्चे मौजूद हैं।बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े में तत्काल प्रभाव से बल्दीराय थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गलत रिपोर्टिंग के मामले में सचिव राहुल यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला समेत तीन अधिकारियों की संयुक्त कमेटी की जांच में जिला समाज कल्याण विभाग को निगरानी का दोषी पाया गया था। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण को राज्य महिला आयोग के समक्ष गंभीरता से रखा जाएगा।

# गौ रक्षा वाहिनी आक्रोश रैली आज से होगी शुरू

**विश्व वार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर गौ रक्षा वाहिनी सड़क पर उतरकर हिंदुओं के प्रति समरसता भाव दिखाते हुए सैकड़ो पदाधिकारी के साथ तीन दिसम्बर को आक्रोश रैली निकालेगी।

लगभग बीते छः माह से लगातार बांग्लादेश में एक विशेष समुदाय द्वारा हिंदू परिवार के साथ अत्याचार की समय सीमा पर विराम लगाने के लिए जहां जनपद के सामाजिक संगठन एकजुट हो रहे हैं इसी कड़ी में लगातार गौ माता नंदी महाराज की सेवा में तत्पर रहने वाला सामाजिक संगठन गौ रक्षा वाहिनी आगे आया है। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के अगुवा रहे प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने बताया कि 3 दिसंबर दिन मंगलवार को नगर के तिकोनिया पार्क में संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र होंगे। जहां से प्रदेश प्रभारी की अगुवाई यह काफिला नगर के डाकखाना चौराहा, सुपर मार्केट, बाधमंडी, दरियापुर, पंच रस्ता, चौक घंटाघर, बस अड्डा होते हुए यह अक्रोस रैली पुनः अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचकर एक बैठक में तब्दील होगी। बैठक की जिम्मेदारी निभा रहे आशीष द्विवेदी ने बताया कि यह आक्रोस रैली भारत में रह रहे हिंदुओं के प्रति एक समरसता का भाव प्रदर्शित करेगा। गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रवक्ता रवि दुबे ने आक्रोश रैली में लगभग सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपनी सहभागिता लेंगे।

# एसडीएम न्यायालय का विरोध करेंगे अधिवक्ता

**विश्व वार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहलील परिसर में न्यू अवध बार एसोसिएशन बलदीराय की दूसरी बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम बलदीराय के न्यायालय का आगामी चार दिसंबर तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।अधिवक्ता ध्रुव राज पांडे के सुझाव पर अधिवक्ता संघ ने विचार करने के पश्चात प्रस्ताव पारित किया गया। एसोसिएशन के अधिवक्ता संघ एसडीएम बलदीराय गामिनी सिंगला के न्यायिक कार्य प्रणाली व नियम विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर कई दिनो से नाराज है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि राजस्व न्यायालय मैनुवल के विपरीत बल्दीराय एसडीएम की अदालत चल रही है।एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि एसडीएम के इस कृत्य के में संबंध में जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया



था। किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अधिवक्ता चार दिसंबर तक न्यायालय का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान कोई भी अधिवक्ता एसडीएम के न्यायालय में नहीं जाएंगे। संघ के तीन सदस्य इसकी निगरानी करेंगे।

बैठक में अधिवक्ता महामंत्री बृजेश यादव,संजय सिंह,अनिल यादव,अजय सिंह,प्रदीप पांडेय,अखिलेश पाठक,पवन दूबे,राम सुमिरन वैश्य,अजय दूबे,राधेश्याम श्रीवास्तव,आनंद तिवारी, अंफाल,सर्वोदय सिंह, राजकुमार तिवारी, बिकास मिश्रा,प्रदीप सोनकर,कौशल किशोर,कृष्ण कुमार तिवारी, प्रसुन यादव, बद्रीनाथ शुक्ला,सुरेंद्र तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, गिरिजा शंकर,वृजनंदन सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ट्रक का अचानक ब्रेक फेल, घाटी में पलटने से बचा

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर सोमवार सुबह दस बजे के करीब ब्रेक फेल होने से मक्का लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सुरक्षा खाई में जाकर धंस गया जिससे ट्रक घाटी में पलटने से बच गया। महाराष्ट्र के काटोल से मक्का लादकर बिहार जा रहा ट्रक जैसे ही बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा कि अचानक ब्रेक फेल हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिस द्वारा खुदवाए गए सुरक्षा खाई में जाकर धंस गया जिससे ट्रक सैकड़ों फीट नीचे घाटी में पलटने से बच गया।

घटना में ट्रक चालक विनय कुमार व खलासी मोहम्मद इबरार निवासी किशुनगंज जिला प्रतापगढ़ बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की।

# मृत गोवंशों को कुत्तों व पक्षियों के नोचने का वीडियो वायरल

**विश्व वार्ता संवाददाता लंभुआ**

» सभी मृत गोवंश शिवगढ़ गौशाला के होने का आरोप-शिक्षक लल्लन सिंह

**लंभुआ सुलतानपुर।** बीते रविवार को शिवगढ़ गौशाला से पांच सौ मीटर दूर दर्जन भर गोवंशों का शव खुले में मिला,जिसे कौवे और आवारे कुत्ते नोच रहे थे। रास्ते से जा रहे स्थानीय शिक्षक ने जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी,स्थानीय थाना और संबंधित ब्लॉक से की है, शिक्षक के अनुसार यह सारे मृत गोवंश गौशाला से लाकर इस स्थान पर खुले में फेके गए हैं।उन्होंने बताया कि शिवगढ़ गौशाला में मृत गोवंशों को बॉर्डर पर मौजूद गांव गौहानी मनोरथपुर के एक निश्चित स्थान पर डालने का कार्य प्रधान और सचिव के इशारे पर किया जाता है। शिवगढ़ निवासी शिक्षक लल्लन सिंह के अनुसार शिवगढ़ में मौजूद गौशाला में कम ही पशुओं की आमद है जबकि ढाई सौ पशुओं को दिखाकर चारा और भूसे का पैसा निकाल लिया जाता है। वहीं मरने वाले गोवंश को खुले में फेंक दिया जाता है। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने बताया कि यह मृत गोवंश गौशाला के न होकर गांव के ही एक हड़वार द्वारा रखे गए हैं।दुर्गंध फैलने के नाते इन्हें मिट्टी में दबाकर निस्तारित कर दिया गया है। जबकि लल्लन सिंह ने बताया कि जिस हड़वार राम शिरोमणि को अधिकारी और कर्मचारी मृत गोवंश को इकट्ठा कर फेंकने की बात बता रहे हैं।

## एक नजर

### तेलंगाना में एसआई ने की आत्महत्या

**मुलुगु।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक रिसॉर्ट में सोमवार को एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि वाजेडू थाने में कार्यरत पुलिस उपनिरीक्षक हरीश रविवार को एतुरूनगरम मंडल स्थित मुलकट्टा के एक रिसॉर्ट में गये थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे और न ही कॉल का जवाब दिया। उसकी अनुपस्थिति से चिंतित सहकर्मी आज सुबह रिसॉर्ट पहुंचे और हरीश के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पुलिस टीम ने जबरदस्ती दरवाजा खोला, तो हरीश बेहोशी की हालत में मिला।

### नक्सलियों ने मोबाइल टावर को किया आग के हवाले

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने और नक्सली साथियो के आत्मसमर्पण से नक्सली बुरी तरह बौखलाए हुए है और छुटपुट घटनाओं को कारित कर अपनी उपस्थिति का अहसास कराते रहते है ग्राम मोरमेड मे कल रात माओवादियों ने जियो के मोबाइल टावर में आगजनी की है। कुछ दिन पहले ही गांव में जियो टावर चालू किया गया था। जिसे नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। पूरा मामला मोरमेड ग्राम पंचायत का है।

### इजरायल रक्षा बलों ने ईरानी विमान को रोका

**यरूशलम।** इजरायल की वायुसेना ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में उड़ रहे ईरानी विमान को रोका और उसे वापस लौटने को मजबूर कर कर दिया है, उन्हें संदेह था कि वह लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के लिए हथियार ले जा रहा है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ईरानी विमान संदेश प्राप्त करने के कुछ समय बाद उसने अपना रास्ता बदल दिया था। यह घटना शनिवार देर रात की है। अखबार ने उल्लेख किया कि इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हाल के महीनों में सीरिया और इराक के हवाई क्षेत्र में उड़ रहे ईरानी विमानों को बार-बार वापस लौटने के लिए मजबूर किया है।

### बीएसएफ ने जैसलमेर में निकाली तिरंगा रैली

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का 60वां स्थापना दिवस समारोह राजस्थान फ्रंटियर की विभिन्न बटालियनों ,सेक्टर हेडक्वार्टर में हर्षोल्लास एवं तिरंगा रैली, ऊंट रैली और साइकल रैली सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया गया। जैसलमेर में परमाणु नगरी पोखरण टाउन में रविवार को 87 बटालियन ने राजस्थान फ्रंटियर बीएसएफ के महानिरीक्षक एम एल गर्ग और बटालियन के कमांडेंट रणवीर सिंह के नेतृत्व में इस अवसर पर एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पोखरण लाल किला से शुरू होकर सुभाष चौक, भगवान परशुराम चौक, पंचायत समिति सांकड़ा मुख्यालय, नगर पालिका कार्यालय और जय नारायण व्यास सर्कल से होते हुए अंबेडकर सर्किल तक गई। इस यात्रा में बटालियन के अधिकारियों, जवानों और शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# मनी लाड्रिंग में जमानत के बाद ही मंत्री बनने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

## तमिलनाडु के मंत्री से कहा-जमानत मिलते ही बन गए मंत्री, कोर्ट देखेगी गवाह दबाव में तो नहीं

एजेंसी

**चैन्नै।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- ये जानकर हैरानी हुई कि सेंथिल बालाजी को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 26 सितंबर को जमानत मिलने के दो दिन बाद 28 सितंबर को तमिलनाडु सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया गया।





जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा- हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप (सेंथिल बालाजी ) जाकर मंत्री बन जाते हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि सीनियर कैबिनेट मिनिस्टर के तौर पर आपके पद के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सेंथिल बालाजी के जमानत को चुनौती दी गई है। याचिका में कोर्ट से फैसला वापस लेने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सेंथिल के मंत्री बनने से गवाह दबाव में होंगे। हालांकि, बेंच ने फैसला वापस लेने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि वो जांच के दायरे को इस तक सीमित रखेगी कि क्या गवाह दबाव में हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर के बाद होगी। साल 2011-16 के दौरान एआईएडीएमके शासन में बालाजी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर थे। सेंथिल का नाम नौकरी के बदले नकद रिश्वत लेने के घोटाले में सामने आया था। इसके बाद वे दिसंबर 2018 में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम डीएमके) में शामिल हुए थे। मई 2021 में डीएमके तमिलनाडु की सत्ता में आई। सेंथिल को ऊर्जा मंत्री बनाया गया था। 14 जून 2024 को ईडी डी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। 29 जून को उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किया गया था।

करीब तीन महीने बाद 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ सेंथिल को जमानत दी थी। इसके दो दिन बाद ही 28 सितंबर को सेंथिल की फिर से तमिलनाडु सरकार में मंत्री के तौर पर वापसी हुई थी। वर्तमान में वे ऊर्जा, एक्साइज और उत्पाद मंत्रालय संभाल रहे हैं।

### 14 जून को ईडी ने किया था गिरफ्तार

मनी लॉन्ड्रिंग केस में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को 14 जून को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरेस्ट किया था। एक दिन पहले ईडी सुबह-सुबह उनके घर पहुंची थी। उनसे 24 घंटे पूछताछ की गई थी। ईडी की कार्रवाई और पूछताछ के दौरान सेंथिल ने सीने में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। यहां वे दर्द से रोते हुए दिखे थे। मिलनाडु के कानून मंत्री एस रघुपति ने कहा था कि सेंथिल बालाजी को निशाना बनाया गया और प्रताड़ित किया गया था।

## कुवैत में 24 घंटों तक फंसे रहे 60 भारतीय यात्री

### यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें लंबे समय तक खाना-पानी, आवास के बिना रखा

**कुवैत।** 60 भारतीय यात्री रविवार को 24 घंटे से ज्यादा समय तक कुवैत के एयरपोर्ट पर फंसे रहे। ये सभी मुंबई से इंग्लैंड के मैनचेस्टर जा रहे थे। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक इन यात्रियों ने गल्फ एयर पर आरोप लगाया है कि उन्हें इतने लंबे समय तक खाना-पानी, आवास के बिना रखा गया। भारतीय यात्रियों ने गल्फ एयर पर घटना के दौरान पक्षपात के आरोप भी लगाए। यात्रियों ने कहा कि घटना के दौरान सिर्फ यूके, यूरोपियन यूनियन और यूएस के यात्रियों को ही रहने और खाने के लिए सहायता दी गई, जबकि भारतीय, पाकिस्तान और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के लोगों को कोई सहायता मुहैया नहीं कराई गई। दरअसल, गल्फ एयर की फ्लाइट के इंजन में रविवार को अचानक खराबी आ गई थी, जिसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट करके कुवैत एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसे ठीक होने में 24 घंटे से ज्यादा लग गए। भारतीय यात्रियों को नहीं दी गई कोई जानकारी। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपनी परेशानी बताई। फंसे हुए यात्रियों ने लिखा कि वे एयरपोर्ट छोड़कर बाहर भी नहीं जा सकते थे, क्योंकि उनके पास ट्रांजिट वीजा नहीं था।

# पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर को जूठे बर्तन व बाथरूम करने होंगे साफ

## सुखबीर सिंह बादल को पांच गुरु घरों के बाहर हाथ में भाला लेकर सेवादार बनकर करनी होगी सेवा



एजेंसी

**अमृतसर।** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर ने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को सोमवार को सजा सुनाई। सुखबीर सिंह को स्वर्ण मंदिर में शौचालय साफ करने, जूठे बर्तन साफ करने और पांच गुरु घरों के बाहर हाथ में भाले लेकर सेवादार बनकर सेवा करनी होगी। शिरोमणि अकाली दल के नेता को यह सजा डेरा सच्चा सौदा सिरसा के मुखिया राम रहीम को माफी और बेअदबी मामले में दी गई है। सजा में सुखबीर सिंह बादल, कोर कमेटी के सदस्यों और 2015 की अकाली दल सरकार के कैबिनेट नेताओं के लिए प्रतीकात्मक पश्चाताप शामिल है।

30 अगस्त को, शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा 'तनखैया' घोषित किया गया था। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल को दंड के दौरान इन कामों को करना होगा।

**सफ़ाई की ड्यूटी :** 3 दिसंबर को सुखबीर और अन्य को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक श्री दरबार साहिब के बाथरूमों की सफ़ाई करनी होगी।

**लंगर में सेवा :** सफाई के बाद, वे स्नान करेंगे और लंगर में सेवा करेंगे।

**प्रार्थना :** उन्हें पश्चाताप के रूप में श्री सुखमनी साहिब का पाठ करना आवश्यक है।

**सार्वजनिक प्रायश्चित :** सुखबीर को श्री दरबार साहिब के बाहर भाला लेकर बैठना चाहिए। कुकर्मों को स्वीकार कर तख्ती पहननी चाहिए।

**प्रतीकात्मक भेंट:** वे 11,000 रुपये के बर्तन में सेवा करेंगे और 11,000 रुपये गोलक दान करेंगे।

**वृक्षारोपण:** नेताओं को तत्काल 1.25 लाख पौधे लगाने के निर्देश के साथ उनकी देखभाल करने का आदेश दिया गया है।

**दुरुपयोग किए धन की वापसी :** शिअद सरकार के दौरान विज्ञापनों पर खर्च किया गया धन ब्याज सहित एसजीपीसी खाते में वापस किया जाना है। पुनर्भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सुखबीर सिंह बादल और अन्य शामिल नेताओं को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### सिंहस्थ के साथ ही उज्जैन का पुरातन वैभव और बढ़ेगा

**उज्जैन।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना और तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सभागृह में आयोजित प्रजेंटेशन को बहुत शानदार बताते हुए कहा कि इसी सोच के साथ इस कार्ययोजना को जमीन पर उतारा गया तो उज्जैन अपनी संस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक विरासत को संजोने में सफल होगा। नड्डा ने कल उज्जैन प्रवास के दौरान ये प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि उज्जैन अपनी धार्मिक सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत को समेटे हुए हैं, इस प्रकार की कार्य योजना से उज्जैन का पुरातन वैभव और बढ़ेगा एवं राजा विक्रमादित्य की अवंतिका का स्वरूप प्राप्त होगा। प्रजेंटेशन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कपिला गौशाला और शिप्रा को प्रवाहमान बनाने की कार्य योजना की जानकारी दी।

# बाइडेन का बेटे को माफ करना 'न्याय का गर्भपात'

## बाइडेन ने बेटे को क्षमा करने के लिए कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बेटे हंटर बाइडेन को माफ करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'न्याय का दुरुपयोग और गर्भपात बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल पर कहा, "क्या जो बाइडेन द्वारा बाइडेन हंटर को दी गई क्षमा में जे-6 बंधक शामिल हैं, जो वर्षों से जेल में हैं? यह न्याय का दुरुपयोग और गर्भपात है!"

बाइडेन ने इससे पहले अपने बेटे हंटर को क्षमा करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि यह निर्णय अभियोजन की अनुचितता में उनके विश्वास से तय हुआ है। बाइडेन ने इससे पहले अपने बेटे को माफ़ करने की संभावना से कई बार इनकार कर चुके हैं, हालाँकि, हंटर के



» हंटर इतिहास में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले मौजूदा राष्ट्रपति की पहली संतान हैं

वकीलों ने इस सप्ताह की शुरुआत में 52 पन्नों की एक रिपोर्ट प्रसारित की, जिसमें दावा किया गया कि चुनाव में श्री ट्रम्प की जीत से उनके मुवक्किल का भविष्य खतरे में है। श्री ट्रम्प ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर वह जीते तो हंटर को माफ़ करने से इनकार नहीं करेंगे।

हंटर बाइडेन इतिहास में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली संतान हैं। उन पर जानबूझकर कर चोरी के दो आरोप लगाए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार उन्होंने 2017 और 2018 में एक लाख डॉलर से अधिक का भुगतान नहीं किया। बाइडेन जूनियर पर 2018 में कोल्ट पिस्तौल रखने का भी अलग से आरोप लगाया गया था, जबकि वह जानते थे कि वह अवैध दवाओं का उपयोग कर रहे थे, जो कानून का उल्लंघन है। इस अपराध के लिए अधिकतम 10 साल की जेल का प्रावधान है। जूरी ने हंटर को दोषी पाया और उसे दिसंबर में सजा सुनाई जानी है।

### यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने पर विचार नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका यूक्रेन को पारंपरिक हथियार उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन वह देश को परमाणु हथियार लौटाने की पर विचार नहीं कर रहा है।

सलाहकार सुलिवन ने रविवार को एबीसी के दिस वीक कार्यक्रम में बताया, "वह यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने की संभावना पर विचार नहीं कर रहा है। हम यूक्रेन को विभिन्न पारंपरिक क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, ताकि वह प्रभावी रूप से अपनी रक्षा कर सके।" न्यूयॉर्क टाइम्स ने पिछले सप्ताह अपनी रिपोर्ट में बताया कि कुछ अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारी कथित तौर पर यूक्रेन को परमाणु हथियार वापस करने का प्रस्ताव दे रहे थे। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियार तैनात करने की संभावना के बारे में चर्चा गैर-जिम्मेदाराना है।

# नौसेना प्रमुख बोले-26 राफेल मरीन का सौदा अगले महीने

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि फ्रांस के साथ नेवी वैरिएंट वाले 26 राफेल-एम (मरीन) की डील फाइनल होने वाली है। इसके साथ ही तीन स्कॉर्पीन सबमरीन की डील पर भी बातचीत लास्ट स्टेज में है। जनवरी 2025 तक डील पक्की होने की स भावना है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले 10 सालों में भारतीय नौसेना में 96 जहाज और पनडुब्बियां शामिल की जाएंगी। 62 जहाज और एक सबमरीन अभी अंडर कंस्ट्रक्शन हैं। दिसंबर 2025 तक हर महीने एक जहाज नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-M जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिसे

» 62 जहाज भी बन रहे, आगामी दस साल में 96 जहाज-सबमरीन भी होंगे शामिल

स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

पाक के 50 जहाजों वाले नौसैनिक बेड़े के सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि पाक की अर्थव्यवस्था को देखकर हैरानी होती है कि उन्हें जहाज-सबमरीन कैसे मिल रहे हैं। हम चीन-पाक से होने वाले हर संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं। नेवी चीफ ने बताया कि भारत में बनी पहली न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन 2036-37 तक कमिशन हो जाएगी। इसके निर्माण के लिए दो महीने पहले ही सरकार से मंजूरी मिली थी। पहली सबमरीन के कमीशन होने के दो साल के अंदर दूसरी सबमरीन को भी कमिशन कर दिया जाएगा।

### ताइवानी राष्ट्रपति के स्वागत से चीन नाराज

**पर्ल हार्बर।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते एक हफ्ते के पैसिफिक आईलैंड्स के दौरे पर हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत अमेरिका के हवाई प्रांत से की, जहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ अमेरिका ने ताइवान को और अधिक हथियार बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अमेरिका का ये फैसला चीन को नागवार गुजरा है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने ताइवान को एफ 16 जेट विमानों और राडार के लिए स्पेयर पार्ट्स और सपोर्ट की लगभग 385 मिलियन डॉलर की बिक्री को मंजूरी दी है। अलजजीरा के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखेगा और अपने देश की देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा। हथियार बिक्री के मुद्दे पर चीन ने कहा- अमेरिका का यह फैसला ताइवान इन्डेपेन्डेन्ट फोर्स को गलत मैसेज देगा।

# सुजीत सिन्हा गिरोह के लिए काम करते थे उग्रवादी

## रंगकर्मी अशफाक सुजीत सिन्हा ग्रुप से जोड़ने का करता था काम

एजेंसी

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रंगकर्मी अशफाक खान और जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य दीपक भुईयां समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जो सुजीत सिन्हा गिरोह के लिए काम करते थे। पुलिस ने क्रशर व्यापारियों को धमकी देने और फायरिंग के मामले में इन्हें गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 4 हथियार, 3 कारतूस, 3 मोटरसाइकिल और 7 स्मार्टफोन बरामद हुए हैं।

पलामू की एसपी आर रमेशन ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि चैनपुर थाना के सलतुआ रोड में 5-6 लोग देसी पिस्टल और कट्टा लेकर किसी बड़ी



घटना को अंजाम देने जा रहे हैं, सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। रंगकर्मी अशफाक सुजीत सिन्हा के लिए लोगों को जोड़ने का काम करता था। एटीएस इसकी जांच कर रही है। पलामू की एसपी आर रमेशन ने बताया कि रंगकर्मी अशफाक खान सुजीत सिन्हा गिरोह से लोगों को जोड़ने का काम करता है। इसके लिए वह नये लड़कों की खोज करता था। नये लड़कों को सुजीत सिन्हा गैंग से जोड़ता था। बाद में अपराध की वारदात को अंजाम दिया जाता था। एसपी ने कहा कि एक नाटक ग्रुप से भी यह शख्स जुड़ा है, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) मामले की जांच कर रहा है। एसपी ने बताया कि छोटू डोम हत्याकांड में फरहान कुरैशी जेल जा चुका है। सुजीत सिन्हा के गिरोह का एक व्यक्ति भी जेल में था। जेल में ही उनकी जान-पहचान हुई।

# सेक्स वर्कर्स को अधिकार देने वाला पहला देश बना बेल्जियम

एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** दुनिया में पहली बार बेल्जियम में सेक्स वर्कर्स को मैटर्निटी लीव, पेंशन, हेल्थ इंश्योरेंस और सिक लीव समेत कई अधिकार देने की घोषणा की गई है। बीबीसी के मुताबिक इस कानून के तहत सेक्स वर्कर्स को दूसरे कर्मचारियों के जैसे ही रोजगार और सिक्योरिटी देने की कोशिश की गई है।

नए कानून के तहत, सेक्स वर्कर्स को रोजगार का कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। इसके अलावा काम के घंटों और कार्य स्थल की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। हर कमरा जहां यौन कार्य होगा, वो साफ सुथरा होना चाहिए। इसके अलावा वहां एक अलार्म लगाना होगा जो वर्कर के रेफरेंस पर्सन से जुड़ा होगा। नए कानून के तहत सेक्स व्यापार को कंट्रोल करने वाले दलालों को कानूनी रूप से काम करने की

» मानव तस्करी में दोषी को सेक्स वर्कर रखने की नहीं होगी अनुमति

अनुमति है, लेकिन उन्हें सख्त नियमों का पालन करना होगा। मानव तस्करी, यौन उत्पीड़न, धोखाधड़ी जैसे मामलों में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को सेक्स वर्कर रखने की अनुमति नहीं होगी। यह कानून 1 दिसंबर से लागू हो गया है। बेल्जियम में साल 2022 में सेक्स वर्क को अपराधमुक्त घोषित कर दिया गया था। इसके बाद से ही देश में सेक्स वर्करों के लिए सुरक्षा, रोजगार, हेल्थ समेत कई अधिकार देने की मांग होने लगी थी। बेल्जियम में अब नए कानून के तहत, सेक्स वर्कर्स को सेक्स से इनकार करने, पर नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है।

# रूस ने रक्षा बजट में की भारी बढ़ोतरी

## पिछले साल के रक्षा बजट के मुकाबले 2 .37 हजार करोड रुपये ज्यादा

एजेंसी

**मास्को ।** रूस की संसद ड्यूमा ने साल 2025 के लिए 10 लाख 67 हजार करोड़ रुपए (126 बिलियन डॉलर) के डिफेंस बजट को मंजूरी दी है। यह राशि कुल सरकारी खर्च का लगभग 32.5% है। सीएनएन के मुताबिक यह रकम पिछले साल के डिफेंस बजट के मुकाबले 2 लाख 37 हजार करोड़ रुपए (28 बिलियन डॉलर) ज्यादा है।

नए तीन वर्षीय बजट में साल 2026 और 2027 के लिए सैन्य खर्च में मामूली कटौती का भी अनुमान लगाया गया है। ड्यूमा के दोनों सदनों से बजट को मंजूरी मिल गई है। रूस ने पिछले दो सालों से डिफेंस बजट लगातार बढ़ोतरी की है। इसका असर रूसी इकॉनमी पर भी पढ़ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है और कंपनियों को लेबर की कमी से



जूझना पड़ रहा है। हालात संभालने के लिए रूसी सेंट्रल बैंक ने अक्टूबर में ब्याज दरें बढ़ाकर 21% कर दी, जो दस साल में सबसे ज्यादा है। युद्ध की वजह से रूस की इकोनॉमी और आबादी पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। यूक्रेन से कहीं ज्यादा आबादी होने के बाद भी रूस को नए सैनिकों की भर्ती में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ यूक्रेन को लगातार पश्चिमी देशों से आर्थिक और सामरिक मदद हासिल हो रही है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने सोमवार को यूक्रेन को लगभग 5 हजार करोड़ रुपए (684 मिलियन डॉलर) के मिलिट्री इक्विपमेंट देने की घोषणा की।

रूस-यूक्रेन का यह युद्ध सेकंड वर्ल्ड वॉर के बाद यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। मॉस्को को कई मोर्चे पर बढ़त हासिल है, लेकिन अगस्त में यूक्रेन ने कुर्स्क में अचानक हमला कर रूस के बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था। हालांकि, अब रूस ने यूक्रेनी कब्जे से 40% जमीन को वापस छीन ली है।

डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद इस युद्ध के किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। अपने इलेक्शन कैंपेन के दौरान ट्रम्प एक दिन में यूक्रेन वॉर रुकवाने का दावा कर चुके हैं।

### जनजाति अभ्यर्थियों को नि:शुल्क कोचिंग की घोषणा

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त भर्ती की प्रारम्भिक परीक्षा के लिए माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) उदयपुर जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग चलायेगा।

टीआरआई के निदेशक ओ.पी. जैन ने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर की 'अमृत कलश योजना' के तहत जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त भर्ती की प्रारम्भिक परीक्षा की सम्यक एवं व्यवस्थित तैयारी कराकर उनकी क्षमता वृद्धि के लिए 40-50 जनजाति अभ्यर्थियों के लिए उक्त कोचिंग चलायी जाएगी।

कोचिंग को संचालित करने वाली संस्था / व्यक्ति भी टीआरआई को इस उद्देश्य के लिए अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे।

**मनोरंजन** फिल्म के अभिनेता विक्रांत मैसी बोले-खुशी शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं, यह एक विशेष अनुभव

# केंद्रीय मंत्रियों संग पीएम मोदी ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और फिल्म कलाकारों के साथ साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में भाग लिया। यह फिल्म 2002 में गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस कोच को जलाने पर आधारित है। मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। पीएम ने स्क्रीनिंग से तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा कि द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में साथी एनडीए सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं की उनके प्रयास के लिए सराहना करता हूं।

अभिनेता जीतेंद्र ने कहा कि मैंने पीएम मोदी को बताया कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल बिताए हैं और अपनी बेटी की वजह से पहली बार मैंने पीएम के साथ फिल्म देखी है। पीएम मोदी ने मुझसे कहा कि मैं भी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली फिल्म देख रहा हूं। बीजेपी सांसद मयंक नायक ने कहा कि फिल्म ने सच्चाई को दुनिया के सामने लाने का काम किया है। सच्चाई को हराया नहीं जा सकता। पीएम मोदी, गुजरात सरकार की छवि खराब करने की कई कोशिशें की गईं। उन्होंने कहा कि फिल्म देखने के बाद लोगों को सच्चाई और पीएम मोदी, गुजरात सरकार की छवि खराब करने की साजिशों के बारे में पता चलेगा...पीएम मोदी का नेतृत्व और गुजरात की जनता निर्दोष निकली है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म है। यह हमारे देश का इतिहास है और पिछली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने मंत्रीमंडल के साथियों संग 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया।

सरकार ने लोगों से तथ्य छिपाए थे।' फिल्म में दिखाया गया है कि उस समय ऐसी गंभीर स्थिति में लोगों ने कैसे राजनीति की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने के बाद अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्रियों और कई सांसदों के साथ फिल्म देखी।' यह एक विशेष अनुभव था। मैं इसे अभी भी शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा क्योंकि मैं बहुत खुश हूं... यह मेरे करियर का उच्चतम बिंदु है, कि मुझे प्रधान मंत्री के साथ अपनी फिल्म देखने को मिली। अभिनेता राशि खन्ना ने कहा कि हमने यह फिल्म कई बार देखी है लेकिन आज का दिन बहुत खास था क्योंकि हमें इसे प्रधानमंत्री के साथ देखने का मौका मिला। यह एक अवास्तविक एहसास है। यह मेरे करियर का एक उच्च बिंदु है। फिल्म को कई राज्यों में टैक्स फ्री कर दिया गया है और अन्य राज्य भी इसे टैक्स फ्री करने की राह पर हैं. मुझे उम्मीद है कि लोग इसे बड़ी संख्या में देखेंगे।'

### विस चुनाव में 14 सीटों पर हार की समीक्षा करेगी कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस झारखंड विधानसभा चुनाव में हारी हुई 14 सीटों की समीक्षा करेगी. एक-एक सीट पर हुई चूक और कारणों की पड़ताल की जाएगी। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद के निर्देश पर विधानसभा सीटों की समीक्षा के लिए जिलावार कमेटी बनायी गयी है। रांची जिले की हटिया विधानसभा सीट पर हार की समीक्षा के लिए रामाश्रय प्रसाद को संयोजक बनाया गया है। अजय सिंह और जवाहर लाल महथा सदस्य बनाए गए हैं।

झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की सहमति के बाद नाम तय किये गये हैं। समीक्षा के लिए बनाई गई कमेटी संबंधित सीट के प्रत्याशी के साथ संबंधित जिला के अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों से बात करेगी। इसके साथ अग्रणी संगठन और विभाग के लोगों के साथ हार के कारणों की समीक्षा होगी।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **एसोसिएट एडिटर-** मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com